kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-87 | गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आमजन काफी उत्साहित हैं और राजग चार सौ से अधिक के लक्ष्य को पूरा करने जा रही है। हमारा लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का और इसको आगे बढ़ाना है। जे.पी नड्डा


ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : ओबीसी आयोग 11

वन संरक्षण के मामले में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : राज्यपाल 12


## संक्षेप

### तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

लखनऊ। ईडी ने बुधवार को रीयल स्टेट का कारोबार करने वाली कंपनी तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीमें प्रयागराज, लखनऊ, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में छापेमारी कर रही है। तुलसियानी ग्रुप पर बैंक और निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। बता दें कि बीते छह दिसंबर को ईडी ने कंपनी के खिलाफ मनी लॉड्रिंग के तहत जांच पड़ताल शुरू की थी। तुलसियानी ग्रुप पर पंजाब नेशनल बैंक और निवेशकों से 30 करोड़ से अधिक की रकम हड़पने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए पीएनबी से 4 करोड़ 63 लाख का कर्ज लिया था। जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो कंपनी के तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर बैंक मैनेजर ने लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में तुलिसियाना ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी और अनिल तुलसियानी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बाद में लखनऊ पुलिस ने अजय और अनिल तुलसियानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक तुलसियानी ग्रुप ने सुशांत गोल्फ सिटी शहीद पथ के पास प्लासियो इम्पीरियल के नाम से अपार्टमेंट बनाए जाने का दावा किया था। लुभावनी स्कीम में फंसकर कई लोगों से लाखों रुपये भी जमा करवा लिए थे। लेकिन उन्हें फ्लैट नहीं दिया गया। पूछे जाने पर तुलसियानी ग्रुप में धमकी भी थी।

### लखनऊ में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा

लखनऊ। लखनऊ में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा। एलडीए के नए ब्लॉक स्थित सभागार में कमिश्नर रोशन जैकब, डीएम सूर्य पाल गंगवार ने प्रेस के माध्यम से मतदाताओं से अबकी बार वोट प्रतिशत 80 तक पहुंचाने की अपील की। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 03 मई रखी गई है। नाम वापसी 6 मई तक होगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लोकसभा चुनाव के लिए दो सीटों और विधानसभा उपचुनाव की एक सीट का नामांकन कलेक्ट्रेट में होगा। इसके लिए तीन कमरों को चुना गया है।

### सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समितियों में 'रुकावटें' एक तरह का 'छिपा हुआ वीटो' है : भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गईं रोक एक प्रकार का 'छिपा हुआ वीटो' है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे।
संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने यह बात कही।

# बुजुर्गों से विरासत में मिली संपत्ति को लूटना चाहती है कांग्रेस : मोदी

## कांग्रेस ने पहले भी की है 'इन्हैरिटेंस टैक्स' की वकालत : पीएम

एजेंसी



हरदा, सागर। पिछले कुछ दिनों से लगातार कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर पार्टी पर हमला बोल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस को देश के सामाजिक मूल्यों का भी अंदाजा नहीं है और अब उसकी नजर उस संपत्ति पर भी है, जो किसी भी व्यक्ति को विरासत में अपने पूर्वजों से मिली है, कांग्रेस अब उस संपत्ति को भी लूटना चाहती है।

'इन्हैरिटेंस टैक्स' (विरासत कर) संबंधित कांग्रेस के एक नेता के विचार को लेकर देश भर में मचे विवाद के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि कांग्रेस की इस टैक्स को लागू करने की पुरानी इच्छा है, पार्टी इसकी पहले भी इसकी वकालत कर चुकी है और कांग्रेस इससे इंकार नहीं कर सकती। श्री मोदी मध्यप्रदेश के हरदा में बैतूल संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसके कुछ ही देर पहले उन्होंने सागर संसदीय क्षेत्र में आयोजित चुनावी सभा में भी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस को जम कर घेरा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे' के एक सलाहकार ने कहा है कि भारत में 'इन्हैरिटेंस टैक्स' लगना चाहिए, यानी आपके दादा-नाना ने जो कुछ भी बचाया है और उनके स्वर्गवास के बाद जो आपको मिलेगा, उसमें से आधा कांग्रेस सरकार हड़पना चाहती है। उन्होंने वहां उपस्थित जनसमुदाय से पूछा कि आपके माता-पिता ने जो छोड़ा है, उस पर आपका अधिकार है या नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बयान पर बवाल के बाद कह रही है कि ये उनके सलाहकार की व्यक्तिगत राय है। इसी क्रम में उन्होंने तथ्यों के हवाले से कहा कि 2011 में भी कांग्रेस ने इस टैक्स की वकालत की थी। तब के एक बड़े मंत्री ने प्लानिंग कमीशन में कहा था कि इस टैक्स पर विचार किया जाए। कांग्रेस की इस टैक्स को लागू करने की पुरानी इच्छा है। उससे कांग्रेस इंकार नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ न कुछ छोड़ने की परंपरा है। हमारे पुरखे नाती पोते की शादी में काम आने के लिए पैसे बचाते हैं। उसे दशकों तक संभाल कर रखते हैं, मुसीबत में भी नहीं निकालते। जाएं तो अपने बच्चों के लिए कुछ छोड़ कर जाएं। अब ये (कांग्रेस) कह रहे हैं कि जो छोड़ोगो, उसका आधा हिस्सा हमारा होगा। उन्होंने कहा कि अब ये साफ हो गया है कि कांग्रेस का मंत्र है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। इसीलिए कांग्रेस से बहुत सावधान रहना है। कांग्रेस के सलाहकार और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के निदेशक सैम पित्रोदा ने इस कर के संबंध में सुझाव दिया था। उन्होंने कहा था कि ● शेष पेज 11 पर

### इंडी वन ईयर, वन पीएम के फार्मूले पर कर रहा काम, पीएम की कुर्सी का चल रहा 'ऑक्शन'

हरदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में प्रधानमंत्री पद के दावेदारों के मुद्दे को लेकर गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस गठबंधन में प्रधानमंत्री की कुर्सी का भी 'ऑक्शन' चल रहा है और इंडी गठबंधन वन ईयर, वन पीएम के फार्मूले पर काम कर रहा है।
श्री मोदी मध्यप्रदेश के हरदा में बैतूल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ हम सरकार बनने के बाद अगले 100 दिन की योजना पर काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन वाले अपना अलग ही राग आलाप रहे हैं। देश में लगातार चर्चा चल रही है कि इस तरफ तो प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मोदी है, पर इस इंडी गठबंधन में कौन प्रधानमंत्री का चेहरा है। इसी क्रम में उन्होंने जनता से पूछा कि इतना बड़े देश है, लोगों को पता तो होना चाहिए कि देश किसके हवाले करना है। लोगों को पता ही नहीं है कि वो देश किसे देना चाहते हैं। ऐसे अंधेरे में तीर कैसे मारा जा सकता है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कुछ खबरों ● शेष पेज 11 पर

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार थमा

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- उत्तर प्रदेश के अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर सु., अलीगढ़ और मथुरा सीटों पर कल पड़ेंगे वोट
- मेरठ सीट पर अभिनेता अरुण गोविल (भाजपा), मथुरा सीट पर अभिनेत्री हेमा मालिनी (भाजपा), गौतमबुद्धनगर सीट पर निवर्तमान सांसद डा. महेश शर्मा के उतरने से मुकाबले दिलचस्प हुए

नयी दिल्ली/लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी , प्रियंका गांधी , कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया। दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व ● शेष पेज 11 पर

# रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता जरूरी: जनरल पांडे

एजेंसी



नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अनुसंधान एवं विकास के बल पर रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और लड़ाकू प्लेटफार्मों तथा प्रणालियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की जरूरत पर बल दिया है।

जनरल पांडे ने बुधवार को यहां एक सेमिनार को संबोधित किया। सेमिनार का आयोजन सेना की ओर से सेंटर फॉर लैंड वारफ़ेयर स्टडीज ने किया था। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी , रक्षा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकी अभूतपूर्व रूप से बढ़ रही हैं। इस तरह यह आधुनिक युद्धों के चरित्र को बदल रही हैं। जनरल पांडे ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सेना को आधुनिक, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस करने की दिशा में प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी हितधारकों, सेनाओं, उद्योग भागीदारों, स्टार्ट-अप, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षा जगत और नीति निर्माताओं से अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने और एक जीवंत राष्ट्रीय रक्षा इको-सिस्टम विकसित करने का आग्रह किया। सेमिनार में सैन्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रौद्योगिकी ● शेष पेज 11 पर

### अखिलेश यादव कन्नौज से लड़ेंगे चुनाव, नामांकन आज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज में नामांकन करेंगे। यह चौथा मौका होगा जब अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे। वह वर्ष 2000, 2004 और 2009 में कन्नौज से लोकसभा सदस्य रहे हैं। बाद में वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया था। उनकी पत्नी डिंपल यादव वर्ष 2012 में हुई उपचुनाव में कन्नौज से निर्विरोध चुनी गई थीं। अखिलेश यादव ने बीते सोमवार को पहले अपने भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज से टिकट दिया था। अखिलेश यादव मौजूदा वक्त में उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह करहल से विधानसभा चुनाव जीते थे। पहले समाजवादी पार्टी ने कन्नौज से लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को मैदान में उतारा था। लेकिन जिला इकाई द्वारा विरोध होने और चुनाव मैदान से अलग रहने के नकारात्मक संदेश न जाएं लिहाजा अखिलेश यादव ने कन्नौज से खुद ही लड़ने का निर्णय किया। गुरुवार को नामांकन के ● शेष पेज 11 पर

# जाति जनगणना राजनीति नहीं मेरे जीवन का मिशन है : राहुल




एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना उनके लिए कोई राजनीति नहीं बल्कि उनके जीवन का मिशन है और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर इसे अनिवार्य रूप से कराया जायेगा।

श्री गांधी ने यहां जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जबसे मैंने जाति जनगणना विचार रखा है, सभी तथाकथित देशभक्त डरे हुए हैं। जाति जनगणना मेरे लिए राजनीति नहीं है, बल्कि यह मेरे जीवन का मिशन है। जैसे ही कांग्रेस सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी, हम तुरंत इसे करायेंगे और यह मेरी गारंटी है।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा है। मीडिया के प्रबंधन स्तर या निजी अस्पतालों और बड़ी कंपनियों में और यहां तक कि न्यायपालिका में भी दलितों, आदिवासियों या ओबीसी की शायद ही कोई उपस्थिति है। उन्होंने कहा मुझे जाति में नहीं बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है। भारत में 90 फीसदी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। हमने कहा कि हमें यह पता लगाने की जरुरत है कि कितना अन्याय हो रहा है और यह केवल जाति जनगणना के जरिए ही संभव है। श्री गांधी ने सवालिया लहजे में कहा,क्या आपको घायल होने पर एक्स-रे की ज़रूरत नहीं है। जनगणना वही एक्स-रे होगी। जैसे ही मैंने एक्स-रे शब्द का इस्तेमाल किया, प्रधानमंत्री और मीडिया के एक खास वर्ग ने मुझ पर देश को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने मीडिया को ● शेष पेज 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट मतों के 'वीवीपैट' से मिलान पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए सभी वोट का 'वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाए गए सवालों के जवाबों का संज्ञान लेने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि ''क्या ईवीएम में लगे 'माइक्रोकंट्रोलर' को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने उन्हें अपराह्न दो बजे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बुलाया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग द्वारा ईवीएम के बारे में 'बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों' (एफएक्यू) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा, ''हमें कुछ संशय है और स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है। उसने कहा, ''हम अपने निष्कर्षों में तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते, बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहते हैं।

## कांग्रेस का इरादा बहुसंख्यकों को बांट कर अपना उल्लू सीधा करने का: योगी

# एससी, एसटी के अधिकारों में घुसपैठ कांग्रेस की मंशा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। कांग्रेस पर बहुसंख्यक समाज को बांटने का सीधा आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मीडिया सेंटर का उदघाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। संप्रग सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। ज्ञातव्य है कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। संप्रग सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। श्री योगी ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों गरीब, किसान, युवा और महिला की बात की है। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। वास्तव में कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरीया कानून लागू करके तालीबानी विध्वंस की समर्थक है। उनके घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। उन्होने कहा कि ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। इसके कारण 1947 में देश का विभाजन हुआ, देश आतंकवाद और उग्रवाद की चपेट में आया। सभी संस्थाएं भ्रष्टाचार में डूब गई थीं। देश में अविश्वास का माहौल खड़ा हो गया था। कांग्रेस फिर से देश को उधर लेकर जाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी नहीं हट पाई, क्योंकि उनके पास इसे लेकर कोई ठोस कार्यक्रम नहीं थे। उनके 19-20 सूत्रीय कार्यक्रम फाइलों में रह जाते थे। योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाते थे। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देने की प्रवृत्ति जो उस समय प्रारंभ हुई थी वो यूपीए के शासनकाल में हमें और विभत्स रूप में देखने को मिला था। 65 साल तक शासन करने के बाद भी उनका पॉलिटिक्स परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं बन पाया। इनकी योजनाएं पिक एंड चूज की थीं, चेहरे देखकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जाता था। अब एक बार फिर दादी के दिये नारे को पोते के द्वारा किस प्रकार से तोता रटंत किया जा रहा है कि हम गरीबी हटाएंगे। ये कैसे करेंगे, इसे इनके घोषणा पत्र में देखा जा सकता है, ये खतरनाक के साथ साथ हास्यास्पद भी है। योगी ने कहा कि ये जनता को तय करना है, क्योंकि देश आपका है, सुरक्षा आपकी है, जीवन आपका है और वोट भी आपका है। आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है। वहीं भाजपा को वोट जाने का मतलब आतंकवाद को सीमापार ही निपटाना। भाजपा को मिलने वाला एक-एक वोट हर व्यक्ति की सुरक्षा, सुशासन और संप्रभुता को सुनिश्चित करता है। भारतीय जनता पार्टी भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की संकल्पना को लेकर आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में दिखेगी डांडिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में लखनऊ लोकसभा सीट पर पूरे देश की नजर है। यहां से भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। उनके नामांकन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उनके नामांकन में भव्य जुलूस के साथ ही डांडिया नृत्य भी होगा।

बुधवार को भाजपा नेता नीरज सिंह से सिंधी समाज के वरिष्ठ जन और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भेंट की। नीरज सिंह ने उनकी बातों को सुना और सिंधी समाज की ओर से नामांकन जुलूस में डांडिया कर खुशी जाहिर करने की बात को स्वीकार कर लिया। लखनऊ में भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति की बागडोर सम्भाल चुके भाजपा नेता नीरज सिंह से सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद लखमानी ने भेंटकर कहा कि भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह जन–जन के नेता हैं और उनके नामांकन जुलूस में सिंधी समाज अपने तौर तरीके से खुशी जाहिर करना चाहता है। इसके लिए जुलूस में सिंधी समाज से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता डांडिया करेंगे। जिसे नीरज सिंह की ओर से सहज स्वीकार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सुबह 10 बजे के करीब बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग और भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता पहुंचेंगे। जन–जन के नेता राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में शामिल होंगे। नामांकन की सूचना को वह स्वयं भी कार्यकर्ताओं के बीच दे रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के कार्यकर्ता भी नामांकन की सूचना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार जोरदार जुलूस निकलेगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी मोबाइल एप बूथ लोकेशन डॉट इन की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में राजेंद्र नगर के नवयुग कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय और मतदाता नोडल अधिकारी मेजर डा. मनमीत कौर सोढ़ी ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार रहे और उन्होंने नये मतदाताओं, शिक्षक व शिक्षिकाओं को मोबाइल एप 'बूथ लोकेशन डॉट इन' की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रभाग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मोबाइल एप 'बूथ लोकेशन डॉट इन' लांच किया है,



जिससे आपको अपने बूथ की जानकारी आसानी से मिल जायेगी। अपने वाहन से मतदाता बूथ तक आसानी से पहुंच जायेंगे। उन्होंने दो पंक्तियां सुनाते हुए मतदान कराने की अपील करते हुए कहा कि पूरी धरा भी साथ दे तो और बात है। पर तू भी अगर साथ दे तो और बात है। चलने को एक पांव पर ही चल रहे हैं हम, पर दूसरा भी साथ दे तो और बात है। प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि मतदान में स्त्रियों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यहां उपस्थित शिक्षिकाएं अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग रहें और बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सेदारी करें। आपके मतदान से घर के और भी लोग प्रेरित हो कर समय से मतदान करेंगे। मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि मतदान हमारा कर्म है, धर्म है। मतदाता जागरूकता अभियान में निबंध, रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, रैली, हस्ताक्षर अभियान, कार्यशाला, युवा संसद कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान करने की अपील की जा रही है। कार्यक्रम में प्रो संगीता कोतवाल, एनएसएस अधिकारी डा. नेहा अग्रवाल, डा. प्रतिमा घोष, प्रो.शोभा मिश्रा समेत तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# सूबे में मौसम का पारा 43 पार, बेपरवाह बेसिक शिक्षा विभाग दो बजे तक विद्यालय संचालन पर अड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददातो

(कानपुर देहात)। सूबे में मौसम का पारा 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। इसके साथ ही लगातार चल रही धूल भरी गर्म पछुआ हवाओं के कारण तपन काफी बढ़ गई है। वहीं इन सबसे बेपरवाह बेसिक शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक विद्यालय संचालन कराया जा रहा है। जबकि शिक्षक और अभिभावक लगातार विद्यालय समय बदलने की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों के समय को लेकर घमासान मचा हुआ है। कुछ जिलों में बीएसए ने समय में बदलाव कर दिया तो बेसिक शिक्षा निदेशक ने रद्द करने का आदेश कर दिया। इसके बावजूद लगातार कई जिले समय में बदलाव कर पढ़ाई के घंटे कम



कर रहे हैं। वहीं ज्यादातर जिलों में अब भी दो बजे तक स्कूल खुल रहे हैं। ऐसे में शिक्षक संगठन लगातार दबाव बना रहे हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए पूरे प्रदेश में समय बदला जाए। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखा है। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुल रहे हैं। स्कूल 19 मई तक खुलने हैं। इधर तापमान अभी से 40 डिग्री के पार होता जा रहा है। ऐसे ही हालात को देखते हुए कुछ जिलों के बीएसए ने समय बदलकर 7:30 से 12:30 बजे तक किया पर बेसिक शिक्षा निदेशक ने यह आदेश किए कि बीएसए अपने स्तर से आदेश न करें। पूरे प्रदेश में एक ही समय रहना चाहिए। स्कूल पूरे प्रदेश में 8 से 2 बजे तक ही खुलेंगे।इसके बाद भी बढ़ती गर्मी और शिक्षकों के बढ़ते दबाव को देखते हुए मऊ, हाथरस, आजमगढ़ और देवरिया सहित कई अन्य जिलों में स्कूलों का समय बदलकर 7:30 कर दिया गया है। कई जगह डीएम ने आदेश किए हैं। वहीं कुछ जिलों में डीएम के आदेश का हवाला देते हुए बीएसए ने निर्देश दिए हैं। अब देखना यह है कि कानपुर देहात जनपद में जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी इस ओर ध्यान आकर्षित करेंगे या नन्हे मुन्ने बच्चे इसी तरीके से भीषण गर्मी में 2 बजे तक स्कूल में पढ़ने के लिए बाध्य रहेंगे।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

बदायूं। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के सकतपुर गांव में बुधवार को एक युवक का शव संदिग्ध हालात में फंासी के फंदे पर लटका मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव फंासी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। गांव सकतपुर के रहने वाले रमेश का 18 साल का बेटा सोनू को पड़ोस के गांव के रहने वाले कुंवरपाल की बेटी की शादी में गांव के ही दो युवक बुलाकर ले गये। सोनू रात भर घर नहीं पहुंचा तो बुधवार सुबह परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। सोनू का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला। जब सोनू के घरवालों ने दोनों युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि सोनू का शादी समारोह में चार युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद सोनू के परिजनों ने उसकी हत्या कर उसके शव को पेड़ पर लटकाए जाने की आशंका जताई है। सोनू की मौत के बाद परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी इस्लामनगर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची इस्लामनगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में जो भी तथ्य निकल कर आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रीस दूतावास ने संस्कृति विवि के प्रोफ़ेसर को किया सम्मानित

एजेंसी

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के दो प्रतिष्ठित प्रोफ़ेसर, सेंटर फॉर एप्लाइड पॉलिटिक्स के निदेशक डॉ. रजनीश त्यागी और पर्यटन और आतिथ्य के डीन स्कूल प्रो. रतीश कुमार को नई दिल्ली में ग्रीस दूतावास द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय और विभिन्न प्रतिष्ठित ग्रीस शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सहयोगात्मक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित यह कार्यक्रम ग्रीस के विजिटिंग प्रोफ़ेसरों के सम्मान में आयोजित किया गया था, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) द्वारा आयोजित 'ग्रीस और भारतः इतिहास, समाज, विज्ञान और उद्यमिता' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे थे। राजनयिक माहौल के बीच, डॉ. रजनीश त्यागी और प्रो. रतीश कुमार को भारत में ग्रीस के राजदूत अलिकी कौत्सोमिटोपोलू के साथ चर्चा करने का सम्मानित अवसर मिला। उनकी बातचीत संस्कृति विश्वविद्यालय और विभिन्न प्रतिष्ठित यूनानी शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सहयोगात्मक प्रयासों के इर्द-गिर्द घूमती रही। विशेष रूप से, संस्कृति विश्वविद्यालय को पिछले वर्ष ग्रीस सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गई थी, जिससे एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि हुई और शिक्षा और अनुसंधान में द्विपक्षीय सहयोग के रास्ते को बढ़ावा मिला। राजदूत कौत्सोमिटोपोलू ने भारतीय और यूनानी शैक्षिक प्रतिष्ठानों के बीच बढ़ती साझेदारी को और मजबूत करने के लिए संस्कृति विश्वविद्यालय का दौरा करने में अपनी गंभीर रुचि व्यक्त की। पिछले वर्ष संस्कृति विश्वविद्यालय और अंतर्राष्ट्रीय हेलेनिक विश्वविद्यालय और एथेंस के कृषि विश्वविद्यालय सहित प्रमुख यूनानी विश्वविद्यालयों के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। ये समझौते विभिन्न विषयों में अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान पहल और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का संकेत देते हैं।

## 20 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

(कानपुर देहात.) । लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब बरामदगी की दिशा में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गजनेर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 20 लीटर कच्ची नाजायज देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर,आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण व पअवैध शराब बरामदगी की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना गजनेर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सनी गौतम पुत्र हरिश्चन्द्र गौतम निवासी ग्राम शाहजहांपुर निनांया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात को 20 लीटर कच्ची नाजायज देशी शराब के साथ लिंक रोड ग्राम शाहजहांपुर निनांया रायपुर गजनेर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया । गजनेर पुलिस ने बताया है किगिरफ्तारी व बरामदगी के अभियुक्त के विरुद्ध थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 96/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है एवं उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में प्र0नि0 दिलीप कुमार बिन्द थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात,उ0नि0 राम सिंह थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात, का0 498 बोबी सिंह थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात, का0 147 अंकित कुमार थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात का सराहनीय योगदान रहा।

## घर में घुसे गुलदार का वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू

बिजनौर। जनपद में वन विभाग नगीना रेंज के अंतर्गत रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम सादकपुर में एक ग्रामीण के घर में घुसे गुलदार को वन विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। मालूम हो कि साबिर पुत्र लियाकत के घर के खुले आंगन में गुलदार होने तथा उक्त गुलदार को करीब 200–300 ग्रामीणों द्वारा घेरे होने की सूचना समय लगभग पौने दो बजे वन विभाग को प्राप्त होने पर टीम सभी तैयारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंची जहां बड़ी संख्या में घर को ग्रामीणों ने घेरा हुआ था। मौके पर रेंज स्टाफ को पुलिस बल से समन्वय स्थापित करते हुए भेजा गया । ग्रामीणों की भारी भीड़ को द्वारा समझा–बुझाकर घटना स्थल से दूर किया गया ।किसी भी अप्रिय घटना को टालने तथा वन्य जीव के सुरक्षित रेस्क्यू हेतु घर एवं आंगन को चारों और से कार्डन ऑफ कर गुलदार को जाल /खाबड़ एवं टी स्टिक की सहायता से सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया जहां से गुलदार को पिंजरे सहित मौके से सुरक्षित निकालकर अमानगढ़ रेंज कार्यालय केहरीपुर ले जाया गया है। वन अधिकारियों के अनुसार गुलदार पूरी तरह से स्वस्थ है । वन विभाग द्वारा रेस्क्यू किए गए गुलदार का चिकित्सा परीक्षण कराये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इस मामले की वन विभाग द्वारा उच्च स्तर पर भी जानकारी दी गई है ।

## पौधा किस्म विकास समझौता से देश के किसानों की आय में होगी वृद्धिः डॉ.आनंद कुमार सिंह

कानपुर । चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर और नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड के बीच सहयोग का उद्देश्य प्रदेश और देश भर के समान क्षेत्रों की विशिष्ट कृषि–जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप नई किस्मों और संकरों को पेश करके किसानों की आय को बढ़ाना है। यह बात बुधवार को सीएसए के कुलपति आनंद कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष टिकाऊ कृषि के लिए नवीन समाधान प्रदान करने हेतु अनुसंधान और विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। यह सहयोग टिकाऊ कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और बढ़ती हुई उत्पादकता और लाभप्रदता के लिए नवीन समाधानों के साथ किसानों को सशक्त बनाएंगे। सीएसए अपनी स्थापना के बाद से कृषि अनुसंधान, शिक्षण एवं प्रसार गतिविधियों में सबसे आगे रहा है। जबकि नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड देश की एक अग्रणी बीज कंपनी है। बेहतर पौधों की किस्मों को विकसित करने, बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और वितरण में इसकी विशेषज्ञता है। इससे पूर्व चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर और नुजिवीडू सीड्स लिमिटेड हैदराबाद ने पौधों की किस्मों और संकर किस्मों के संयुक्त विकास की दिशा में सहयोगात्मक यात्रा शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) को औपचारिक रूप दिया है। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह एवं नुजिवीडू सीड्स के वाइस चेयरमैन ऋषि अरोड़ा द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ पी. के. सिंह उपस्थित रहे।

## कक्षा एक में बच्चों के प्रवेश पर गुरूजनों को छूट रहा पसीना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कानपुर देहात)। परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक में दाखिले का नया नियम शिक्षकों के लिए मुसीबत बन गया है। ऐसे में शिक्षकों को लक्ष्य हासिल कर पाना और स्कूल में नामांकन बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक में बच्चों के प्रवेश करने में शिक्षक स्टॉफ को पसीना छूट रहा है। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम जारी की गई गाइडलाइन के तहत छह वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश होता है। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल प्री-नर्सरी कक्षा पांच व इससे कम उम्र के बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। निजी स्कूलों की भरमार के कारण परिषदीय स्कूलों में हर साल नामांकन में कमी देखने को मिल रही है। इस कारण शिक्षकों को एक-एक नामांकन के लिए जोर लगाना पड़ रहा है। शैक्षिक सत्र 2024-25 शुरू होते ही नए शिक्षा सत्र में भी अपेक्षित प्रवेश होना मुश्किल लग रहा है। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया तो शुरू है लेकिन शिक्षक शिक्षिकाओं को कक्षा एक में प्रवेश के लिए छह वर्ष के उम्र वाले बच्चे ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। शिक्षक ग्राम प्रधानों के सम्पर्क में रहकर अभिभावकों से मिलकर नामांकन अधिक से अधिक बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं परिषदीय विद्यालय में पहुँचने पर छह वर्ष की आयु पूरी होने पर ही बच्चों को प्रवेश दिए जाने की बाध्यता बताकर शिक्ष्पाक हाथ खड़े कर देते हैं। इसके विपरीत निजी स्कूलों में प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी में इससे कम उम्र के बच्चों को भी प्रवेश दे दिया जाता है। जिससे परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक के बच्चों की संख्या पूरी कर पाना शिक्षकों के लिए टेढी खीर बनता जा रहा है। वहीं शिक्षकों के मुताबिक पिछले सत्र में छह वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के प्रवेश कर लिए गए थे। जिससे इस बार भी निर्धारित उम्र के बच्चे गाँवो में नहीं मिल पा रहे हैं। अभिभावक भी चिंतित हैं क्योंकि वे पांच वर्ष की उम्र पूरी होते ही हरहाल में बच्चों को विद्यालय भेजना चाहते हैं लेकिन नए सत्र में जारी हुई गाइडलाइन के तहत बच्चों की उम्र पांच से बढ़ाकर छह वर्ष वाले बच्चों के परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश करने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## बीजेपी ने बीकेटी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन किया आयोजित

एजेंसी

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024को लेकर बुधवार को बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का बूथ सम्मेलन बीकेटी सीतापुर रोड़ स्थित आद्य लॉन में आयोजित हुआ।जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बूथ अध्यक्षों में जोश भर कर गुरू मंत्र देते हुए उन्हें विपक्षी पार्टियों को अपनी ताकत दिखाने की बात कही।मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि चुनाव में बूथ अध्यक्ष की अपने बूथ पर अहम भूमिका होती है,बूथ अध्यक्ष का कोई काम छोटा नही होता है वह देव दुर्लभ पार्टी का कार्यकर्ता होता है।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने किया,इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों को इस बार अपने अपने बूथ पर पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले वोटों से 370 वोट प्लस बढ़वाना है।उन्होंने कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के सामने रखें और बीजेपी के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध करें।लोकसभा प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में मोहनलाल गंज सीट से




90हज़ार वोट से जनता ने जिताया था,इस बार उससे ज्यादा वोटो से जिताने का काम बूथ अध्यक्ष करेंगे।उन्होंने कहा कि सभी को समाज के हर एक व्यक्ति से मिलना है।2014 से पहले देश के क्या हाल थे और आज क्या हाल है,इन सभी चीजों को जनता के सामने रखना है।विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह ने कहा कि 2014 से पहले घरों में माताएं बहनें चूल्हे पर खाना बनाती थी,चूल्हे से निकलने वाले धुएं से उनकी आंखे ख़राब हो जाया करती थी उसकी चिंता करते हुए मोदी जी ने देश में सबसे पहले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत फ़्री में गैस कनेक्शन,स्वास्थ को लेकर प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना ,कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जिसका लाभ पात्र लोगों को मिला है।उन्होंने कहा कि कौशल किशोर जी ऐसे सांसद है जिनको अगर कोई भी कार्यकर्ता या आम आदमी जरूरत पड़ने पर अगर रात बारह बजे भी याद करता करता है और फ़ोन करता है तो उनका फ़ोन उठता है और उसकी समस्या का हर संभव समाधान का प्रयास करते है,इसलिए जनता ऐसे प्रत्याशी को लोकसभा भेजे जो 24घंटे जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहे।बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए,विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत एवं विश्व में नंबर 1भारत बनाने के लिए,राष्ट्रनिर्माण में योगदान करते हुए हर बूथ में शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में कराने की अपील सभी बूथ अध्यक्षों/मंडल अध्यक्षों से किया।इस मौक़े पर एमएलसी अवनीश पटेल,ज़िला सहकारी बैंक लखनऊ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,सहप्रभारी बलीराम वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी,लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू ,विधानसभा संयोजक विवेक सिंह,जिलाउपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, मंच संचालक निखिल मणि तिवारी,बूथ अध्यक्ष/शक्ति केंद्र संयोजक सहित पार्टी के अन्य नेता कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मोहनलालगंज से कौशल किशोर को 5 लाख वोटों से जीताकर दर्ज करें ऐतिहासिक जीत : डिप्टी सीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महमूदनगर स्थित रजवाडा लॉन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा व कंाग्रेस पर तीखे हमले किये। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 में मोदी जी हवा, 2019 में आंधी तो 2024 में तूफान चल रहा है। इस तूफान के आगे किसी के टिकने की हिम्मत नहीं है। पूर्व की सरकार में केन्द्र सरकार से लाभार्थियों को 100 रुपये में से मात्र 15 रुपये ही मिलते थे। बाकी 85 रुपये बीच के लोग ही खा जाते थे लेकिन मोदी जी ने सीधे पात्रों के खाते में रुपये डालने का काम किया। जिससे लोगों को पूरा रुपया मिल रहा है। 2014 से 2024 तक 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में डाले गये है। पूर्व की सरकारों में 5 लाख करोड़ रुपया ही लोगों को मिलता था शेष 29



लाख भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। डिप्टी सीएम ने बूथ अध्यक्षों में जोश भरते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी जी का डंका बज रहा है, सपा,बसपा व कंाग्रेस के लोग तिलमिलाए हुए है। उन्होंने कहा कि मोदी जी पर लोगों को भरोसा है, सपा,बसपा कंाग्रेस धोखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज गोली का जवाब गोला से देता है। भारत अब घर में घुसकर दुश्मनों को मारने का काम करता है। पूर्व की सरकारें तुष्टीकरण की राजनीति करती थी वह अब पूरी तरह खत्म हो गयी है। सपा बसपा व कंाग्रेस आईसीयू में पड़ी है। इसलिये इन्हें अब आक्सीजन देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 400 पार का नारा देते हुए अपील की कि मोहनलालगंज से कौशल नहीं मोदी-योगी व केशव प्रसाद मौर्य चुनाव लड़ रहे है। इसलिये इस बार यहां के प्रत्याशी कौशल किशोर को 5 लाख वोटों से जिताने के साथ सपा बसपा की जमानत जब्त करने का काम करें। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बूथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि आज सपा, कंाग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां कहती है भाजपा संविधान का अपमान कर रही है। कंाग्रेस पार्टी ने वर्ष 1975 में संविधान का अपमान करने का काम किया था। विपक्षी पार्टियां यह नहीं चाहती है कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। क्यूंकि विपक्षी पार्टियां जनविरोधी है। वह सबका विकास होता नहीं देखना पसंद करती। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक जयदेवी कौशल, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू, ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा, नीतू यादव, विकास किशोर आशू, मीनू वर्मा,रामकुमार राही, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, रोहित साहू, ज्ञान ठाकुर, नवीन यादव, जितेन्द्र गौतम, सर्वेश रावत, सुभाष पाल, संतोष कुमार लोधी, ओमप्रकाश साहू, चन्द्रशेखर कनौजिया, सुमित यादव, विमल यादव सहित माल, रहीमाबाद,मलिहाबाद व काकोरी के मण्डल अध्यक्ष सहित बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## गौमांस की तस्करी करने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

जालौन। यूपी एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने गोमांस की तस्करी करने वाले पचास हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने उसके चार साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद से ही इनामी बदमाश को पुलिस सरगमी से तलाश रही थीं। पुलिस के मुताबिक, गोमांस की अवैध बिक्री करने को लेकर 21 दिसम्बर को 21 हजार किलो गोमांस के पैकेज लेकर एक कंटेनर टोल प्लाजा से निकल रहा था। सूचना पर एसटीएफ एवं पुलिस ने उस कंटेनर को पकड़ा था। इस दौरान चार आरोपित पकड़े गए थे, जिन्हें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इस गिरोह का मुख्य सरगना फरार था, जिसे पकड़ लिया गया। आरोपित मोहम्मद लईक, मकान नम्बर एक गली नम्बर नौ ब्रजपुरी एक्सटेंशन परवाना रोड थाना जगतपुरी ईस्ट दिल्ली का रहने वाला है। अभियुक्त लईक ने बताया कि वह व उसके साथी गोमांस किशनगंज बिहार से पैकिंग करके फर्जी बिल्टी व अन्य दस्तावेज तैयार करके चेन्नई के रास्ते जहाज के माध्यम से गल्फ देश

# जनविरोधी है कांग्रेस का घोषणा पत्र : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखीमपुर खीरी में धौरहरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए उन्हें ऐतिहासिक विजय दिलाने की जनता से अपील की।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस की पिछली सरकारें आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई थीं। परिवारवाद चरम पर था। आज देश में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। देश हर मोर्चे पर तरक्की कर रहा है। यह पीएम मोदी की गारंटी है कि हम विकसित भारत के सपने को साकार होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने जयघोष किया 4 जून को 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र जनविरोधी है, कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर नागरिक की संपत्ति की जांच कराने की भी बात है। कांग्रेस की मंशा जनता की संपत्ति को जब्त करके उन लोगों को देने की है, जो देश में घुसपैठिये हैं व देश में दंगा फैलाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा है कि यादि इंडी गठबंधन की सरकार बनती है तो भारत में अमेरिका जैसा कानून लाया जाएगा। जिसमें देश की जनता की पैतृक संपत्ति को जब्त किया जाएगा।

पाठक ने कहा कि देश की जनता अबकी बार 400 पार तथा यूपी की जनता 80 का उपहार भाजपा को देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति बनायेंगे और भ्रष्टाचारियों को सीखचों के पीछे पहुंचाएंगे।

# पीडब्ल्यूडी एवं सिंचाई विभाग की जमीन पर खड़ी हो गई किंग हॉस्पिटल की तिमंजिला इमारत

**अस्पताल के साथ ही दुकानें बनाकर वसूला जा रहा किराया**

**जल्द ध्वस्त किया जाएगा जा सकता अवैध निर्माण**

## जिला प्रशासन की जांच में हुआ खुलासा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। दबंगों ने कुछ वर्ष ग्राम पंचायत एटीए काकोरी में दुर्गागंज स्थित हरदोई व कस्बा काकोरी जाने वाली सड़क के किनारे कार्नर पर कुछ जमीन खरीद कर तीन मंजिला इमारत खड़ी कर दी।उक्त जमीन के साथ ही दबंग ने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर भी कब्जा कर लिया।इसके बाद इमारत के बाहर दुकानों का भी अवैध रूप से निर्माण करा दिया।शिकायत पर जिला प्रशासन की टीम बुधवार को पहुंच कर जाँच की,तो बड़ा खुलासा हुआ।

काकोरी विकास की ग्राम पंचायत अतिरिक्त टाउन एरिया काकोरी के दुर्गागंज में हरदोई रोड और दुर्गागंज से कस्बा काकोरी जाने वाली सड़क के किनारे कॉर्नर पर तीन मंजिला इमारत और कम्प्लेक्स स्थित है।इसी इमारत में किंग हॉस्पिटल चलता है।साथ ही इमारत के बार दर्जन भर दुकाने बनी हुई हैं।जिसमें किराए पर लेकर लोग अपना व्यापार चला रहे है।ये इमारत और हॉस्पिटल कस्बा काकोरी के निवासी कदर अहमद खान की है।राजस्व अभिलेख के अनुसार खसरा संख्या 768 नम्बर सड़क के नाम दर्ज है।जिसके हिस्से पर करीब 40 प्रतिशत किंग हॉस्पिटल और 20 प्रतिशत जमीन पर हॉस्पिटल के मालिक की दुकानों का निर्माण है।जोकि सम्पूर्ण रूप से अवैध है।काकोरी के पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव यादव ने अवैध निर्माण की शिकायत जिला प्रशासन और मण्डला आयुक्त सहित शासन के कई उच्चाशिकारियों से 12 अप्रैल 2024 को की थी।जिस पर जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश दिया था।बुधवार को मजिस्ट्रेट शैब्या मिश्रा के नेतृत्व जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर जाँच पड़ताल किया जिसमें बहुत बड़ा खुलासा हुआ।जाँच टीम में राजस्व निरीक्षक राजेश सिंह, प्रांजुल द्विवेदी,विजय सिंह,कुलदीप कुमार,आसिफ शेख आदि लोग मौजूद रहे।

# ऋषि का सद्साहित्य छात्र-छात्राओं के जीवन में नैतिक शिक्षा का विकास करता है: उमानंद शर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, गोयल कैम्प्स फैजाबाद रोड, लखनऊ उ.प्र.'' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 407वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री ऊषा सिंह ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. राजेन्द्र सिंह की स्मृति में भेंट किया साथ-साथ उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि का सद्साहित्य छात्र-छात्राओं के जीवन में नैतिक शिक्षा का विकास करता है वी.के. श्रीवास्तव ऊषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या रीना पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री देवेन्द्र सिंह, वी.के. श्रीवास्तव ऊषा सिंह, संस्थान की प्रधानाचार्या रीना पाठक, उप प्रधानाचार्य सुशांत श्रीवास्तव, सहित शिक्षक/शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव 26 अप्रैल को पूर्वी विधानसभा से भरेंगे चुनावी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के नामांकन की तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा लखनऊ महानगर और पार्टी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी नामांकन कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुट गए हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पूर्वी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी 26 अप्रैल को नामांकन कर चुनावी मैदान में हुंकार भरेंगे। नामांकन पत्र भरने की औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है साथ में नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिये कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दी है। मण्डल, वार्ड, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर भाजपा उम्मीदवार के नामांकन जुलूस में भाग लेने की अपील की जा रही है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बुधवार को महानगर कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के साथ नामांकन कार्यक्रम को भव्य बनाने की रणनीति पर चर्चा की। लखनऊ महानगर की टीम ने भी नामांकन पत्र भरने वाले दिन के लिये विभिन्न जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को नामांकन जुलूस में शामिल होने की अपील भी की गई है। पूर्वी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी वृहद विचार-परिवार, संगठन परिवार, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव 26 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे श्री हनुमान सेतु मंदिर पर भगवान के दर्शन करेंगे, इसके बाद मंदिर पार्किंग से जिला कचहरी के लिए नामांकन जुलूस के साथ निकलेंगे। नामांकन के बाद पूर्वी विधानसभा के विभिन्न वार्डों, बाज़ारों, प्रमुख चौराहों, मोहल्लों से होते हुए विधानसभा के इंदिरानगर ईश्वरधाम मंदिर के सामने स्थित अपने चुनाव कार्यालय पहुंचेंगे।

# दक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट द्वारा विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

पीजीआई ।लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रूचि खंड दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर पर श्रीदक्षिणमुखी बालाजी ट्रस्ट संरक्षक संजय तिवारी एवं अध्यक्ष पं रमेश मिश्रा द्वारा मंगलवार को हनुमान जयंती अवसर पर मंदिर प्रांगण में विधि विधान संग पूजन कर सुन्दरकाण्ड एवं भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ृ इस अवसर पर असंख्य संख्या में क्षेत्रीय लोगो एवं श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया ।इस अवसर पर आयोजक द्वारा सॉफ्ट ड्रिंक भी भंडारे में वितरित किया गया आयोजित भंडारे में मुख्य सहयोगियों में राकेश तिवारी, अनुज शुक्ला, अभय,हिमांशु. सुजीत तिवारी,रंजीत. आकाश. सौरभ अतुल तिवारी आदि लोग सम्मलित रहे ।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान के लिए की पहचान कॉन 3.0 रिलीज की घोषणा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान PehchaanCon 3.0 को रिलीज किए जाने की घोषणा की। इससे पहले के दो संस्करणों की शानदार सफलता तो आगे बढ़ाते हुए, इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफ़ेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं। बैंक ने फ्घ्द्धद्धदद्धथथद्वएधद्व अभियान के तीसरे चरण 3 में जाने-माने अभिनेता, कुणाल रॉय कपूर द्वारा अभिनीत दो नई विज्ञापन फ़िल्में रिलीज़ की हैं। हँसी-मज़ाक के साथ जानकारी से भरे कंटेंट्स वाले ये वीडियो बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति यहाँ तक कि हमारे बीच का सबसे स्मार्ट और सबसे प्रभावशाली व्यक्ति भी किस तरह से अंत में धोखे का शिकार बन सकता है। इस मौके पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि आजकल लोगों को ठगने के उद्देश्य से की जाने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी बड़ी सामान्य बात हो गई है और यह खतरा लगातार बना हुआ है। इसके अलावा, नई तकनीक के आने के बाद से पैसों की ठगी करने वाले लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इसलिए, सबसे जरूरी बात है कि हम सभी बहुत ज्यादा सावधानी बरतें और संभावित धोखाधड़ी/स्कैम की पहचान करना सीखें।

# सरकारी जमीनों पर किए जा रहे अवैध कब्जो को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकारी जमीनों पर किए जा रहे अवैध कब्जों के मामले मे भाकियू (टिकैत) के एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और अवैध कब्जों को हटाए जाने संबंधित ज्ञापन सौंपा।यूनियन के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि गोसाईगंज क्षेत्र के सलेमपुर ,रहमतनगर ,गौरिया आदि ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों पर किये जा रहे हैं । सलेमपुर में गाटा संख्या 1424 , 1422 , 1423 , 1425 , 1410 ,1415 पर सारथी इन्फ्रा होम्स कन्स्टक्शन प्राइवेट लिमिटेड व अन्य कंपनियों द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है।अवैध कब्जो के मामलो मे राजस्व कर्मियों की मिली भगत बताई जा रही है।भाकियू नेता के अनुसार इस संबंध मे कई बार शिकायती पत्र दिए गए इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही की गयी।संगठन की ओर से उक्त प्रकरणों की टीम बनाकर जांच के बाद निस्तारण और अवैध कब्जे - दारो पर कार्य वाही की मांग की गई ।उप जिला अधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल मंडल मे पूर्वांचल उपाध्यक्ष सरदार दिल राज सिंह ,वरिष्ठ मण्डल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष आलोक बर्मा, आदि कई पदाधिकारी एवम किसान नेता मौजूद रहे।

# अपनी हार को देख बौखला गयी है भाजपा: अजय राय

लखनऊ,। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस चुनाव में हार सामने देखकर पूरी भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है और कांग्रेस पर अनर्गल आरोप लगा रही है। कांग्रेस पार्टी ने अभी से घोषित कर दिया है कि आगामी चार जून को चुनाव जीतने के बाद जून माह में ही 30 लाख नौकरियों का विज्ञापन निकाल नियुक्तियां भी कर देगी। भाजपा को इससे तकलीफ है।अजय राय ने कहा कि उनकी पार्टी गरीब महिला को एक लाख रुपये, बेरोजगार नौजवानों को पहला रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ एक लाख रुपये भी देगी। मजदूर को कम से कम 400 रुपये तथा बीमा देगी तो वहीं किसानों को एमएसपी और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वयन करके देगी। भाजपा इन सब कल्याणकारी कार्यों को बहुसंख्यक समाज के खिलाफ बता रही है।

# अब चर्चा में है स्कूलों तक मध्यान्ह भोजन पहुंचाने वाले वाहनों पर पी एम का फोटो




लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोक सभा के चुनाव का समय है ऐसे में लोगो की निगाहे सरकारी कार्यो पर लगी हुई है।प्राइमरी और उच्च प्राइमरी स्कूलों तक बच्चो का भोजन पहुंचाने वाले वाहन भी चर्चा का विषय बन गए हैं।लोगो का मानना है कि स्कूलों के बच्चो को भोजन तो पहुंचना चाहिए लेकिन उस पर पी एम की तस्वीर नही होना चाहिए।इस बात की चर्चा गोसाईगंज कस्बे के पूर्व माध्यमिक स्कूल मे भोजन पहुंचाने के लिए गए वाहन को देखकर शुरू हुई।देखने वालो ने भुजन वितरक वाहन का फोटो खींचा और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।अब मामला गरम हो गया। हर तरफ से सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या यह उचित है। भोजन वितरक वाहन पर पी एम के चित्र वाले उचित है या नही यह जानने के लिए उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज से संपर्क करने का प्रयास किया गया।रिंग बजती रही लेकिन दूसरी ओर से मोबाइल फोन रिसीव नहीं किया गया।इसी मामले में भाकियू टिकैत के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि चुनाव के समय चाहिए तो नहीं लेकिन देश के प्रधान मंत्री को कौन रोक सकता है।उसका फोटो तो कहीं लगाने से रोक ले।

# परवरिश स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान, निकाली जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल में मतदान जागरूकता अभियान को बढ़ावा देते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें स्कूल की डायरेक्टर डा कुसुम कमल ने बताया कि बुधवार को स्कूल के दिव्यांग बच्चों के द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें यह रैली स्कूल प्रांगण से शुरू होकर शहर के विभिन्न स्थानों तक गई और लोगो को मतदान के लिए जागरूक भी करती रही, इसके बाद कई जगहों का भ्रमण करने के बाद इस जागरूकता रैली का समापन स्कूल प्रांगण पर हुआ। जागरूकता रैली के दौरान बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान का संदेश 'मेरा वोट, मेरी पहचान सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'मतदान मेरा अधिकार' आदि के संदेश दिए। डॉ कुसुम कमल ने विद्यालय के समस्त बच्चों और शिक्षको को मतदान के अहमियत की जानकारी देने के साथ ही उसके महत्व से उन्हें अवगत कराया। बच्चो और समाज के लोगो से आगे बढ़ने एवं इन्हे भी समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करे।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सम्मान समारोह का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजेन्द्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो़फ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संयोजन एवं संचालन मतदाता नोडल अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भारत निर्वाचन आयोग के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा नागरिकों की जानकारी हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली मोबाइल थ्धधप्द्धद्यधदथप्द्वधद्व.द्वद्व की तथा छात्राओं को इसे प्रयोग करने की विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार से हम घर बैठे ही इस ऐप के माध्यम से अपनी बूथ संख्या, क्रम संख्या संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो़फ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में इस बात पर बल दिया कि पहले मतदान, फिर जलपान इसके साथ उन्होंने मतदान में स्त्रियों की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया और अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं महाविद्यालय परिसर में सुंदर रंगोली बनाकर भी मतदान करने की अपील की गई एवं मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# ज़ोन 6 में एलडीए की कार्यवाही, अवैध निर्माण किया सील





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण व अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की लगातार जारी कार्यवाही से अब अवैध रूप से निर्माण व प्लाटिंग करनें वालों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

अवैध रूप से काम करने वाले लोगों में यह बात घर कर गई है कि वह चाहे जितना भी अपने रसूक का इस्तेमाल कर लें लेकिन प्राधिकरण उन्हें अवैध रूप से निर्माण व प्लाटिंग का कार्य नहीं करने देगा। प्राधिकरण द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही के दौरान मंगलवार को भी प्रवर्तन दल ने ज़ोन 6 में अवैध निर्माण पर कार्यवाही करते हुए उसे सील कर दिया। हसनगंज थाना क्षेत्र के बाबू बनारसी दास वार्ड में वक़ार खान व हफ़ीज़ अंसारी द्वारा अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था जिसको रोकने के लिए प्राधिकरण द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए थे। काम रोकने का नोटिस जारी होने के बावजूद भी निर्माणकर्ताओं द्वारा चोरी छुपे रातों को काम जारी रखा गया जिसके बाद विहित न्यायालय द्वारा इस निर्माण को सील करने के आदेश जारी किए गए थे जिसके चलते मंगलवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय पुलिस के सहयोग से इस अवैध निर्माण को सील कर दिया।

# मलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए अस्पतालों व स्कूलों में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अब प्रति हजार एक से कम मलेरिया मरीज मिल रहे हैं। 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग इसे शून्य श्रेणी यानी मलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए अस्पतालों स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस साल का थीम अधिक नयायोचित विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना है। अपर निदेशक मलेरिया डॉ सईद अहमद ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखकर जनजागरूकता के लिए सभी जरूरी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

पत्र के मुताबिक वर्ष 2027 तक देश-प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए बीमारी की रोकथाम व इस रोग के संबंध में जागरूकता बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसमें जनता को शुरुआती लक्षणों, सावधानियों और उपचार विकल्प के बारे में शिक्षित करना शामिल है। उन्होंने विद्यालयों के छात्रों के माध्यम से जनपद में जागरूकता रैली निकालने, हर रविवार मच्छर पर वार अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करने और जनसमुदाय को मच्छर के प्रजनन स्थल व जल पात्रों को खाली करने के बारे में अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ विकास सिंघल ने लोगों से अपील किया कि मलेरिया उन्मूलन में सामुदायिक सहभागिता जरूरी है। किसी को मच्छर नजर आए तो उसको भगाने के उपाय करने चाहिए। अपने आसपास साफ सफाई रखना चाहिए। अगर बुखार आ जाए तो खुद इलाज न करें। पास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर से परामर्श करें।

**बचाव के उपाय**

- लक्षण महसूस होने पर तुरंत जांच कराएं
- दवाएं डाक्टर के परामर्श पर ही लें
- मच्छरदानी का प्रयोग करें
- आसपास पानी का जमाव न होने दें
- पानी के बर्तनों को ढककर रखें
- कूड़ेदान का प्रयोग करे और ढक्कन खुला न रखें
- शयनकक्ष में कीटनाशक का छिड़काव भी कर सकते हैं

# नगर पालिका खैराबाद के कर्मचारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। नगर पालिका क्षेत्र खैराबाद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से वोट देने की अपील की गई। वहीं मतदान के महत्व को बताया गया।

रैली में नगर पालिका कर्मियों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हमसब मतदान'' आदि नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश भी दिया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने लोगों से कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर सभी मतदाताओं के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की जरूरत है। मतदान संवैधानिक अधिकार है जो देश के प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। अधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचलकर राष्ट्र के निर्माण में अपने मत का प्रयोग करें।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 13 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर बुधवार की सुबह नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता की अगवाई में नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ रैली ढोल नगाड़ों के साथ नगर के विभिन्न चौराहा व मोहल्ले का भ्रमण किया। रैली नगर पालिका से चलकर पुरानी बाजार होते हुए कुलहन सराय, अर्जुनपुर ,कटरा , नहीं बाजार रास्ते होते हुए कस्बाती टोला, पोलीपुर, महेंद्र टोला, सहित अन्य मोहल्ले के मुख्य मार्ग होते हुए नगर पालिका कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सफाई एवं खाद निरीक्षक मनोज कुमार राणा,नदीम आलम लिपिक रामकुमार, जयप्रकाश, नंदकिशोर ,बालक राम,धीरज, सहित निकाय के कर्मचारी एवं अन्य जनमानस नागरिकों की सहभागिता रही।

# शिक्षा के क्षेत्र में गांजर बन चुका है मेधावियों का हब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रेउसा सीतापुर। बात जब शिक्षा की आती है तो गांजर का नाम शीर्ष स्थान पर आता है फिर महमूदाबाद का सीता इंटर कॉलेज हो या सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज फिर रेउसा क्षेत्र के प्रख्यात विद्यालय श्री रघुनाथ जी एकेडमी इन सभी विद्यालयों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिसके चलते गत दिवस रेउसा क्षेत्र के श्री रघुनाथ जी एकेडमी विद्यालय परिवार ने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र / छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए नगर भ्रमण का कार्यक्रम किया। रेउसा के चारों मार्गों पर ढोल-नगाड़े के साथ मेधावियों का, नगर की जनता ने जोरदार स्वागत किया।

नगर भ्रमण के पश्चात बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में प्रति छात्र 5000 रूपए की नगद धनराशि, ट्राफी एवं पुरस्कार प्रदान करके अलंकृत किया गया। विद्यालय की प्रबन्धिका श्रीमती भावना मिश्रा एवं प्रधानाचार्य श्री मुनीश जौहरी ने अपनी स्पीच द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर विद्यालय में श्री एस.एस. मल जी, एकेडमिक हेड श्री प्रभात त्रिवेदी जी, को-ऑर्डिनेटर श्रीमती प्रगति मिश्रा जी, गणित विषय के अध्यापक श्री अवधेश जी एवं समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे।

गणित विषय के अध्यापक अवधेश जी के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्रा सृष्टि सिंह ने कक्षा-10 में गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया है।

# महेंद्र सिंह यादव समेत ग्यारह प्रत्याशियों ने किया नामंकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नामांकन छठे दिन 07 नामांकन आज दिनांक-24 अप्रैल 2024 को राजेश कुमार वर्मा (भाजपा), श रामकुमार मिश्र (प्रजाशक्ति पार्टी समदर्शी), महेन्द्र सिंह (बसपा) 02 सेट में, मुन्ना लाल (नारी नर रक्षक पार्टी), राकेश राठौर (इण्डियन नेशनल कांग्रेस) 02 सेट में, मो0 काशिफ (अपना दल कमेरावादी), लेखराज (आजाद समाज पार्टी, कंशी राम) द्वारा किया गया। नामांकन के कुल सेट आज 09 प्राप्त हुये हैं। अभी तक कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया जा चुका है। आज तक कुल नामांकन 21 हो चुके हैं।

# आर्मी इंटलीजेंस के पूर्व लेफ्टीनेन्ट कर्नल ने खीरी एसपी को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। चोरी की घटना के सफल अनावरण होने पर आर्मी इंटलीजेंस के पूर्व लेफ्टीनेन्ट कर्नल द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रशंसा चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। बुधवार को लेफ्टीनेन्ट कर्नल अजय सिंह, पूर्व कमान्डिंग ऑफिसर मिलेट्री इन्टेलिजेन्स द्वारा जनपद खीरी पुलिस के चोरी की घटना के सफल अनावरण करने के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के नेतृत्व की सराहना करते हुए, पुलिस लाईन सभागार में प्रशंसा चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। आपको बता दें 07 नवम्बर 2023 को लेफ्टीनेन्ट कर्नल अजय सिंह द्वारा उनके मोहल्ला राजाजजीपुरम स्थित घर में चोरी की घटना के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा अपराध संख्या 1093/23 धारा 457/380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में दिनांक 24 मार्च 2023 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीमों द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी किये गये आभूषण आदि को बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। चोरी हुए कीमती आभूषण और सामानों की बरामदगी पर लेफ्टिनेंट कर्नल द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रशंसा चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पवन भाटी मौजूद रहे।

# थानगांव पुलिस की कार्यशैली से अपराधियों में दहशत का माहौल



रेउसा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपद की थानगांव पुलिस लगातार अपराधियों पर नकेल कसने का काम करती नजर आ रही है। गत दिवस थानगांव पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए चार दिन पूर्व में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी के दिशा निर्देशन में गठित टीम ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए एक अदद तमंचा 12 बोर एक अदद जिंदा कारतूस 5 फूल की थाली 1अदद फूल का लोटा 1अदद फूल कटोरा बरामद करते हुए राकेश द्विवेदी पुत्र रमेश द्विवेदी, इगलेश पुत्र मनोरम,सर्वेश उर्फ पड़िया पुत्र रामलोक पाण्डेय निवासी गण कोड़वा धमधमपुर थाना थानगांव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, का.कौशल कुमार हेमंत चौधरी, निखिल कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

## दिव्यांगों से आवास व पेंशन दिलवाए जाने के नाम पर ग्राम प्रधान ने वसूली रकम

सकरन/सीतापुर। एक अदद आवास को तरस रहे दिव्यांगों को आवास दिलवाए जाने के नाम पर मो हारून अंसारी ग्राम प्रधान रसूलपुर बकैया ने 5-5 हजार रुपए ब्लॉक में फीडिंग करवाने के नाम पर वसूल लिए।यही नहीं एक दिव्यांग शमशुल पुत्र शहनूर निवासी रसूलपुर से पेंशन बनवाने के नाम पर 7 हजार व आवास फीडिंग के 5 हजार कुल 12 हजार हजम कर लिए,इसी गांव निवासी संजय पुत्र बेच्चू लाल व प्रदीप पुत्र हरेश वर्मा से 5-5हजार की वसूली की गई।

यही नहीं ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत में बिगड़े पड़े हैंडपम्प की मरम्मत के नाम पर पैसा तो निकाल लिया पर रामस्वरूप यादव के घर के पास व सुंदरलाल के घर के पास में हाथ तक नहीं लगाया,भीषण गर्मी में स्वच्छ जल की एक एक बूंद को ग्रामीणों को तरसा रहे ग्राम प्रधान। मोटी रकम हजम्बकर न घर न जल दे पाने वाले प्रधान के कुकृत्यों के खिलाफ कब होगी कार्यवाई के इंतजार में पीड़ित ग्रामीण। प

# लोकसभा चुनाव: कड़ी सुरक्षा के बीच छठवें दिन भी हुआ नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। लोकसभा चुनाव के तहत बुधवार को नामांकन के छठवें दिन 28-खीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से परिवर्तन समाज पार्टी से संध्या जयसवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही बसपा से अंशय कालरा ने आज पुनः दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

29-धौरहरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दलीय राम नरेश, उप्र रिपब्लिकन पार्टी से भगोती प्रसाद, पीस पार्टी से कासिम अली ने एक-एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही भाजपा से रेखा वर्मा ने आज पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

# लखीमपुर में कांग्रेस पर जमकर गरजे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। विलोबी मैदान में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जमकर गरजे। उन्होनें कांग्रेस के घोषणा पत्र को जनता विरोधी बताया। 29 धौरहरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा के समर्थन को लेकर शहर के विलोबी मैदान में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनसभा को सम्बोधित किया और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। बृजेश पाठक ने कहा हैं कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है उस घोषणा पत्र में सम्पत्ति की जांच कराने की भी बात कही और जनता की संपत्ति को जप्त करके उन लोगो को देगे, जिन्होंने देश को सताने का काम किया हैं,। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा हैं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा हैं कि भारत मे अमेरिका जैसे कानून लाने की बात कही गई हैं। जिसमे देश की जनता की पैतृक सम्पति की जांच की जाएगी। संपत्ति ज्यादा होने पर पूरी संपत्ति जप्त कर ली जाएगी और देश की संस्कृति पर हमला करने वालो में बाट दी जाएगी। घंटो चले विलोबी मैदान में चिलचिलाती कड़ी धूप में ब्रजेश पाठक को सुनने आये कार्यकर्ताओ ने जमकर तालिया बजाई। इस दौरान मंच पर गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने 29 धौरहरा लोकसभा से चुनी गई प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के लिए आम जनता से जीत दिलाने की अपील की है।

# न्याय के लिए थाने में दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर पीड़ित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र में घटित हो रही अपराधिक वारदातों की रोकथाम में पुलिस कोई प्रयास करती नहीं दिख रही है। यहां तक कि अब पुलिस पीड़ितों की शिकायत को भी गंभीरता से

**कई कई दिनों तक तहरीर देकर दर दर की ठोकरे खाता है पीड़ित**

**दिन व दिन बढ़ता जा रहा उचौलिया थाना क्षेत्र में क्राइम का ग्राफ**



नहीं ले रही है। जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। वही उचौलिया थाना क्षेत्र में क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

हाल के दिनों में हत्या, चोरी, छिनैती, लूट की घटनाएं बढ़ी है। पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की कौन कहे। कुछ ऐसे भी मामले सामने आए है जिसमे फर्जी खुलासों से आम जन मानस में पुलिस का इकबाल निरन्तर घटना नजर आ रहा है। बढ़ती घटनाओं के चलते समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हाल के दिनों में हुई घटनाओं को लेकर पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं। आपराधिक मामलों की रोकथाम को लेकर पुलिस महकमा कितना संवेदनशील है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र कितने पीड़ितों को सही व उचित न्याय मिला है। वही एक पत्रकार द्वारा 31 मार्च को मिली उनको व उनके परिवार को जश्न से मारने व कहाँ तक भगोगे कि धमकी की एफआईआर 31 मार्च 2024 को ही दी गई पर अफसोस उस मसले को लेकर अभी तक पुलिस के कान में जूं तक न रेंगी, साफ साफ कहा जाए तो उस समय भी उसी मामले की लिखित शिकायत थाने में भी दी गई थी। लेकिन अब तक कार्रवाई न होना पुलिसिया कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। यही नही ऐसे भी कुछ मामले सामने आए है जिसमे क्षेत्र में ट्रकों से डीजल, सामान चोरी होना, पीड़ित द्वारा तहरीर देने के बाद बार बार चक्कर काटने के बावजूद उस पर कोई अमल न करना, क्षेत्र में लूट पाट के मामलों को शांत करने के लिए पीड़ित पर दबाव बनाना आदि। मारपीट के मसलो में भी जिस पार्टी द्वारा लाल पिले नोटों का चढ़ावा होता है उसी पार्टी पक्ष की बात करती है पुलिस।

# बसपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव राजेश वर्मा की बढ़ाएंगे मुश्किलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर 30 लोकसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प दिखाई दे रहा है राजनीतिक जानकार बताते हैं कि अभी कुछ समय पहले तक इस सीट पर एकतरफा चुनाव लग रहा था, लेकिन भाजपा से आये वरिष्ठ नेता बिसवां पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपना प्रत्याशी बनाकर सीतापुर लोकसभा सीट का समीकरण बिगाड़ दिया है अब यहां बसपा व भाजपा में कंाटे की टक्कर देखने को मिल रही है ऐसा कहा जा रहा है कि यहां मुकाबला 50-50 प्रतिशत का है, अंतिम समय में कोई भी यहां से बाजी मार सकता है आइए जानते हैं यूपी की सीतापुर सीट के सियासी समीकरण 1952 के चुनाव से ही ये सीट चर्चा का विषय बनी रही है. 1952 और 1957 के चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस की ओर से उमा नेहरु ने चुनाव जीता था।उमा नेहरु रिश्ते में पंडित जवाहर लाल नेहरु की भाभी लगती थीं, उन्होंने जवाहर लाल नेहरु के चचेरे भाई श्यामलाल से शादी की थी। 1962, 1967 के चुनाव में यहां भारतीय जनसंघ ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, 1971 में एक बार फिर कांग्रेस ने यहां वापसी की थी।सीतापुर में कुल 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिनमें सीतापुर, लहरपुर, बिसवां, सेवता और महमूदाबाद विधानसभा सीटें हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से सिर्फ लहरपुर सीट समाजवादी पार्टी के खाते में गई थी, बाकी सभी सीटें भाजपा के पास गई थीं। थसीतापुर सीट पर बसपा लड़ाई में काफी मजबूत दिख रही है। कभी बीजेपी पार्टी से पूर्व विधायक रहे महेंद्र सिंह यादव जो अब बसपा प्रत्याशी हैं वह क्षेत्र में जनता के बीच पहुंच रहे हैं तो लोगों को भाजपा सांसद की खामियां गिना रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया गया श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव व श्री हनुमान जन्मोत्सव

लखीमपुर-खीरी। श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा (रजिस्टर्ड) लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में चैत्र पूर्णिमा की पुण्य तिथि पर श्री दुर्गे चित्रगुप्त मन्दिर लखीमपुर में श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

भगवान चित्रगुप्त एवं भगवान हनुमान की स्तुति के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में भगवान हनुमान, भगवान चित्रगुप्त सहित मन्दिर में विराजमान सभी देवी देवताओं की पूजा, अर्चना की गई। भगवान चित्रगुप्त, देवी दुर्गा एवं भगवान हनुमान की आरती के उपरांत चित्रगुप्त मन्दिर में एकत्र भक्तों ने देवी देवताओं की स्तुति करते हुए सम्पूर्ण मानव जगत के कल्याण की कामना भी की। आयोजन का समापन मन्दिर के आस-पास मीठा शर्बत एवं प्रसाद वितरण कर किया गया। इस अवसर पर संस्था संरक्षक राजीव रत्न खरे (अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष), संस्थाध्यक्ष डॉक्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संस्था महामंत्री अनूप कुमार सिंह, संस्था कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र, संस्था संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, संरक्षक राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना श्मुकेशश, आर के सिंह, रविकांत श्रीवास्तव, स्पर्श सिन्हा, नीरज श्रीवास्तव, देव नंदन श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, मन्दिर प्रांगण के डॉक्टर श्रीवास्तव, डॉक्टर अंजित श्रीवास्तव सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तेहपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने दिये दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। तेहपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचनऽ2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय में प्रथम प्रशिक्षण (तीसरे दिन) पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का दो पालियों(प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक) में संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण कक्षों पर जाकर प्रभारी अधिकारी(कार्मिक)/मुख्य विकास अधिकारी श्री पवन कुमार मीना ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट के परिचालन, माकपोल, मतदान प्रक्रिया आदि को भलीभांति समझ ले एवं भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का अध्ययन अवश्य कर ले ताकि मतदान अच्छे से संचालित किया जा सके। उन्होंने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछते हुए उनके जानकारी का परीक्षण किया जैसेऽमाकपोल कैसे करेंगे ?, मतदान समाप्ति पर क्याऽक्या करेंगे ? आदि सवालों के जवाब मतदान कार्मिकों ने सहीऽसही दिए। मास्टर ट्रेनरो द्वारा बताया गया कि मतदान प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व माकपोल कराने की प्रक्रिया शुरू करना है, माकपोल की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लीयर अवश्य किया जाय तथा वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स में गिरी माकपोल की पर्ची को निकालकर, के पीछे मोहर लगाकर काले लिफाफ़े में रखकर सील किया जाय। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को सील करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया साथ ही चैलेंज वोट, टेंडर वोट, पीठासीन डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मत पत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा किया।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली में 880 द्वितीय पाली में 880 कुल 1760 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसके सापेक्ष प्रथम पाली मे 11 एवं द्वितीय पाली में 08 अनुपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2024 तक चलेगा। उक्त अनुपस्थित कार्मिकों का आज दिनांक-24.04.2024 का वेतन अवरूद्ध करते हुए अनुपस्थिति के सम्बन्ध में अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण विभागाध्यक्ष के माध्यम से तत्काल प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये है। यदि अनुपस्थित कार्मिक द्वारा प्रशिक्षण के आगामी दिनांक/ सत्रों में स्पष्टीकरण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराते हुए वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी रैली आज, नो फ्लाइंग जोन रहेगा जिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को बरेली मोड़ स्थित मैदान में होने वाली चुनावी सभा को देखते हुए जिले को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इसके तहत पूरे दिन पतंगबाजी, ड्रोन, गुब्बारे आदि को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।मैदान में पंडाल और मंच बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं देखीं। मोदी मैदान को जेसीबी के जरिये समतल कराने के साथ ही पंडाल भी लगाने का काम तेजी से चल रहा है। शाम तक तीन जर्मन हैंगर लग गए थे। सुरक्षा एजेंसी के मार्गदर्शन के बाद मंच बनना भी शुरू हो गया। उसके सामने डी घेरा बनाने के लिए बैरिकेडिंग का कार्य चल रहा। इसके अतिरिक्त सेफ हाउस भी तैयार हो गए हैं। हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वे कर सुरक्षा की जांच की गई। हेलीपैड से मंच तक सड़क भी बनाई जा रही है। कार्यक्रम स्थल का एसपीजी समेत अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा का जायजा लिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण मंगलवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, रैली प्रभारी सुरेश राणा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। प्रदेश अध्यक्ष ने तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को देखने व सुनने आने वालों को लाने की व्यवस्था की जाए। डीसीबी अध्यक्ष डीपीएस राठौर, एमएलसी डॉ.सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि मौजूद रहे।डॉक्टरों की पांच टीमें लगाईं

सीएमओ ने रैली के लिए पांच टीमों को लगाया है। पांच एंबुलेंस भी लगाई है। स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमें बनाई गईं। वरुण अर्जुन कॉलेज से एक व हरदोई से एक-एक टीम मांगी गई है। पर्याप्त मात्रा में रक्त की व्यवस्था भी की गई है।

# जंगल में मिला युवक का सड़ा गला शव, कुछ हिस्सा खा गए जंगली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। खुटार थाना क्षेत्र के छापाबोझी जंगल में बुधवार को अज्ञात युवक का सड़ा गला शव मिला। शव का कुछ हिस्सा वन्य पशु खा गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बुधवार सुबह जंगल गए लोगों को बदबू महससू होने पर लोगों ने आगे जाकर देखा तो एक युवक का सड़ा गला शव दिखाई दिया। चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं हो सकी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

शव का कुछ हिस्सा जंगली पशु भी खा गए हैं। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई भी शव की पहचान नहीं कर सका। सूचना पर वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। सीओ पंकत पंत ने बताया कि जंगल से शव मिला है। जांच की

# मानव एकता दिवस में संत निरंकारी मिशन से 21 सेवादारों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




फतेहपुर । सतगुरु माता सुदीक्षा जी की असीम कृपा से आज फतेहपुर 791 ब्रांच में मानव एकता दिवस के रूप में सत्संग का आयोजन करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें जिसमें सेवा दल शिक्षक सुरेश चंद मौर्य तथा ब्रांच के अकाउंटेंट अशोक शुक्ला जी द्वारा सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का सुमिरन करवा कर रक्तदान के महा शिविर को प्रारंभ किया गया जहां सुंदर नगर कॉलोनी में स्थित निरंकारी स्थल द्वारा मानव एकता दिवस पर 21 स्वयं सेवादारों ने रक्तदान किया ,रक्तदान करने वालो में रवि कश्यप, प्रीती, दीपक मौर्य,अशोक कुमार गुप्ता, मनदीप जौली,सौरभ सिंह,रूपा देवी, कैलाश सोनी,खुशबू रानी,महेंद्र कुमार अग्रहरि,अनामिका गुप्ता,राम चरन साहू,प्रदीप सोनी, विपुल श्रीवास्तव,प्रीति देवी, श्री लाल गोस्वामी, मनोज ,राजू, अतुल, अंकित,विजय सिंह,रक्तदाताओं ने रक्तदान किया,और मानव जीवन को बचाने का संकल्प लिया और कहा रक्त नालियों में न बहकर नाड़ियों में बहे इसी प्रेरणा सोत्र मे 20 से ऊपर अधिक रक्तदाताओं ने रजिट्रेशन करवाया, इस कार्यक्रम में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से एसोसियेट प्रोफ़ेसर चंद्रावती, लैब टेक्नीशियन बृज किशोर, नरेंद्र नाथ पांडेय, पूजा,कमला प्रसाद, गोविंद ,मनीष सिंह, डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर भूपेंद्र सिंह, डॉक्टर कल्पना, डॉक्टर पूर्णिमा उपस्थित रहे।

## निराश्रित गौवंश से परेशान ग्रामीणों ने गौवंशो को स्कूल में किया बंद

रेउसा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता निराश्रित गौवंशों पसे परेशान ग्रामीणों ने गौवंशों को स्कूल में बंद कर अपना आक्रोश जताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेउसा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़वा धमधमपुर में निराश्रित गौवंश से परेशान होकर बुधवार की सुबह बेसहारा जानवरों को ग्रामीणों ने स्कूल में बंद कर दिया जिससे स्कूल मथें बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई ,नाराज ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जानवरों का स्थाई समाधान करने को लेकर यह कदम उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गौवंशों का स्थाई समाधान नहीं हो जाता तब तक गौवंश स्कूल में बंद रहेंगे।

वहीं स्कूल बंद होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है,स्कूल के प्रधानाचार्य रेहान अहमद ने बताया कि ग्रामीणों ने आज सुबह बेसहारा जानवरों को स्कूल में बंद कर दिया है, जिस पर विभाग सहित ग्राम प्रधान को सूचना दे दी गई है।

## तीन सगे भाइयों समेत चार दोषियों को सात-सात वर्ष की जेल

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने एक मुकदमे में तीन सगे भाइयों समेत चार दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, खुटार क्षेत्र के गांव रजमना निवासी राजेश कुमार ने खुटार थाने में तहरीर देकर बताया था कि सात नवंबर 2018 की शाम 06:30 बजे उनका 19 वर्षीय बेटा अंकित कुमार अपने घर पर पटाखे छुड़ा रहा था, तभी पड़ोसी खुशीराम, मनसुख उर्फ तोंदी, जगतपाल उर्फ जगदत्त और कमलेश आ गए। उन लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण उसके बेटे को पीटना शुरू कर दिया। बड़ा बेटा कौशल मौके पर पहुंचा तो वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वे लोग अपने बेटे को खुटार लाए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ आठ नवंबर 2018 को आईपीसी की धारा 302, 506 में रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत भेजा गया। अदालत में मुकदमा चलने के दौरान गवाहों के बयानात और सरकारी वकील श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी न पाकर धारा 325 के तहत दोषी पाया। अदालत ने कमलेश, खुशीराम, उसके भाई मनसुख और जगतपाल को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

## अन्तरजनपदीय मोटरसाइकिल चोर गैंग का पर्दाफाश

फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में बुधवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक अंतर जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गैंग के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग के पास से चार मोटरसाइकिलें और दो अवैध तमंचा बरामद हुए हैं। जहानाबाद थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी व उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार के नेतृत्व पुलिस बल के साथ अन्तरजनपदीय सीमा साढ़ के पास बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में संदिग्ध अवस्था में दिखाई देने पर उन्हें रोक कर तलाशी ली गई। पुलिस ने तलाशी में दो अवैध तमंचा मय चार जिन्दा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार शातिर चोर चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरहन निवासी आशीष कुमार शुक्ला और ग्राम मदरी निवासी सुजीत यादव हैं। उनकी निशानदेही पर चोरी की अन्य तीन मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुए बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से एक 12 बोर व 315 बोर तमंचा व चार कारतूस बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो वाहन चोर गैंग का पूरी तरह से खुलासा हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर कुल चार मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार चोर फतेहपुर सहित हमीरपुर व कानपुर नगर जनपदों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। तीनों जनपदों में करीब छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने की बथुआ के दीर्घकालीन भंडारण की तकनीक विकसित

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग ने बथुआ के दीर्घकालीन भडांरण की तकनीक विकसित किया है। विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफ़ेसर सुनील मीणा एवं बी.आर.ए.बी.यू. के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय और उनकी टीम ने कम उपयोग वाली कृषि फसल जैनोपोडिम एल्बम (बथुआ) पर अध्ययन कर इसके दीर्घकालीन संरक्षण की तकनीक विकसित की है। इसमें प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व पाये जाते हैं । लेकिन फसल ज्यादा दिन टिकाऊ नहीं होती है। अब इसे संरक्षित कर ऑफ सीजन में भी उपयोग किया जा सकेगा। डॉ. सुनील मीणा ने बताया कि उचित संरक्षण विधियों का इस्तेमाल कर बथुआ जैसे पोषक तत्वों से भरपूर पौधों की प्रजातियां गरीबी, भूख एवं कूपोषण से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं । साथ ही आय बढ़ाने,खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करती हैं। बथुआ और अन्य पत्तेदार सब्जियां सर्दी के मौसम में उगाई जाती है। उनमें पानी की मात्रा अधिक होने के कारण जल्दी खराब हो जाती हैं । सर्दी में अत्यधिक उत्पादन अपर्याप्त भडांरण, परिवहन और प्रसंस्करण क्षमता के कारण इन मौसमी सब्जियों की भारी बर्बादी होती हैं ।

# टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के झांसे में आकर पत्रकार ने गवाएं पांच लाख रुपये

एजेंसी



इटावा। टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का प्रलोभन देकर ठगी करने वाले का गिरोह सक्रिय है। इसी गिरोह के झांसे में आकर एक पत्रकार अपने छह लाख रुपये गवां दिए है। पीड़ित पत्रकार ने ठगी करने वाले लोगों के खिलाफ साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज करवाई। उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपी ठगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और पैसे वापस करवाने की मांग की है। पीड़ित पत्रकार रोहित सिंह चौहान ने एसएसपी को बताया कि पेशे से वह पत्रकार है और एक न्यूज एजेंसी के लिए इटावा जनपद में कार्य कर रहे हैं। जनवरी में उनके पास टेलीग्राम एप पर एक अज्ञात महिला के द्वारा ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब करके रोजाना के तीन से चार हजार रुपये की कमाई करने के बारे में बताया था। महिला की बातों को सच मानकर रोहित ने अपनी जानकारी उस महिला से साझा कर दी। जिसके बाद टेलीग्राम पर सक्रिय ठग महिला के कहने के अनुसार उन्होंने नामक कंपनी के वेब यूआरएल में अपना अकाउंट बना लिया। पत्रकार को विश्वास में लेने के लिए ठग महिला ने बैंगलोर कार्यालय की कुछ तस्वीर और कंपनी का रजिस्टर्ड जीएसटी नम्बर भेजा। इससे उस महिला की बातों पर भरोसा हो गया और कार्य करने के लिए हामी भर दी। महिला ने उन्हें ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के रिवीव वर्क उपलब्ध करवाया और यूएस कार्य को करने के बाद पहले दिन महिला की तरफ से उन्हें उनके बैंक खाते में बारह सौ रुपये भेजे गये। पहले दिन थोड़ा सा काम करने पर बारह सौ रुपये पाकर उन्हें बहुत खुशी हुई। अगले दिन महिला ने उनसे दस हजार रुपये जमा करवाने के लिए कहा कि काम पूरा होने के बाद कमीशन के साथ यह धनराशि निकल आएगी और आपके बैंक खाते में पहुंच जाएगी। भरोसा में आने के बाद उन्होंने दस हजार रुपये की धनराशि उस महिला के द्वारा बताए गए बैंक खाते में डाल दी गई। कार्य पूर्ण करने के बाद उन्हें अठारह हजार रुपये कमीशन सहित प्राप्त हो गए। एक दिन में आठ हजार रुपये की कमाई देखकर वह लालच में आ गए। तीसरे दिन फिर से उन्होंने अंधविश्वास करके महिला के द्वारा बताए गए खाते में फिर से दस हजार रुपये भेजे। ऐसे ही करके फिर अगले दिन उन्होंने ग्यारह हजार रुपये जमा कराया और उनतीस हजार रुपये की धनराशि उनके बैंक खाते में आ गई। उसके बाद उन्हें भरोसा हो गए और कंपनी और ठगों के झांसे में आकर चौथे दिन भी पैसे जमा कर दिया। खाते में तीस हजार रुपये, फिर इकसठ हजार नब्बे रुपये जमा करवा दिए।

# फतेहपुर मतदान को बनाओ अपना धर्म




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । फतेहपुर मतदान को बनाओ अपना धर्म,क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व'' इस भाव से कि फतेहपुर का कोई भी नागरिक वोट से न छूटे स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदया श्रीमती सी. इंदुमती के मार्गदर्शनानुसार स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।डॉ अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं सभी नागरिकों,वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया तथा यह भी बताया कि अभी भी वोटर हेल्पलाइन एप व फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं एवं सिविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी।डॉ अनुराग द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर प्रबन्धक राजेश सिंह,प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार,शिक्षक रोहित सिंह,अनुराग परिहार, नीरज श्रीवास्तव,मनीष सिंह,देवराज उमराव,आरती शुक्ला सहित प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# उर्स ए सैय्यदी व उर्स ए दानाई के मौके पर हुआ मुशायरा ए कुल हिंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खुटार। के ग्राम मौजा निहालपुर टिढ़वा पुल के पास सालाना उर्स ए सैय्यदी व उर्स ए दानाई के मौके पर बीती रात मुशायरा ए कुल हिंद का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर तक आनंदित किया। कार्यक्रम का आगाज शराफत रजा कादरी ने तिलावत कुरआन और नात ख्वानी से किया।कार्यक्रम में सीनियर शायर असगर यासिर ने कहा -तन्हाई काटती है शब ओ रोज क्या करूं। तुमने जो खत लिखे थे मैं कब तक पढ़ा करूं।हमीद खिजर ने कहा - क्या अपने दिल की बात करूं उसके सामने।जिसने हमेशा अपने ही मतलब की बात की।खलीक शौक ने कहा -एक तू के अपने घर से न बाहर निकल सका। मैं अपना शहर छोड़ के आया तेरे लिए।वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा -आपके चेहरे पे इतनी वहशतें अच्छी नहीं।हर किसी से बेवजह की नफरतें अच्छी नहीं।विजय तन्हा ने कहा -रहें सब प्रेम से मिलकर यहां आजाद भारत में,लहू से हो रंग पन्ना कभी अखबार ना आए।आर एल श्रीवास ने कहा - हजारों गम हैं खुलासा कौन करे। मुस्कुरा देता हूं तमाशा कौन करेराशिद हुसैन राही ने कहा - वह पूछता रहता है मेरा हाल जो सबसे। शायद मेरी चाहत का अभी उस पे असर है।गुलिस्तां खान एडवोकेट ने कहा - दिल को सरशार किए जाती है उल्फत तेरी।मेरी तस्कीन का बायस है मोहब्बत तेरी।फहीम बिस्मिल ने सुनाया -मिल तो लिया हूं आदमी अच्छा नहीं लगा। दीवार सा लगा है, दरीचा नहीं लगा।विकास सोनी ऋतुराज ने कहा -नफरत से तो परहेज किया जाता है।फिर बज्म ए मोहब्बत को जिया जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता अल मुश्किल कुशा नेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष मौलाना बहार आलम रजवी ने की और मंच संचालन राशिद हुसैन राही ने किया।अतिथियों का परिचय समाजसेवी महबूब हुसैन इदरीसी ने कराया। इससे पहले मुख्य अतिथि नगर पंचायत खुटार की अध्यक्ष मैना देवी के पति बाबूराम ने शमा रोशन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इसके बाद मंचासीन शायरों, कवियों, अतिथियों, सभासदों का माल्यार्पण कर व बैज लगाकर स्वागत तथा शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अधिवक्ता एन ए किरमानी, सुधाकर तिवारी एडवोकेट, जैनुल आबेदीन, अमजद खान, सभासद शराफत खां, मनोज कुमार मंगल, अरशद किरमानी, सरताज मंसूरी फौजी, आरिफ मंसूरी, भुल्लन खां, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद इमरान आदि सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन में उर्स कमेटी अध्यक्ष आफताब खान, सचिव साहब अली, कोषाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ का योगदान रहा।

## दुष्ट आत्माओं से समाज को मिले मुक्ति गंगाजल से विंध्यधाम का शुद्धिकरण

मीरजापुर । वैशाख कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर कालांतर से चली आ रही परंपरानुसार बुधवार को विंध्यवासिनी मंदिर पर वार्षिक घटाभिषेक किया गया। सर्वसमाज ने गंगा जल से मंदिर परिसर की धुलाई की। श्रद्धालुओं ने मा विंध्यवासिनी के चरणों में गंगा जल अर्पित किए। घटाभिषेक के बाद घंटा घड़ियाल, नगाड़ा, शहनाई, शंख और मां के जयकारे से धाम परिसर देवीमय हो रहा था। चिलचिलाती धूप के बीच भक्त नंगे पांव पीतल, स्टील व मिट्टी का घड़ा लेकर पक्का घाट पहुंचे। वहां से गंगा जल भर कंधे पर रख मंदिर तक लाया गया और मंदिर परिसर की धुलाई की गई, ताकि दुष्ट आत्माओं से समाज को मुक्ति मिले, चहुंओर खुशहाली रहे। घटाभिषेक के दौरान कड़ी धूप के बीच गंगा घाट से मंदिर तक नंगे पांव पहुंचना, मां के प्रति अटूट आस्था और विश्वास का मिशाल दिखने को मिला। श्रद्धा-विश्वास के साथ भक्त गंगा में गोता लगाकर मिट्टी के पात्र घड़ा एवं विभिन्न जलपात्र में गंगा जल भरकर माता का नाम, ओम, स्वास्तिक बनाकर विभिन्न मंत्र लिखकर फूल-माला व कलावा बांध मां विंध्यवासिनी के दरबार में जलाभिषेक करने पहुंचे थे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **15.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 03202024 दिनांक 23.04.2024 | | |
| निविदा सं. | 10/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 11/Sr.DEN-V/LKO/2024-25 | | |
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन किमी 40 से 69.86 तक अतिक्रमण को रोकने और सीआरओ को रोकने के लिए सुरक्षा बाड़/सीमा/एंटी क्रैश बैरिया आदि का प्रावधान।<br>2. सहायक मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन किमी 02 से 40 तक अतिक्रमण को रोकने और सीआरओ को रोकने के लिए सुरक्षा बाड़/सीमा/एंटी क्रैश बैरिया आदि का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹16,45,72,155.41 | 2. ₹16,21,15,187.69 | |
| धरोहर राशि | 1. ₹9,72,900/- | 2. ₹9,60,600/- | |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 से 2 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह | | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 01.05.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.05.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1218/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा सांसद बोले, महंगाई कोई मुद्दा नहीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के जय महल में भाजपा का बूथ सम्मेलन कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री अभिजीत मिश्रा को बुके देकर और माल्यार्पण कर भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया और भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बम बम द्वारा स्वागत किया गया।बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में आए सभी भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों को प्रदेश महामंत्री अभिजीत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि जितना काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दस सालों में करके दिखाया है उतना कम पिछले सरकारों ने नहीं किया था।पिछली सरकारों का केवल एक ही काम था लूट करके रखना और अपने परिवार का काम चलाना।आने वाले पांच सालों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के लिए और ऐतिहासिक काम किए जाएंगे। इस लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी की जमानत जप्त होने जा रही है। आप सभी लोगों को दस वोट अवश्य अपने मतदान केद्रों पर डलवाने हैं ताकि मतदान प्रतिशत अच्छा रहे।

बोले- सपा ने फर्जी शिलान्यास कराएवहीं भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने जमकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केवल समाजवादी पार्टी द्वारा फर्जी शिलान्यास किया गया था गोंडा में कोई विकास का काम नहीं हुआ है। महंगाई का कोई मुद्दा नहीं है महंगाई के मुद्दे को कम करने का प्रयास भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। गोंडा जिले में बीजेपी की सरकार ने तमाम विकास कार्य किए हैं।चाहे तीन रेलवे ओवरब्रिज ले लीजिए चाहे गोंडा का मेडिकल कॉलेज ले लीजिए कोई सोचा था कि गोंडा में हमारे बच्चे डॉक्टरी की पढ़ाई करेंगे।

### बोले– फ्री में हो रही दवा, फ्री राशन मिल रहा

भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बम बम ने कहा कि पिछली सरकारों में गोंडा जिले में कोई विकास का काम नहीं कराया गया था।न ही यहां के मुद्दों को खत्म किया गया था बल्कि यहां पर फ़ैक्ट्रियों को लगाने का वादा करके जनता के साथ धोखा किया गया था और जब से मोदी की सरकार बनी है लगातार लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है।फ्री में दवा हो रही है और रोजगार मिल रहा है।

## डीएम ऑफिस पर कांग्रेसियों और दरोगा का नोकझोंक का वीडियो वायरल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बुधवार को कंग्रेस नेता वरुण मिश्रा जर्जर दुकानों के नाम पर नगर क्षेत्र के छोटे व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न के संबंध में डीएम से मिलकर शिकायत करने पहुंचे थे। जहां उनके साथ कांग्रेस के नेताओं के साथ व्यापारी भी मौजूद थे। इस पर कलेक्ट्रेट में ड्यूटी पर मौजूद दरोगा से उनकी नोक झोंक हुई। अंत में सिटी मजिस्ट्रेट वहां पहुंचे और सबको शांत कराकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन में वरुण मिश्रा ने उल्लेख किया है कि नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के सब्जी व्यापारियों को पूर्व में आवंटित दुकानों को जर्जर बताकर उन्हें दुकानों से बाहर निकालने की नोटिस दी गई है। उन्होंने बताया है कि व्यापारी अपनी दुकानों की मरम्मत करने में सक्षम हैं। वरुण ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया है कि बिल्डिग में उतनी समस्या भी नहीं है जितना नगर पालिका बता रहा है। उन्होंने ये भी अवगत कराया है कि पूर्व की भी कई बिल्डिग नगर पालिका की है जिसका उसके द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष उद्योग पति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए व्यापारियों को उजाड़कर वहां व्यावसायिक भवन बनवाना चाहते हैं।

## बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होमियोपैथिक मेडिसिन का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। बुधवार को इलेक्ट्रो होमियोपैथिक स्टडी सेंटर कार्यालय में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होमियोपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश का 49वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्टडी सेंटर के प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय करने के लिए चिकित्सीय अर्हता के साथ संबंधित चिकित्सा परिषद में पंजीकरण के साथ-साथ जिस जनपद में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे है या करना चाहते है उस जनपद में स्थानीय स्तर पर भी पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 1975 को ही बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन उ.प्र.को पूरे संवैधानिक अधिकारों के साथ स्थापना की गई थी। चूंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने मात्र एक ही संस्था बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ. प्र. को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास हेतु कार्य करने के लिए शासकीय आदेश दिया है। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी ई.एच. डॉ. पुष्पा सिंह कुशवाहा, प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. मो.शुएब, डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गवाह पर दबंगों ने किया हमला, गंभीर रूप से किया घायल


सुल्तानपुर। समय रहते पुलिस ने कार्यवाही की होती तो शायद आज मेडिकल कॉलेज की बेड़ पर गंभीर अवस्था में वसीद अहमद मौंत जिंदगी के बीच में ना झूलता। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पकड़ीपुर कसमऊ गाव का है, यहा के रहने वाले वसीद अहमद रकीब के साथ हुई मारपीट के चश्मदीद गवाह थे। यह बात दबंगों को नागवांर गुजरी, दबंगो द्वारा वसीद अहमद को गवाही न देने की बार बार धमकी दी जा रही थी। जिसकी शिकायत वसीद ने गोसाईगंज पुलिस से भी की गई थी। परंतु पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। जिसके चलते 22 अप्रैल को दबंगो ने हुसैनगंज के पास बोलेरो यूपी 32 सी एच-7011 से टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वसीद अहमद टक्कर लगने से बेहोश होकर गिर पड़े, लोगो की मदद से उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहा उनका ईलाज चल रहा है परंतु शिकायत के बाद भी अभी तक पुलिस ने नफीस, तौसीफ उर्फ सबलू सुतगण मंजूर, मोईद सुत तफसीर व आसिफ, बब्बन, कामरान पर कोई कार्यवाई नही की। जिसके चलते वृहस्पतिवार को वसीद अहमद के पुत्र दानिस ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पहुंचा और अपने परिजनों की जांन माल की रक्षा की गुहार लगाई। देखना होगा कि जिले के तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधीक्षक पीडित को न्याय गोसाईगंज पुलिस से कबतक दिलाते है।

## नील ठाकुर पर जानलेवा हमले के नामजद आरोपी को प्रवीण मिश्रा पुलिस ने कर दिया बरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनी गुमटी के पास बीते वर्ष 2 दिसम्बर 2023 को अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर नील सिंह पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने जानलेवा हमले का केस दर्ज करने के बाद तहकीकात के दौरान नामजद आरोपी प्रवीण मिश्रा को बरी कर दिया।कोई घटना के बाद अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर नील सिंह के भतीजे ने 6 ज्ञात व 4 अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।जिसके बाद पुलिस ने लोगों गिरफ्तार भी कर लिया था।लेकिन झंजरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के भाई प्रवीण मिश्रा

को छोड़ दिया गया था।बाद में पुलिस ने प्रवीण सिंह को क्लीन चिट दे दी।वही अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर नीरज सिंह ने नगर कोतवाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पुलिस ने क्लीन चिट जो दे दी है वो पुलिस नही है ये सत्ता का दबाव है व पैसे का नशा है क्योंकि 12 से 13 लाख रुपया पुलिस खाई उसके बाद क्लीन चिट दे दी है।लेकिन मै माननीय न्यायालय की शरण में जाऊंगा क्योंकि हमला ठाकुर नील सिंह पर हुआ था और वो कह रहे है कि मेरे ऊपर जो गोली चली वो प्रवीण मिश्रा चलाए थे।तो पुलिस क्लींन चिट क्यों दे रही हैं क्योंकि पुलिस पैसा खाए है जिसके लिए मैं न्यायालय के शरण जाऊंगा ताकि दोषी को सजा मिल सके।



ठाकुर नीरज सिंह




नीरज सिंह अवध केसरी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष

वही 21 दिसम्बर को नील ठाकुर पर हुए जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को नगर पुलिस 12,13 लाख रुपया लेकर बरी कर दिया।लेकिन बरी करने का काम न्यायालय का है न कि पुलिस मैं मुख्य आरोपी को सजा दिलाने के लिए जाऊंगा न्यायलय अवध केसरी सेना

### क्या है पूरा मामला

अवध केसरी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर नील सिंह व अमर सिंह 21 दिसम्बर 2023 को रात को लगभग साढ़े दस बजे अपने आवास गायत्रीपुरवा से अपने गाँव बिशुनपुर बैरिया अपने वाहन एक्सयूवी-500 से जा रहे थे।कि उसी बीच सोनी गुमटी रेलवे क्रासिंग के पास से निकल ही रहे थे।कि समर बहादुर सिंह उर्फ बिक्कू सिंह , प्रवीण मिश्रा,अखण्ड सिंह,दाराखान सिंह, व चार अन्य अज्ञात लोग अपनी गाड़ी ओवर टेक करके, गाड़ी आगे लगाकर रास्ते में हमला कर दिए साथ ही साथ ही तीन राउंड की फायरिंग भी हुआ था।वहीं 22 दिसम्बर 2023 को 6 नामजद व चार अज्ञात लोगों पर 147, 148,149, 307,323,342 धारा में नगर कोतवाली में अभियोग दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस का कहना है।कि प्रवीण मिश्रा की नामजदगी झूठी है उनका नाम निकाल दिया गया है वो साफ साफ बरी है

### क्या कहते है नगर कोतवाल

प्रवीण मिश्रा कहां मुलजिम थे। उसमे वो नामजदगी झूठी हुई उसमें उनकी संलिप्तता नही पाई गई, वो मुकदमे से निकाल दिए गए साफ साफ बरी हो गए वो नगर कोतवाल राजेश सिंह

### नीरज सिंह ने पुलिस पर लगाया गम्भीर आरोप

अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह का आरोप है। कि नगर पुलिस 12,13 लाख रूपए लेकर प्रवीण मिश्रा का नाम निकाल चुकी है। रही बात बरी करने की तो ये काम न्यायालय का है न कि पुलिस इसके लिए मैं न्यायालय की शरण न्यायालय की शरण जाऊंगा।

## पायनियर कोचिंग सेंटर के छात्र/छात्राओं ने अधिक अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान




नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में संचालित पायनियर कोचिंग सेंटर के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र/छात्राओं ने वर्ष 2023-24 में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और शिक्षक/ शिक्षिकाओं का गौरव बढ़ाया है। हाईस्कूल में कोमल गुप्ता 535/ 600, जोया खान 524/600, कशफ शादाब 514/600 आफरीन खातून 496/600, अनम बानो 484/600 , अरीबा अबरार 475/600, गुलाम जिलानी 474/600, आफाक हुसैन 428/600, मोग कलीम 425/600, साजिद अली 407/600 तथा इंटरमीडिएट में रुशदा फरहत 408/500, अरशान अहमद 400/500, फलक खान 385/500, सुफियान खान 351/500, तौकीर फातिमा 350/500, चांदनी 367/500 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस मौके पर पायनियर कोचिंग सेंटर के प्रबंधक सलीम आब्दी, प्रधानाचार्य तसनीम आब्दी, सहायक अध्यापक नगमा, रिजवाना, बुद्धिलाल, इनाम अहमद, ओमप्रकाश सिंह, विक्रम गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, आतिफ खान, सुमैला आदि शिक्षको ने सभी छात्र/ छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक युवक को उसकी मौत उसके घर तक घेर कर ले आई। दरअस्ल लुधियाना से तीन दिन पूर्व घर आया युवक सुसराल गया हुआ था। वहां से लौटने पर पैदल सड़क पार कर रहा था कि अचानक अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। वो दस फीट दूर जाकर गिरा और सिर में चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे मंशा तिवारी का पुरवा पीपर गांव निवासी कन्हैयालाल (32) पुत्र नन्हेलाल सोनी लुधियाना में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि वह तीन दिन पहले ही लुधियाना से घर लौटकर आया था। कन्हैयालाल मंगलवार शाम को गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के भरतीपुर गांव में अपनी ससुराल गया हुआ था।

## संदिग्ध परिस्थितयों में युवक का पंखे से लटकता मिला शव

सुल्तानपुर। एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितयों में आत्महत्या कर लिया। घर के बरामदे में पंखे से रस्सी के सहारे शव लटकता पाया गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बरुई गांव की है। गांव निवासी संदीप सिंह उर्फ पंकज (35) पुत्र स्व. राम बहादुर सिंह के परिवारीजन बहन के घर शादी में शामिल होने गए हुए थे। संदीप सिंह मंगलवार को घर पर अकेला था। बुधवार को जब परिवारीजन लौटे तो क्या देखा संदीप का शव बरामदे के छत में लगे पंखे से रस्सी के सहारे लटक रहा है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 26 अप्रैल के बाद कैसरगंज व रायबरेली सीट पर घोषित होगा प्रत्यासी : बृजभूषण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के अंतर्गत विधानसभा कैसरगंज के मंडल जरवल स्थित शहनाई मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधन बैठक संपन्न हुई मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा रहे मौजूद।

तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से भव्य स्वागत अभिनंदन किया तत पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा भाजपा के सभी पदाधिकारीओ एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया, मुख्य अतिथि ने कहा कि अभी तक पार्टी नेतृत्व ने टिकट कन्फर्म नहीं किया है 2 मार्च को पहली लिस्ट जारी हुई थी उसे देखते हुए 53 दिन हम लोग पीछे हैं और 26 तारीख से 3 तारीख तक नामांकन प्रक्रिया होगी इसी बीच टिकट कंफर्म हो जाएगा भाजपा को मात्र 20 दिन में चुनाव लड़ना है यह पार्टी कार्यकर्ता खुद जानते हैं। क्योकि अभी रायबरेली और कैसरगंज दोनों सीट पर टिकट पार्टी नेतृत्व ने किसी को नहीं दिया है 26 के बाद दोनों सीटों पर टिकट कंफर्म कर दिया जाएगा उन्होंने कहा कि मोदी जी का नारा है 400 पार, लेकिन यहा की जनता कहती है कि कैसरगंज लोकसभा 5 लाख के पार ले जाना है।पार्टी हाई कमान जो फैसला करेगा वह अच्छा ही करेगा ईश्वर सब अच्छा ही करता है।



### शहनाई मैरिज हाल मे आयोजित कार्यक्रम मे बोले सांसद कैसरगंज मोदी जी का नारा है 400 पार, लेकिन कैसरगंज की जनता कहती है की लोकसभा से 5 लाख के पार ले जाना है

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सूबेद वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, अखंड शाही, विष्णु सिंह, विनय सिंह कौशलेंद्र विक्रम सिंह, राजन सिंह, अजय वर्मा,एवं सेक्टर सयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष , एवं तमाम प्रधान, बीडीसी, एवं सभासद व कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल बैग पालिसी के नाम पर खिलवाड़

### प्रशासन लाचार, शिक्षा विभाग भी नहीं कर रहा स्कूलों की जांच, गर्दन और पीठ दर्द से बच्चे परेशान बैग पालिसी न चलाने की वजह से बच्चे ढो रहे किताब कॉपियों का बोझ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के प्राइवेट स्कूल मोटी कमाई के चक्कर में नैनिहालों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है।पढ़ाई के नाम पर मोटी मोटी किताबों से भरा बैग बच्चों के कंधों पर रखा जा रहा है।स्कूल बैग पालिसी को स्कूल प्रशासन खुलेआम ठेंगा दिखा रहा है।वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी भी सबकुछ जानते हुए भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।बंडा में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी खामोश है।स्कूल बैग का वजन निर्धारित होने के बाद भी बच्चों को भारी बैग उठाना पड़ रहा है। इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। गुरु तेग बहादुर स्कूल सिंह स्कूल के कक्षा तीन के बच्चे का बैग का वजन चार किलो निकला,जबकि अधिकतम ढाई किलो होना चाहिए।दरअसल एनसीआरटी, सीबीएसई द्वारा निर्धारित पुस्तकों इतर निजी प्रकाशकों की मोटी मोटी किताबों से जुटे स्कूल कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

स्कूल बैग पालिसी कई साल पहले लागू हो चुकी है।लेकिन स्कूल की लाबिंग के आगे प्रशासन और शिक्षा विभाग भी लाचार दिख रहा है।नगर के निजी स्कूलों में बच्चों को क्लास तक पहुंचने में दो मंजिल तक इसी बोक्ष के साथ चढ़ना पड़ता है।स्कूल में अभिभावकों को साध ली।स्कूल के अंदर दाखिल होने की अनुमति नहीं है।ऐसे में बच्चों को बस्ते का भारी बोझ खुद ही कक्षा तक ले जाना पड़ता है।स्कूल बच्चों को भारोत्तोलक और बैग लदे कंटेनर बना रहा है।स्कूल प्रशासन को बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कतई परवाह नहीं है।

स्कूल प्रशासन को बस अपनी कमाई से मतलब है।राष्ट्रीय स्कूल नीति 2020 शिक्षा निदेशालय ने एनसीईआरटी द्वारा जारी नई नई वैग नीति की अनुपालना को नवंबर 2020 में ही आदेश जारी किया था। नीति के अनुसार छात्रों के स्कूल बैग का वजन उनके शरीर के वजन का दस प्रतिशत ही होना चाहिए। शिक्षकों को एक दिन पहले ही बताना होगा कि अगले दिन कौन कौन सी किताबें लानी है।कक्षा दो तक किसी बच्चे को होमवर्क नहीं दिया जाएगा लेकिन जिले विभिन्न स्कूल बताते शिक्षा नीति के नियमों को धता हुए अपनी मनमानी पर उतारू हैं।इस मामले में बीएसए ने आचार संहिता का हवाला देते हुए कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। इधर बीईओ ने भी स्कूलों की जांच करने की बजाय उच्च्चाधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए चुपी साध ली है।

### भारी बैग दे सकता है विकलांगता

भारी बैग के चलते बच्चों की पीठ, कंधे और कमर दर्द की शिकायते आम हो गई है। कंधे पर लगातार बोझ से बच्चों की रीढ़ कर्व हो रही है।बस्ते का बोझ बच्चों को धीरे धीरे विकलांगता के कगार पर पहुंचा सकता है

### छात्र पंचायत में सौपा ज्ञापन

प्राइवेट संस्थानों के खिलाफ छत्र पंचायत में सोपे ज्ञापन आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिला प्रशासनिक अधिकारी को सोपा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा अभियानों से आवैधानिक तरीके से धन उगाही की जा रही है हर वर्ष ड्रेस के नाम पर शूज के नाम पर एडमिशन फीस के नाम पर बढ़ा शुल्क के नाम पर बदल बदल कर पैसे अभियान को से आते जा रहे हैं।

जिससे आम अभिभावक बहुत परेशान है व जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि यह हम दूसरी बार ज्ञापन दे रहे हैं अगर हमारे ज्ञापन को संज्ञान में लेकर इन प्राइवेट संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हम बड़े आंदोलन के लिए बात होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी वह मीडिया संयोजक नीरज ने बताया की अभिभावकों के साथ छात्र पंचायत खड़ा है छात्र पंचायत छात्रो के साथ शोषण नहीं होने देगा उनके लिए लड़ाई छात्र पंचायती लड़ेगा।हिमांशु तिवारी, प्रेम तिवारी हर्षित प्रदीप यादव,विकास सिंह राष्ट्रीय छात्र पंचायत के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता भारत के भाग्य विधाता: पंकज दीक्षित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज बहराइच। तहसील क्षेत्र कैसरगंज के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र कुंडासर मे मतदाता जागरूकता व स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गयी मोटरसाइकिल रैली। रैली को एसडीएम पंकज दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग सौ से अधिक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शिक्षको ने रैली निकाली तथा गांव-गांव का भ्रमण किया।मोटरसाइकिल रैली में एसडीएम पंकज दीक्षित,बीडीओ सत्य प्रकाश पांडे,खंड शिक्षा अधिकारी जेबी चौधरी सहित अन्य अधिकारीयों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्वयं गांव गांव जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया, स्लोगंन,कोई न छूटे इस बार , शिक्षा है सब का अधिकार, लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान ''चार कदम की दूरी है, मतदान बहुत जरूरी है आदि स्लोगन की तख्ती लिए छात्र छात्राओ ने आए हुए अध्यापकों का अभिवादन किया।रैली ब्लॉक संसाधन केन्द्र से प्रारंभ होकर तहसील मुख्यालय कैसरगंज, पबना रोड होते हुए प्राथमिक विद्यालय पूरे हिंदू सिंह पुरवा, दृगराज सिंह पुरवा , मंगल मेला, नई आबादी , जगन्नाथ महतो पुरवा होते हुए संविलियन विद्यालय मे समाप्त हुई इस अवसर पर तमाम अधिकारी व सैकड़ो अध्यापक उपस्थिति रहे।

# लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी उपलब्ध कराई तथा उनके सुझावों को भी सुना। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वप्रथम चुनाव को लेकर की गई तैयारी को मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।

उन्होंने कहा कि जनपद अमेठी में पांचवें चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, 3 मई तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाएंगे, 4 मई को नामांकन पत्रों की सवींक्षा की जाएगी तथा 6 मई को नाम वापसी होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं बैरीकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि की सभी तैयारियां कर ली गई हैं सभी जगह मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग आज पूर्ण हो गई है अगला प्रशिक्षण 10 मई से दिया जाएगा। ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन हो गया है दूसरा रेंडमाइजेशन माननीय प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में दिया जाएगा।

निर्वाचन के दौरान नगदी, शराब, पैसा, आभूषण एवं अन्य सामग्रियों के आवागमन की निगरानी हेतु उड़ान दस्ता टीमें सक्रिय हैं जिनके द्वारा आने जाने वाले वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार जांच की जा रही है 26 अप्रैल से स्थैटिक निगरानी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी तथा वहीं पर स्ट्रांग रूम व मतगणना संपन्न कराई जाएगी।

पोस्टल बैलेट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टल बैलेट इस बार डाक के माध्यम से नहीं आएंगे द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मनीषी महिला महाविद्यालय में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा उसी में पोस्टल बैलेट डाल सकेंगे। इसके अतिरिक्त मतदान के दिन 50% बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसमें टोल फ्री नंबर-1950 के साथ ही 04 अन्य लैंडलाइन नंबर क्रमशः 05368-244188, 298152, 298153, 298154 पर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराया जाने वाले विज्ञापनों का एमसीएमसी कमेटी से प्रमाणन अनिवार्य होगा इसके साथ ही प्रत्याशियों द्वारा अपना आपराधिक इतिहास भी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चुनाव प्रक्रिया के दौरान कम से कम तीन बार प्रकाशित करना होगा।

उन्होंने कहा कि नामांकन स्थल से 100 मीटर की परिधि में आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा केवल प्रत्याशी तथा उसके प्रस्तावक को आने की अनुमति होगी एक प्रत्याशी अधिकतम 04 सेट में अपना नामांकन दाखिल कर सकता है नामांकन प्रातः 11:00 से 3:00 बजे तक लिया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बारातियों को लेकर जा रही पिकअप पलटी, किशोर समेत दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बीती रात बड़ा हादसा हुआ है। बारातियों को लेकर लौट रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें किशोर समेत दो की मौत हुई है। वही दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। कुछ का लंभुआ सीएचसी तो कई लोगों का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के अवसानपुर में केशव राम यादव के घर से बारात गई थी। देर रात करीब दो बजे के आसपास पिकअप से दर्जन भर से अधिक बाराती लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि पिकअप जब गराएं रोड पर पहुंची तो कोतवाली क्षेत्र के सैतापुर सरांय गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप पर सवार बाराती घायल हुए और घटनास्थल पर कोहराम मच गया। आनन-फानन में सभी घायल बारातियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित किया। मृतक की पहचान सिंघम (12वर्ष) पुत्र अशोक सरोज निवासी देवी बीरपुर लंभुआ के रूप में हुई। यहां से दर्जन भर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों में सचिन कुमार निवासी लंभुआ, आदर्श धुरिया निवासी सेमरी राजापुर लंभुआ, कमला प्रसाद निवासी लंभुआ, गुड्डू निवासी जयसिंहपुर, सूरज निवासी जयसिंहपुर, महेश सरोज पुत्र सोमनाथ सरोज, मयंक सरोज पुत्र राकेश सरोज, पीएम सरोज पुत्र राजेश सरोज, निवासी देवरी वीरापुर, अशोक कुमार धुरिया निवासीसेमरी राजापुर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिट किया गया। यहां सचिन और गुड्डू की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लखनऊ रेफर किया। जहां रास्ते में सचिन (19वर्ष) की मौत हो गई। अन्य घायलों का सर्जिकल वार्ड में इलाज जारी है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि पिकअप गाड़ी लगभग 80 की स्पीड में मोड़ पर टर्न ले रही थी। जिस कारण हादसा हुआ। इसमें एक की मौके पर व दूसरे की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी कार्यालय में ही उड़ाई जा रही है स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां




पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।केंद्र और राज्य सरकार ने स्वच्छ भारत बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रखी हैं। लेकिन पूरनपुर तहसील में प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय परिसर में ही स्वच्छ भारत अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां तहसील के द्वितीय मंजिल पर जाने के लिए बनाई गई। सीढ़ीओ पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही द्वितीय मंजिल पर स्थित गैलरी में भी जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिनकी सफाई करने वाला कोई नहीं है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में स्थित अंबेडकर सभागार में प्रत्येक बुधवार को लगने वाला परिवार परामर्श केंद्र में आने वाले फरियादियों को इस गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। अंबेडकर सभागार के अंदर भी गंदगी का सम्राज्य है।लेकिन संबंधी विभाग मौन है। तहसील में पड़ी गंदगी के फोटो लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार पूरनपुर ने बताया है कि सफाई करने के लिए ईओ पूरनपुर को पत्र लिखा है।

# पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी।थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक दया शंकर मिश्र मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकेश सरोज पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम गुटुनपुर मजरे सम्भावा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को मनीपुर तिराहे के पास से समय गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।थाना गौरीगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# यूपी बोर्ड में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान समारोह आयोजित

## डीएम, एसपी व सीडीओ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। यूपी बोर्ड हाई स्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जनपद स्तर पर उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को माला पहनकर व किताब देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीएम, एसपी व सीडीओ ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जब आप मेहनत करेंगे तभी आपको सफलता मिलेगी, कड़ी मेहनत से ही आपके लिए सफलता के द्वार खुलेंगे, मेहनत करके ही आप अपने देश, समाज तथा अपने मां-बाप के प्रति आपका जो दायित्व हैं उनका निर्वहन पूर्ण कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई एक तपस्या है यह सफलता आपकी यज्ञ की पहली आहुति थी इसके उपरांत आपको और मेहनत करके अपने आप को और ऊंचाइयों तक ले जाना है इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी मेधावियों से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आगामी 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही अपने आसपास के लोगों का भी मतदान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक में सभी मेधावियों को बधाई देते हुए कहा कि अब आपके लिए सभी रास्ते खुल गए हैं आगे और कड़ी मेहनत करके आप अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुसार कड़ी मेहनत करें इसके उपरांत आपको सफलता अनिवार्य रूप से मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी मेधावियों तथा उनके माता-पिता, गुरुजनों को बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप आइकन प्रार्थना सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने डीएम, एसपी का सीडीओ को शील्ड देकर सम्मानित किया।हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं सौरभ सिंह, आराधना शुक्ला, आबू जैद, समीक्षा सिंह, सेजल, अंकित मौर्या, आदित्य चौरसिया, यशी सोनकर, प्राची सिंह, आस्था पांडे, सुभी, सचिन, दिव्यांशी, फिजा परवीन, अक्षत मौर्या, अनादि गुप्ता, सृष्टि सिंह, निधि बाजपेई, सचिन कुमार, मेघना सिंह, हिमांशु प्रजापति, आयुषी यादव, कोमल पाठक, प्रिंसी व संतोष यादव।इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं-

गुलाब चौहान, विवेक पटेल, अंजलि चौरसिया, जसवंत कुमार, श्रेया तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, शुभम कुमार वर्मा, सुमित तिवारी, मो0 अयान, हर्ष पाण्डेय, श्रद्धा दूबे, प्रिया शाहू, पिंकी यादव, अभय प्रताप सिंह, गरिमा गुप्ता, विनीता, सूरज, अंशिका यादव व अनुपम यादव।

# चिकित्सक की पुत्री जोया ने 86.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव का किया नाम रौशन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कहते हैं जीवन में किसी को सफलता यूं ही नहीं मिल जाती इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है।और अपने को परिश्रम की कठिन अग्नि में जलाना पड़ता है।अभी हाल ही यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी हुआ जिसमें शेरपुर कला की जोया फारूक पुत्री फारूक द्वारा इंटरमीडिएट कक्षा में 432 अंक पाकर 86.4 प्रतिशत के साथ जोया ने इंटरमीडिएट कक्षा में अपने को सफल बनाया साथ ही साथ उनके इस सहयोग में उनके गुरुजनों का अमूल योगदान रहा। एक छोटे से गांव में रहकर कठिन परिश्रम करके निरंतर सफलता की टकटकी लगाए खुद को सफल बनाने के उद्देश्य से मेहनत करना एक दिन निश्चित ही कामयाब बनता है। ऐसा ही कुछ जोया के साथ हुआ जोया की इस कामयाबी से उनके माता-पिता और एपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह एव कॉलेज स्टाफ के लोगों ने उन्हें बधाइयां दी है।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरो पर की छापेमारी मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। औषधि निरीक्षक पीलीभीत नेहा वैश ने थाना हजारा में अन्तर्गत सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल प्राप्त से प्राप्त दिशा निर्देश पर कबीरगंज व नहरोसा क्षेत्र में अलग अलग कई मेडिकल स्टोरो पर छापामार कार्यवाही की गयी हैं ।रमन मेडिकल स्टोर पर औचक कार्यवाही के दौरान प्रतिष्ठान पर दवा व्यवसाय व दवाओ से सम्वन्धित अभिलेखों, दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की गयी हैं ।प्रतिष्ठान पर फार्मासिस्ट उपस्थित पाये गए हैं ।दुकान में दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर प्रतिष्ठान स्वामी को चेतावनी दी गयी व मौके पर आख्या नियामानुसार प्रपत्र पर अंकित कर सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल बरेली प्रेषित किए गए हैं ।निरीक्षण के दौरान अन्य दवा प्रतिष्ठान देवल मेडिकल स्टोर पर औचक कार्यवाही के दौरान प्रतिष्ठान पर दवा व्यवसाय से सम्वन्धित अभिलेखों,दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की गयी हैं ।दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर प्रतिष्ठान पर उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामी को विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गयी हैं ।निरीक्षण आख्या प्रपत्र पर अंकित कर नियमानुसार सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किए गए हैं ।मौके पर अन्य समस्त दवा दुकानदार दुकाने बंद कर चले गए हैं ।जिसकी सूचना सहायक आयुक्त को प्रेषित की गयी हैं ।

# जनता को मोदी की गारंटी के प्रति है विश्वास : सांसद

## सांसद ईमानदार व ताकतवर हो तो हनक से हो जाते हैं काम : मेनका

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर।पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 20 वें दिन इसौली वि.स. में एक दर्जन से अधिक नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने बीते 5 सालों में अपना परिवार मानकर सबके विकास को सुनिश्चित किया है।सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों की चौखट तक पहुंचा है।जनता के मन में मोदी की गारंटी के प्रति विश्वास है।उन्होंने कहा लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी अदालत होती है।मुझे विश्वास है कि किए गए विकास व सुशासन के बल पर हम और हमारी पार्टी जनता के अदालत में इतिहास रचेंगे। सांसद श्रीमती गांधी ने कहा जाति कौम देखकर नहीं कमल के फूल पर वोट दें।भाजपा सरकार गरीबों की दिशा व दशा बदली हैं और आगे भी बदलने के लिए संकल्पित है।श्रीमती गांधी ने सभाओं में रोज के रोज की जा रही मदद की विस्तार से चर्चा की।बुधवार को सांसद श्रीमती गांधी ने इसौली विधानसभा की नुक्कड़ सभाओं में किसान का बिल 8000 से 238 रुपए किए जाने की चर्चा की।उन्होंने कहा जब आपका नेता व सांसद ईमानदार व ताकतवर होता है तो उसकी हनक से ही जनता के बहुत सारे काम हो जाते हैं।यह मामला धनपतगंज ब्लॉक के अमऊ जासरपुर गांव का है। इस गांव के किसान सत्यदेव मिश्रा ने घर के उपयोग के लिए बिजली का कनेक्शन ले रखा है।इसका बिल मार्च में उन्होंने जमा किया था। इसके बाद 17 अप्रैल को 8858 रुपए का बिल आ गया।बिल देखकर चौके और इसे लेकर प्रधान बबलू के पास गए तो उन्होंने बिजली विभाग के जेई से बात की।जेई द्वारा सही जवाब न मिलने पर उन्होंने जेई से सांसद मेनका संजय गांधी से शिकायत किए जाने की बात कही। सांसद का नाम सुनते ही आधे घंटे बाद ही केएनआई उपकेंद्र के जेई ने किसान के पास संशोधित बिल मात्र 238 रुपए भेज दिया। इसी तरह सांसद श्रीमती गांधी ने निषाद बाहुल्य गांव मुडुआ व निरसहिया में निषादों के लिए किए गए तमाम कार्यों की चर्चा की। श्रीमती गांधी ने महाराष्ट्र में बंधक बनाए गए सैंकड़ों मछुआरों को छुड़वाने की चर्चा भी की?। उन्होंने कहा मेरा और मेरे बेटे वरुण का निषादों से दिलीय रिश्ता रहा है। हमने हमेशा निषादों की मदद की है।

# बीएसए ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को आदेश का सख्ती के साथ अनुपालन कराने का निर्देश दिया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अत्यधिक गर्मी और लू पड़ने के कारण अमेठी जनपद के विद्यालयों में पठन पाठन का समय परिवर्तित किया गया है जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक के समस्त विद्यालयों में सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक कक्षाएं संचालित की जायेंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के कम में अत्यधिक गर्मी और लू पड़ने के दृष्टिगत छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।बीएसए ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता के दृष्टिगत जनपद के वेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त,सहायता प्राप्त, सीवीएसई,आईसीएससी एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा एक से कक्षा आठ तक के समस्त विद्यालयों में छात्रों के लिये पठन पाठन कार्य हेतु प्रातः आठ बजे से बारह बजे तक एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षेणत्तर कर्मचारी विद्यालय के निर्धारित समय अपरान्ह दो बजे तक उपस्थित होकर विद्यालयी कार्य और निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों का निस्पादन करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि साथ ही उपरोक्त वर्णित समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय में शुद्ध पेयजल एवं ओआरएस पैकेट के साथ आवश्यक दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाये और आउटडोर गतिविधियां तत्काल प्रभाव से रोक दी जाय। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लू से बचाव हेतु जागरूक किया जाये और उक्त आदेश का समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय खरांवा की निर्माण प्रभारी से खामियों पर मांगा जबाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्राथमिक विद्यालय खरांवा द्वितीय के नवीन भवन निर्माण में खामियों पर जताई नाराजगी**

तिलोई अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय खरांवा द्वितीय के नवीन भवन निर्माण में अनियमितताओं की जांच करने पहुंचे सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी को एक दर्जन से अधिक खामियां मिली। एएओ की जांच आख्या पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुये निर्माण प्रभारी को नोटिस जारी किया है और तीन कार्य दिवस में जबाब मांगा है।बीएसए की सख्ती से बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय खरांवा द्वितीय के नवीन भवन निर्माण में अनियमितताओं की जांच सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी नरेन्द्र पाल सिंह से उन्नीस अप्रैल को कराई थी। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी नरेन्द्र पाल सिंह के निरीक्षण में एक दर्जन से अधिक खामियां पाई गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने निर्माण प्रभारी प्रेम कुमारी शुक्ला को जारी किये गये पत्र में लिखा है कि मदवार मांग पत्रावली,मांग के सापेक्ष अनुमोदन, एसएमसी पंजिका,समस्त कय/कार्यादेश पत्रावली,स्टाक पंजिका (डेड स्टाक पंजिका, कन्जूमएबल स्टॉक पंजिका) और पीपीए पंजिका, बिल वाउचर (गार्ड फाइल) के साथ ही भुगतान आदेश की प्रति,मरम्मत एवं बाउण्ड्रीवाल की साइट पंजिका, स्टीमेट एवं निर्माण की कार्यवाही पंजिका एवं धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र,बैंक स्टेटमेन्ट और पुराने खाते का भी स्टेटमेण्ट,कम्पोजिट एवं अन्य मद में व्यय लिमिट का उपभोग प्रमाण पत्र के साथ ही मरम्मत, बाउण्ड्रीवाल की लिमिट में उन समस्त पीपीए संख्या, धनराशि,पीपीए का किसके पक्ष में भुगतान हुआ है का पूर्ण विवरण और किस उद्देश्य से धनराशि आहरित की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि उक्त आरोपों के क्रम में निर्माण प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय में पायी गयी कमियों को ठीक कराते हुये छब्बीस अप्रैल को समय चार बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करें यदि उक्त तिथि को उपस्थित न होने के दशा में अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व निर्माण प्रभारी का होगा।

# गन्ना समितियों से किसान किराये पर ले कृषि यन्त्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**चीनी मिल पीलीभीत के मुख्य महाप्रबन्धक गन्ना केबी शर्मा ने गहरी जुताई करने एवं खर -पतवार नियंत्रण के बारे में जानकारी दी।**

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, शाहजहाँपुर के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम पंसोली गन्ना विकास परिषद पीलीभीत में गन्ना कृषकों को सम-सामयिक जानकारी दी गयी।

वैज्ञानिक डॉ. सीएस पॉशवाल ने किसानों से रोग-कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।उन्होंने गन्ने में परणीय छिड़काव को बढ़ावा देने के लिये एनपीके जल विलेय उर्वरक 19 :19 :19 के साथ क्लोरिपैरिफॉस 50 ई. सी. के 0.2 प्रतिशत घोल के स्प्रे करने की सलाह दी।गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक पीके कपिल ने उत्पादन बढ़ाने में पेड़ी प्रबंधन करने की वैज्ञानिक तरीके की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने ट्रेश मल्चिंग के तरीके और उससे होने वाले लाभ,कार्बनिक पदार्थों की मृदा में उपयोगिता एवं पादप पोषण में इसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत रामभद्र द्विवेदी ने इस वर्ष की गन्ना सर्वेक्षण नीति के बारे में विस्तार से बताया और कृषकों की अपने प्लाट पर जाकर सर्वे कराने एवम उपस्थित रहने को कहा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष केवल पौधे गन्ने का सर्वे किया जा रहा है। तथा सर्वेक्षण के समय ही फसल की बुआई की तिथि भी दर्ज की जा रही है। सभी कृषक भाई सर्वे के बाद,उसी समय सर्वे पर्ची प्राप्त कर लें। चीनी मिल पीलीभीत के मुख्य महाप्रबन्धक गन्ना केबी शर्मा ने गहरी जुताई करने एवं खर -पतवार नियंत्रण के बारे में जानकारी दी।जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि किसानों के हित के लिए गन्ना समितियों में फार्म मशीनरी बैंक स्थापित हैं।जहाँ से कृषक बंधु ट्रेक्टर,एमबी प्लाऊ, रोटावेटर,मल्चर,रिंग पिट डीगर जैसे कृषि यंत्र किराए पर प्राप्त कर अपने खेत मे प्रयोग कर सकते हैं। वैज्ञानिको द्वारा बताये गये तरीके से किसान अधिक उत्पादन ले सकते है।उन्होंने बताया कि किसानों को जिला योजना के अंतर्गत भूमि एवं बीज शोधन हेतु कीटनाशक कलोरिपैरिफॉस,इमीदाक्लोरोपि,शीरासागी,काटेंप एवं फफूंदनाशी रसायन मायोशी उपलब्ध है।जिसका प्रयोग आप लोग अवश्य करें। गोश्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक अहिवरन सिंह ने की।ग्राम प्रधान रामकिशन,बाबूराम,मुकेश,लालाराम,रामप्रसाद मंगली एवम चीनी मिल पीलीभीत के उप प्रबंन्धक गन्ना संजीव राठी व फील्ड के कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# ईरान-इजरायल का टकराव खतरनाक

इजरायल और ईरान में तनाव बढ़ने के बाद दोनों देशों का लंबे समय से चला आ रहा शत्रुतापूर्ण संबंध एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। वर्ष 1990 में पहले खाड़ी युद्ध में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में इराक की सेना ने इजरायल पर स्कड मिसाइलों से हमला किया था। मगर कुछ दिन पहले इजरायल ने जिस बड़े हमले का सामना किया वह चौंकाने वाला था। पिछले कुछ दशकों में इजरायल पर इतना भीषण हमला नहीं हुआ था। उसकी मिसाइल रक्षा प्रणाली ने ईरान द्वारा प्रक्षेपित 331 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि इन मिसाइलों को नाकाम करने में इजरायल को अमेरिका और ब्रिटेन का पूरा सहयोग मिला। महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि ईरान को इजरायल पर इतना बड़ा हमला करने पर विवश क्यों होना पड़ा? इस घटना से कुछ सप्ताह पहले इजरायल ने दमिश्क में ईरान के दूतावास पर हवाई हमला किया था। इस हमले में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प (आईआरजीसी) के दो शीर्ष कमांडर मारे गए थे। यह घटना ईरान और इजरायल के बीच ताजा तनाव का तात्कालिक कारण था। ईरान ने इजरायल पर खैबर शेकन एवं एमाड बैलिस्टिक और पावेह क्रूज मिसाइलों से हमले किए थे। ईरान ने हमले में शहीद 131 और 136 ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। रूस की सेना यूक्रेन में शहीद 136 यूएवी का इस्तेमाल कर रही है। ईरान का तर्क है कि इजरायल ने उसके कूटनीतिक मिशन पर हमला कर सभी सीमाएं लांघ ली हैं। ईरान अपने कूटनीतिक मिशन को संप्रभु क्षेत्र मानता है। इजरायल पर ईरान का जवाबी हमला इस मायने में पूरी तरह जवाबी नहीं कहा जा सकता कि इजरायल ने पायलट चालित लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया था जबकि ईरान ने मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और मिसाइलों से हमला किया था। ईरान के पास मानव चालित हवाई मारक क्षमता की कमी है मगर उसके पास यूएवी, बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइल जरूर हैं। इसी वजह से ईरान ने इजरायल पर इनका इस्तेमाल किया। ईरान ने जितनी बड़ी तादाद में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया वह भी इजरायल के शुरुआती हमले के बराबर नहीं ठहरता। मगर ईरान का तर्क है कि उसके दूतावास पर हमले का जो जवाब दिया वह उपयुक्त और अपेक्षित था। ईरान का हमला बहुत सफल नहीं माना जा सकता क्योंकि उसके अधिक से अधिक पांच मिसाइल ही इजरायल के सुरक्षा तंत्र को भेद पाए। मगर इन बातों से इतर ईरान के नजरिये से यह पर्याप्त था क्योंकि उसने केवल मकसद से इस हमले को अंजाम दिया था। ईरान ने इजरायल को यह संदेश भेजने की कोशिश की कि उसे उसके अधिक महत्त्व एवं सामरिक रूप से संवेदनशील ठिकानों पर हमले करने से बचना चाहिए। वास्तव में पांच बैलिस्टिक मिसाइल इजरायल का सुरक्षा चक्र भेदने में सक्षम थे और वे नेगेव क्षेत्र में नेवातिम एयरबेस तक पहुंच गए जिससे इसे मामूली नुकसान पहुंचा। इजरायल को चेतावनी देना ईरान का मुख्य मकसद था। मगर इन सब के बावजूद हम ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले की 'विफलता' से क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं? ऐसा हो सकता है कि ईरान का मिसाइल एवं ड्रोन हमला इसलिए असफल रहा कि यह एक सोची-समझी रणनीति के तहत किया गया था। ईरान ने पहले ही कह दिया था कि वह जवाबी कार्रवाई करेगा और सार्वजनिक तौर पर यह भी बता दिया कि वह किस तरह इस हमले को अंजाम दे सकता है। इस तरह, ईरान ने जान-बूझकर इजरायल और अमेरिका को पहले से सतर्क होने का मौका दे दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि इजरायल और उसके सहयोगी देशों- अमेरिका और ब्रिटेन- को ईरान के मिसाइल एवं ड्रोन हमले से निपटने की तैयारी करने का पर्याप्त समय मिल गया। हमले को लेकर सभी बातें सार्वजनिक कर ईरान अपने धुर विरोधी को सुरक्षा इंतजाम करने का पर्याप्त समय दे रहा था और साथ ही यह भी सुनिश्चित कर रहा था कि उसे इजरायल एवं सहयोगी देशों से किसी बड़े हमले का सामना नहीं करना पड़े।

# दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्या:' का निहितार्थ

**डेनिस हेस और अन्य आन्दोलनकारियों के साथ मिल कर इस जागरुकता अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का निश्चय किया गया। इसकी शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर हुई और इस दिन को पृथ्वी दिवस का नाम दिया गया। यानी पृथ्वी के स्वास्थ्य की चिंता करने का दिन। इस कार्यक्रम को भारी जन समर्थन मिला। इससे बने दबाव के चलते ही अमेरिका में ''शुद्ध वायु कानून'' और ''शुद्ध जल कानून'' पारित हुए। इसे वर्तमान पर्यावरण आंदोलनों की शुरुआत भी माना जाता है। धीरे-धीरे पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। इस समय तक 192 देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है ताकि पृथ्वी के पर्यावरण को हो रही हानियों के प्रति जागरुकता फैले और हमारे रहन-सहन, उत्पादन पद्धतियां और कायदे कानून पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में मुड़ें। सन 2000 से पृथ्वी दिवस को जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित किया गया है। जलवायु परिवर्तन वर्तमान में पर्यावरण की मुख्य समस्या बनती जा रही है। इसकी ओर ध्यान देना जरूरी हो गया है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय वस्तु ''पृथ्वी ग्रह बनाम प्लास्टिक रही। अब इस दिशा में सालभर कितना काम होता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।**

आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य शृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो (।2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं।

आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुनः चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168।96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है।उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं। दुबई, इंडोनेशिया, और अफ्रीकी देशों की हाल की बेमौसमी बाढ़ें, यूरोप और अमेरिकी देशों के बेमौसमी बर्फीले तूफान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हैं। गरीब देशों और कृषि प्रधान देशों पर इसका सबसे ज्यादा हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। गरीब देशों में भी सबसे गरीब लोग ही ज्यादा प्रभावित हों रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन सामाजिक न्याय के लिए भी वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन कर खड़ा है, जिससे निपटने में देर आत्मघाती ही सिद्ध होगी। पृथ्वी दिवस इस खतरे के प्रति सजग करने का अवसर होता है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यही भारतीय सभ्यता का संदेश भी है जिसने ''माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्या:'' कह कर मानव को भूमि का पुत्र घोषित किया है। हम मां के वात्सल्य पूर्ण आंचल की रक्षा अपने ही हित के लिए कर सकें अपनी गलतियों को सुधार कर। इस संदर्भ में अतीत के पन्नों पर झांकना जरूरी है। 1962 में राचेल कार्सन ने ''साइलेंट स्प्रिंग'' नामक पुस्तक लिखी जिसमें पर्यावरण को कीटनाशकों से हो रहे नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। कीटनाशकों की कुछ मात्रा अनाजों में आ जाती है और खाद्य शृंखला में दाखिल हो जाती है, जिसका दुष्प्रभाव मानवजाति के अतिरिक्त अन्य पशु- पक्षियों पर भी पड़ जाता है जिसके कारण कई पक्षी प्रजातियां लुप्त हो रही थीं, जिनके बिना वसंत का सौन्दर्य ही समाप्त हो रहा है। पुस्तक इतनी प्रसिद्ध हुई की बेस्ट सेलर बन गई। इससे अमेरिका में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ी। 1969 में जब दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट पर खनिज तेल दुर्घटना हुई तो सेनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने उस क्षेत्र का दौरा कर समुद्री जीवों की तबाही देखी जो समुद्र के पानी पर तेल के फैलने के कारण हुई थी। नेल्सन ने इस मुद्दे पर जागरुकता फैलाने के लिए ''टीच इन'' कार्यक्रम कॉलेजों में आयोजित किए। डेनिस हेस और अन्य आन्दोलनकारियों के साथ मिल कर इस जागरुकता अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का निश्चय किया गया। इसकी शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर हुई और इस दिन को पृथ्वी दिवस का नाम दिया गया। यानी पृथ्वी के स्वास्थ्य की चिंता करने का दिन। इस कार्यक्रम को भारी जन समर्थन मिला। इससे बने दबाव के चलते ही अमेरिका में ''शुद्ध वायु कानून'' और ''शुद्ध जल कानून'' पारित हुए। इसे वर्तमान पर्यावरण आंदोलनों की शुरुआत भी माना जाता है। धीरे-धीरे पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। इस समय तक 192 देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है ताकि पृथ्वी के पर्यावरण को हो रही हानियों के प्रति जागरुकता फैले और हमारे रहन-सहन, उत्पादन पद्धतियां और कायदे कानून पर्यावरण मित्र विकास की दिशा में मुड़ें। सन 2000 से पृथ्वी दिवस को जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित किया गया है। जलवायु परिवर्तन वर्तमान में पर्यावरण की मुख्य समस्या बनती जा रही है। इसकी ओर ध्यान देना जरूरी हो गया है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय वस्तु ''पृथ्वी ग्रह बनाम प्लास्टिक रही। अब इस दिशा में सालभर कितना काम होता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। कुल भूषण उपमन्यु

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

**आर.के. सिन्हा**

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जाएगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं ऋउन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है।

## सेहत मंत्र

# गर्मियों में इस रामबाण घरेलू उपचार से करें लू का इलाज

गर्मी के मौसम में कड़कती धूप की वजह से शरीर का खास ख्याल रखना जरूरी है। इस मौसम में शरीर को कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा रहता है। अक्सर काम के सिलसिले में लोग बाहर जाते हैं और तेज धूप और गर्म हवाएं उनके शरीर पर पड़ती हैं जिससे लू लगने का खतरा रहता है। गर्मी में शरीर से पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। लू लगने पर शरीर में गर्मी, खुश्की और थकावट महसूस होती है। लू लगने को हीट स्ट्रोक भी कहा जाता है। गर्मियों में लू से बचने के लिए घर से बाहर निकलने से पहले अपने हाथ और मुंह को कपड़े से जरूर कवर करें। इन सब के अलावा भी ऐसे कई घरेलू नुस्खे हैं जो आपको लू से बचाने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। 1.धनिया - सबसे पहले धनिए को पानी में थोड़ी देर के लिए भिगो दें। फिर थोड़ी देर बाद धनिए को पानी में से निकाल कर अच्छी तरह उसे मसल लें। अब पानी को छान कर उसमें थोड़ी-सी चीनी मिलाकर इसका सेवन करें। 2. कच्चा आम शर्बत- गर्मी में लू से बचने के लिए कच्चे आम का शर्बत बहुत फायदेमंद होता हैं। 3. इमली- इमली के बीज लू से बचाने में काफी मददगार साबित होते हैं। इमली को पानी में कुछ देर तक भिगोकर फिर उसे छान लें। फिर एक गिलास में थोड़ी सी यह घुली हुई इमली की मात्रा लें और चीनी ,पानी मिलाकर इसका सेवन करें। 4.प्याज - प्याज भी लू से बचाने में काफी कारगार है। रोज खाने में कच्ची प्याज को सलाद के रूप में जरूर शामिल करें। आप धूप में जाने से पहले अपनी जेब में प्याज भी रखकर जाएंगे तो आप कड़कती गर्मी से बच सकेंगे। 5. गूंद-कतीरा- गर्मियों में लू से बचने का रामबाण उपाय है रोज गूंद-कतीरे का सेवन करना। आप इसे रातभर पानी में भिगोकर रखें और फिर चीनी मिले दूध में मिलाकर खाएं। इसकी तासीर ठंडी होती है इसलिए यह बहुत ही फायदेमंद है।

## धर्म मंत्र

# एक लाईन का जाप कर सकता है आपकी कमजोरी का सर्वनाश

किसी भी अदृश्य शक्ति को वश में करने के लिए मंत्रों का उच्चारण या जाप महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विधानपूर्वक मंत्र जाप करना हर किसी के बस की बात नहीं होती। ऐसे उपासकों के लिए देवी-देवताओं से मनचाही इच्छा पूरी करवाने की अत्यधिक सरल और प्रभावकारी विधि है चालीसा का पाठ। इसमें भी दिव्य प्रभाव होता है। विद्वानों का कहना है की चालीसा का पाठ करना जितना सरल है, उतनी जल्दी वह अपना प्रभाव भी दिखाता है। %हनुमान चालीसा% के पाठ में ऐसी शक्ति है, संसार की कोई भी ताकत उसे पराजित नहीं कर सकती। जो भी भक्त नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसे रामदूत की कृपा प्राप्त होती है। उसके हर दोहे और चौपाई में इंद्रजाल बुना पड़ा है। जिस भी बुनती को खोलेंगे, जीवन की तमाम समस्याएं हल होती जाएंगी। हनुमान चालीसा की एक ऐसी चौपाई है जिसका नियमित जाप करने से शारिरिक कमजोरी दूर होती है, व्यक्ति ताकतवर और बलवान बनता है। महिला अथवा पुरूष कोई भी श्रद्धा भाव से इसका जाप कर सकता है। जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर। रामदूत अतुलित बलधामा।, अंजनिपुत्र पवनसुत नामा।। हनुमान जी श्रीराम के दूत हैं और अतुलित बल के धाम हैं अर्थात असीम बलशाली हैं। अंजनी माता के गर्भ से उत्पन्न होने पर अंजनी पुत्र कहलाते हैं। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जी को पवन देव का पुत्र भी कहा गया है इसलिए इन्हें पवनसुत भी कहा जाता है। इस चौपाई का जाप करने से किसी भी तरह की शारीरिक दुर्बलता दूर होती है।

## पर्यटन



# एडवेंचर के शौकीनों के लिए बेस्ट है उत्तराखंड के ट्रैकिंग प्वाइंट

अगर आप ट्रैकिंग के शौकीन हैं, तो आप उत्तराखंड की ऐसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं, जहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ ट्रैकिंग का मजा भी ले सकते हैं। यहां के गढ़वाल और कुमाउं क्षेत्र की बर्फ से ढकी पहाड़ियां में अडवेंचर पसंद करने वालों के लिए भी ढेरों ऑप्शन्स मौजूद हैं। आप यहां जाकर ट्रेकिंग कर सकते हैं, कैंपिंग कर सकते हैं या फिर शांत वातावरण में अकेले बैठक सुकून के पल बिता सकते हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं ट्रैकिंग डेस्टिनेशन। धूमधारकांडी ट्रेक- उत्तराखंड के गढ़वाल रीजन का सबसे मुश्किल और थका देने वाला ट्रेक है। धूमधारकांडी ट्रेक जो 5300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और स्वर्गारोहिणी और बंदरपुंछ को जोड़ता है। इस ट्रेक तक पहुंचने का रास्ता बेहद दुर्गम है और यह अपने अप्रत्याशित मौसम के लिए भी जाना जाता है। ट्रेक के रास्ते में आपको चारधाम के यमुनोत्री मंदिर से वापस लौट रहे कई तीर्थयात्री भी मिल जाएंगे। पनपटिया कोल- पनपटिया ग्लेशियर से होकर गुजरने वाली पन्पटिया कोल ट्रेक 4200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जो गढ़वाल रीजन की सबसे ऊंची चोटी है। यह ट्रेक, हिंदू धर्म के 2 सबसे अहम केंद्र केदारनाथ और बद्रीनाथ के बीच पुल का काम करता है। इस ट्रेक का पूरा रास्ता पहाड़ों की प्राकृतिक खूबसूरती और फूलों से भरा पड़ा है। यहां से चौखंबा, नीलकंठ, पार्वती की चोटी और सुजल सरोवर (ग्लेशियर लेक) का बेहद खूबसूरत नजारा दिखता है। चंद्रशीला ट्रैक- चंद्रशीला ट्रैक की शुरूआत चोप्टा से शुरू करनी होती है। इस ट्रैक की सबसे अच्छी बात ये है कि आप यहां साल में किसी भी मौसम में आ सकते हैं। ये पूरे साल खुला रहता है। आप चंद्रशीला को हिमालय का सबसे हल्का ट्रैक भी कह सकते है. आप ये ट्रैक 3-6 दिनों में पूरा कर सकते हैं. इसकी ऊंचाई तुंगनाथ से लगभग 4000 मीटर है। दयारा बुग्याल-आपको अगर सबसे खूबसूरत घास के मैदान देखने हैं, तो आप यहां आ सकते हैं। ये ट्रैक 3048 ऊंचाई पर है स्थित है। यहां बंदरपूंछ और गंगोत्री का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है।

# चुनाव में मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण: डीएम




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण ले। जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक ईवीएम सील करने, वीवीपैट से पर्ची निकालने, सभी प्रपत्रों को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, बीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का संवेदनशीलता एवं गंभीरता से प्रशिक्षण ले।

उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने आज जीआईसी ऑडिटोरियम में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदान कार्मिक के मन में किसी प्रकार का प्रश्न है, तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनरों से पूछे।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री आशीष पाठक द्वारा पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर पोलिंग एजेंट की तैनाती, मतदान के लिए ईवीएम तैयार कर सील करने, पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया एवं अभिलेखों को भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।प्रशिक्षण के दौरान जीजीआइसी की कक्षाओं में पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान हेतु ईवीएम तैयार करके सील करने तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया और उन्हें रिहर्सल भी कराया गया।प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार,जिला प्रशिक्षण अधिकारी गरिमा सिंह, प्रवक्ता आशीष सहित पाठक सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बीएचयू में फ़ेडरेशन कप सीनियर कुश्ती का भव्य आगाज, पहलवानों ने दिखाया दम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी। बाबा विश्वनाथ की नगरी में स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान में बुधवार से तीन दिवसीय फ़ेडरेशन कप सीनियर कुश्ती पुरुष व महिला वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में पहलवानों ने पूरे दमखम से प्रतियोगिता में भागीदारी की।

प्रतियोगिता का उद्घाटन सर्वेश्वरी समूह (पड़ाव) के अध्यक्ष औघड़ संत गुरुपद संभव राम ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। इस अवसर पर संत ने देश के विभिन्न राज्यों से प्रतियोगिता में भाग लेने आये महिला-पुरुष पहलवानों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ देश की प्राचीन विधा को संजीवनी देने का सराहनीय प्रयास कर रहा है। आज के अत्याधुनिक खेलों के बीच इस प्राचीन खेल को जीवंत रखने के लिए आयोजक बधाई के पात्र है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह 'बबलू' ने आयोजन में आने पर औघड़ संत का आभार जताया। अध्यक्ष ने कुश्ती संघ के पदाधिकारियों एवं विभिन्न इकाइयों से आये सदस्यों के साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने आये पहलवानों का स्वागत किया। आयोजन में सहयोग के लिए बीएचयू क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारियों एवं विशेष सहयोगी डा. मयंक नारायण सिंह, प्रो. राकेश सिंह का आभार जताया।उन्होंने कृषि विभाग, बीएचयू सचिव क्रीड़ा परिषद प्रो. भुवनचंद कापड़ी, आयोजन समिति के सदस्य अशोक अग्रवाल एवं सुशील सिंह का भी आभार जताया। संजय सिंह बबलू ने कहा कि हमें इस आयोजन को कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारा पूरा प्रयास कुश्ती के उत्थान के लिए होगा, जिससे भारतीय कुश्ती विश्व में अपनी अलग पहचान बना सके।उन्होंने कहा कि विगत दिनों हुई घटना के बाद अचानक इतनी बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन एक चुनौती थी।

## खेत में करंट की चपेट में आने से किसान की मौत के मामले में आरोपी को सात साल की कैद

चित्रकूट । सिंचाई के लिए खेत में बिछाए गए करंट युक्त तार में उलझकर हुई किसान की मौत के मामले में सत्र न्यायाधीश ने तार बिछाने के आरोपी को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से भी दण्डित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बुधवार को बताया कि रैपुरा थाने के बराछी गांव के कुशल का पुरवा निवासी रमाकांत उर्फ कंचन ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसके पिता कौशल किशोर (55) खेत में सिंचाई करने के लिए गए थे। बगल के खेत वाला रामपुर गांव का निवासी धर्मराज सिंह अपने खेत की सिंचाई के लिए उनके खेत से लोहे की नंगी करंट युक्त तार जमीन से होते हुए अपने खेत ले गया था। पूर्व में भी उन लोगों ने खुली तार होने के कारण करंट लगने की आशंका जाहिर करते हुए तार हटाने की बात कही थी। इसके बावजूद धर्मराज नहीं माना। इसके चलते नौ मार्च 2022 को दोपहर लगभग 2:30 बजे खेत में सिंचाई करने के दौरान उनके पिता कौशल किशोर करंट युक्त तार की चपेट में आकर झुलस गए। जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद धर्मराज अपनी तार खींचकर भाग गया। इसके बावजूद मौके पर दो-तीन मीटर तार लगी थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। साथ ही मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बुधवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी धर्मराज को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## भारत में 30 प्रतिशत लोग मानसिक समस्या से ग्रसित : नीरज शर्मा

मेरठ,। एमएचएम इंडिया के पर्सनल रिलेशनशिप मैनेजर नीरज शर्मा ने कहा कि आज भारत में 20 से 30 प्रतिशत लोग मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश को इसकी जानकारी भी नहीं है।चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के पुरातन विद्यार्थियों द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया द्वारा बुधवार को दिल्ली ग्लोबल स्कूल मवाना रोड मेरठ में अध्यापकों के लिए 'क्लास रूम चलेंजेज एवं इमोशनल वेल बीइंग' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।मुख्य वक्ता एमएचएम इंडिया के पर्सनल रिलेशनशिप मैनेजर नीरज शर्मा ने बताया कि अधिकांश मानसिक रोगों से ग्रसित व्यक्ति को इसका पता भी नहीं होता। उन्हें किसी ना किसी प्रकार से सहायता क्री आवश्यकता है, जिसे सिर्फ मनोवैज्ञानिकों की सहायता से ठीक किया जा सकता है। ज्यादातर लोग या तो मानसिक समस्याओं के बारे में जानकारी कम रखते हैं अथवा जिन्हें इसके बारे में पता है वे समाज के द्वारा कलंकित होने के डर से दूसरों से अपनी मन की समस्याओं को साझा नहीं करते हैं। इससे वे अपनी बीमारियां बढ़ते रहते हैं।उन्होंने कहा कि यदि हम स्कूलों में शिक्षकों को इमोशनल वेल बीइंग जैसे विषयों के बारे में शिक्षित करेंगे तो वे स्वयं ही नहीं अपितु अपने विद्यार्थियों को भी मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सकारात्मक विचारों वाला सशक्त नागरिक बना सकेंगे। उन्होंने अध्यापकों को अपनी कक्षाओं में आने वाली चुनौतियों का सामना करने हेतु विधियों के बारे में बताया एवं इमोशनल वेल्डिंग को बेहतर बनाए रखने के साधनों के बारे में बताते हुए कहा कि हमें स्वयं को खुश रखने के लिए दूसरों की सहायता करते रहना चाहिए, यदि हमारे मन में कोई बात हमें परेशान करती है तो वह हमें किसी न किसी से साझा अवश्य करना चाहिए। दूसरों को प्यार करें। परन्तु हमें स्वयं को प्रेम करने एवं संतुष्ट कैसे रहें इस पर भी विचार करना चाहिए।कार्यक्रम में फैसिलिटेटर मनोवैज्ञानिक अभिषेक धीमान, स्कूल चेयरमैन करुणेश भारद्वाज, प्रिंसिपल स्वाति मुंशी, वाईस प्रिंसिपल उषा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शार्ट शर्किट से लगी आग, गेंहू की फसल जलकर खाक

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बशीरपुर गांव में शार्ट सर्किट के चलते गेंहू की फसल जलकर खाक हो गयी। फसल जलने से लाखों का नुकसान हुआ है।बशीरपुर गांव में रहने वाला संजय मिश्रा के गेंहू के खेत में बुधवार को दोपहर ढाई बजे आग लग गयी। आनन-फानन में आग की लपटें देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पा लिया।ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय बिजली के खंभे से चिंगारी निकली उस समय हवा बहुत तेज होने के कारण आग काफी दूर तक फैल गई। उसकी चपेट में आने से संजय मिश्रा के गेंहू की फसल सूखा होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खेत में रखे गेंहू का सौ से अधिक गठ्ठर जलकर खाक हो गया।

## लोस चुनाव : प्रेक्षक के सामने किया गया ऑनलाइन रैंडमाइजेशन

मेरठ। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को सामान्य प्रेक्षक के सामने मेरठ लोकसभा सीट की ईवीएम वीवीपैट मशीनों का ऑनलाइन रैंडमाइजेशन किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा बुधवार को एनआईसी मेरठ में मेरठ लोकसभा क्षेत्र की ईवीएम वीवीपैट मशीनों का ऑनलाईन रैंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता के समक्ष किया गया। इसके साथ ही चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा पुलिस बल के कर्तव्यों के संबंध में ब्रीफिंग की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि मेरठ लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी गुरुवार को विक्टोरिया पार्क से रवाना होगी। बुधवार को विक्टोरिया पार्क में वाहनों को इकट्ठा कर लिया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए।जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने मतगणना केंद्र पर मतदान के बाद ईवीएम मशीनें सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से जमा कराने के लिए स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

## टिफिन बैठक का उद्देश्य नए लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करना : कृपाशंकर सिंह

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर लोकसभा के सभी पोलिंग स्टेशन पर एक साथ बुधवार को टिफिन बैठक हुई। जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सम्मानित जनता और उस बूथ पर निवास करने वाले मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी और प्रदेश के पदाधिकारी और सभी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।उक्त बातें टिफिन बैठक और जन चौपाल में पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कही। कार्यकर्ताओं में एकजुटता और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए नए लोगों को पार्टी से जोड़ना ही टिफिन बैठक का उद्देश्य है। बैठक के माध्यम से इस तरह की अनौपचारिक बैठकें करते रहना है। बैठक में हमको अपने टिफिन का खाना दूसरे को खिलाना है।

# उद्यमी से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले पिता–पुत्र गिरफ्तार

**एजेंसी**

गाजियाबाद। स्वाट टीम व सिहानी गेट पुलिस ने उद्यमी से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार पिता-पुत्र हैं।डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि भुवन गोयल निवासी मुकुंद नगर मेन हापुड रोड ने थाने पर लिखित तहरीर दी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुझे एक बंद पत्र भेजा गया है। जिसमे मुझसे 02 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गयी है, ना देने पर मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी है। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर थाना सिहानीगेट पर से दो करोड़ की फिरौती अभियोग पंजीकृत किया गया ।घटना के अनावरण के लिए 05 टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी टीमों से 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गयी। कैमरों की फुटेज प्रयास, लोकल इनपुट, मैनुअल इंटेलिजेंस व मुखबिर की सूचना के आधार पर फिरौती/रंगदारी मांगने वाले अभियुक्तगण आलम गीर उसके पुत्र दानिश पुत्र आलम गीर को जल निगम टी प्वाइंट हाईवे एनएच0ल-9 से गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आलम गीर ने बताया कि मैं हापुड मोड़ के पास मुकुंद नगर में राजेश गोयल की पावरलाइन फैक्ट्री में पेंट करने का काम पिछले 18 सालों से कर रहा था। जहां से राजेश गोयल ने वर्ष 2019 से मुझे यह कहकर निकाल दिया कि काम की मंदी चल रही है। मेरे तीन बच्चे हैं। दो बेटे व एक बेटी मैने तीनों बच्चों की शादी की व कुछ पर्सनल लोन भी लिया था। जिसके कारण मुझ पर कर्ज़ा हो गया था। मैं राजेश गोयल की वजह से कर्ज में डूब गया था।

# बेटे के साथ बाइक से घर लौट रही वृद्धा की बाइक से गिरकर हुई मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। बुधवार की सुबह वैवाहिक समारोह से बेटे के साथ मे बाइक से घर लौट रही एक वृद्ध महिला की असंतुलित होकर अचानक गिरने के बाद मौत हो गयी जबकि बाइक चला रहे बेटे को मामूली चोट आयी है जो खतरे से बाहर है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली के रामनेवाज पुरवा निवासी 60 वर्षीय प्रेमा देवी पत्नी स्व.गजराज जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के मझौआ गांव मे एक रिश्तेदारी मे आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम मे बेटे भूपेंद्र के साथ मंगलवार को आयी थी वैवाहिक कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने के बाद बुधवार को बेटे के साथ ही सुबह करीब 8 बजे अपने गांव लौटने के लिए निकली थी बेटे के साथ बाइक पर बैठी प्रेमादेवी देवा मार्ग पर भटेहटा मोड़ पर उस समय काल के गाल मे समा गयी जब सामने से अचानक एक पिकअप वाहन आया और बेटा भूपेंद्र अचानक संतुलन खो बैठा और पीछे बैठी मां प्रेमादेवी अचानक गिर गयी भूपेंद्र कुछ दूरी पर सड़क के किनारे खंती मे गिरकर बेहोश हो गया स्थानीय लोगों ने किसी तरह भूपेंद्र को होश मे लाया तब तक मां दमतोड़ चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जहांगीराबाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और बेटे का पास के एक निजी अस्पताल मे प्राथमिक उपचार कराया है जहां भूपेंद्र को खतरे से बाहर बताकर डॉक्टर ने छुट्टी दे दी।वहीं इंस्पेक्टर जहांगीराबाद से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नही सका उनका फोन नेटवर्क से बाहर बताता रहा।

# नामांकन सहित चुनाव के हर कैंपेन में भाजपा पूरी ताकत के साथ करेगी शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी**




प्रयागराज,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के चुनाव में अपनी पूरी शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं की लम्बी फौज के साथ शक्ति प्रदर्शन कर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर जा रही है।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि एक से पांच मई के बीच में नामांकन को लेकर संगठन द्वारा रूट चार्ट तैयार किया जा रहे है और दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों के लिए एक बड़ी जनसभा का आयोजन करने की तैयारी है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के बड़े स्तर के नेताओं की बुलाने की तैयारी है। जनसभा स्थान को लेकर संगठन द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा 27 से 30 अप्रैल तक फूलपुर एवं इलाहाबाद दोनों लोकसभा के विधानसभा स्तर पर लगभग 30 से 40 नुक्कड़ जनसभा आयोजित किए जाएंगे। एक से पांच मई के बीच विधानसभा स्तर पर दोनों लोकसभा सीटों पर बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन निर्धारित किए गए हैं। शक्ति केंद्र पोलिंग सेंटर स्तर पर टिफिन बैठक के माध्यम से की वोटर एवं लाभार्थियों को जोड़ने की कवायद की जा रही है।

प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा पांच मई के उपरांत दोनों लोकसभा सीटों पर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में लगभग दो बड़ी जनसभा का आयोजन करने की तैयारी है। जिसमें बड़े नेताओं के द्वारा चुनावी सम्बोधन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के नेता एवं सेलिब्रिटी की रोड शो कराने की भी तैयारी करने की मंत्रणा की जा रही है। इसके अलावा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पार्टी और पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार की तैयारी की गई है।

## बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर। कस्बा सुमेरपुर में बुधवार को एक छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कस्बा के वार्ड 18 रवींद्र नाथ टैगोर नगर में गुटखा फैक्ट्री के पास में रहने वाले शिवमंगल साहू की 17 वर्षीय पुत्री सिंजल ने बुधवार को किसी कारणवश फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बालिका युग चेतना महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार की दोपहर में जब उसकी मां कोटे से राशन लेने गई थी उसी समय उसने वारदात को अंजाम दिया। घरवालों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्रा फांसी के फंदे में झूल रही थी।

कस्बा इंचार्ज ने बताया कि छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसने अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सिंजल पांच बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। छात्रा ने फांसी क्यों लगाई इसका कारण कोई नहीं बता सका।

# बिना आईवीएफ के होगी संतान प्राप्ति :डा. अनुपमा टिबड़ेवाल

**नगर के कंपनी बाग मे स्थित डा.अनुपमा टिबड़ेवाल का हॉस्पिटल**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।नगर के कंपनी बाग मोहल्ला स्थित अनुपमा हॉस्पिटल की संचालिका डा.अनुपमा टिबडेवाल ने एक गरीब निःसंतान दंपति को अपने इलाज के द्वारा संतान सुख देकर पुनः एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।मीडिया से बात करते हुए डा. अनुपमा टिबडेवाल ने बताया कि जनपद बाराबंकी के ही एक दंपत्ति को शादी के कई वर्षों बाद तक कोई संतान उत्पत्ति नहीं हुई। उन्होंने लखनऊ महानगर सहित कई अन्य जनपदों के चिकित्सालयों में इलाज करवाया परंतु सभी ने उसे आईवीएफ (कृत्रिम गर्भाधान)द्वारा संतान उत्पत्ति की सलाह दी। यह एक खर्चीली प्रक्रिया होती है अतः गरीब दम्पति इसका खर्च उठाने में सक्षम नहीं था।उन्होंने बताया की महिला की फैलोपियन ट्यूब बंद थी तथा उसका हॉरमोन लेवल भी कम होने के कारण महिला गर्भधारण करने में सक्षम नहीं थी। अनुपमा हॉस्पिटल में लगभग 5 महीने तक चले इलाज में सबसे पहले महिला के मासिक धर्म को नियमित किया गया। इलाज के बाद महिला गर्भवती हो गई तथा उसने लगभग 5 दिन पूर्व एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।



डा.टिबडेवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन महिलाओं को शादी के दस वर्षों बाद भी गर्भ न ठहरने के कारण इलाज करके थक चुकी हैं। अनुपमा हास्पिटल में उनका भी सफल इलाज बिना आई वी एफ के केवल दवाओं से ही किया जाता है तथा गरीब महिलाओं के इलाज में पचास प्रतिशत तक छूट दी जाती है। स्त्री रोग सम्बन्धी इलाज तथा ऑपरेशन में भी गरीब महिलाओं को पचास प्रतिशत तक छूट दी जाती है।

# होनहार बिरवान के होत चीकने पात: सुरेंद्र वर्मा

**सेना मे लेफ्टिनेंट बने देवांश मिश्रा का हुआ स्वागत सम्मान**

**श्री साईं इंटर कॉलेज से 12वीं पास करके हरख के महाविद्यालय से किया है बीएससी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।होनहार बिरवान के होत चीकने पात। उक्त विचार बुधवार को श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने आर्मी लेफ्टीनेंट पद प्राप्त अपने छात्र देवांश मिश्रा को मिष्ठान खिलाकर फूल मालाओं से सम्मानित करने के उपरांत व्यक्त किये।श्री वर्मा ने यह भी कहा कि प्रारम्भ से ही देवांश की ललक को देखकर मुझे पूरा विश्वास हो गया था कि यह छात्र जल्द ही अपनी बुलंदी को छुएगा जिसका परिणाम आज सामने है। वहीं जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने कहा कि यदि आपके मन में कोई हौंसला है तो बुलंदी पाना असंभव



नही है।परन्तु हौंसले को दृढ़ निश्चय के साथ कठिन परिश्रम तथा उस क्षेत्र में तन्मयता एवं ईमानदारी परम आवश्यक है।उक्त लक्षण देवांश मिश्रा में पूरी तरह से समाहित हैं जिन्होंने दृढ़ निश्चय व कठिन परिश्रम के बल पर आज आर्मी में लेफ्टीनेंट का पद हासिल कर लिया। बाराबंकी लखपेड़ा बाग निवासी एवं श्री साईं इंटर कॉलेज लखपेड़ा बाग के होनहार छात्र देवांश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने कक्षा सात से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा श्री साईं इंटर कॉलेज लखपेड़ा बाग से ही प्राप्त की तथा 2023 में बीएससी बाबा बैजनाथ महाविद्यालय हरख से पास करने के साथ साथ स्वयं शिक्षा के माध्यम से आर्मी उच्च पद की तैयारी करते रहे जिसको आज हासिल करके दिखा दिया।देवांश मिश्रा के पिता अनिल मिश्रा ने बताया कि मुझे अपने बेटे देवांश मिश्रा की मेहनत पर पूरी तरह विश्वास था आज मेरा सपना साकार हो गया।मुझे और मेरे परिवार को अपार खुशी मिली है। देवांश मिश्रा के पिता पेशे से प्राइवेट चिकित्सक हैं। माता गीता मिश्रा ने भी उच्च शिक्षा प्राप्त हैं परन्तु वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने हेतु घर का काम काज संभालती हैं।देवांश की बड़ी बहन ऐश्वर्या मिश्रा उन्ही के स्कूल में शिक्षिका हैं तथा दूसरी बहन शौम्या मिश्रा टाटा में इंजीनियर हैं।इस सफलता का श्रेय देवांश मिश्रा अपने माता-पिता,दोनों बहनों व गुरुजनों को दे रहे हैं।लेफ्टीनेंट पद प्राप्त श्री मिश्रा ने बताया कि मैं अपने पद का निर्वाहन कर्तव्यनिष्ठा व पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए देश की रक्षा करूंगा। स्कूल की प्राइमरी प्रधानाध्यापक प्राची सिंह ने भी देवांश को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# उप्र में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना

**एजेंसी**

कानपुर। उत्तर प्रदेश में तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। इसके साथ ही नम हवाओं के आने से गर्मी लोगों के लिए अधिक नुकसानदायक साबित हो रही है। यह अलग बात है कि कभी कभार बादल भी आसमान में आ जाते हैं, लेकिन गर्मी से कुछ खास राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दो दिन में पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना है।चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक निम्न दबाव की रेखा के रुप में पश्चिमी विक्षोभ, जिसकी धुरी औसत स्तर से 5.8 किमी ऊपर है, अब 72 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में स्थित है। एक चक्रवाती परिसंचरण निचले स्तर पर पूर्वोत्तर राजस्थान पर बना हुआ है। पूर्वी असम और आसपास के क्षेत्रों पर एक



और चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। एक निम्न दबाव की रेखा अप हिमालयी पश्चिम बंगाल पर बने हुए परिसंचरण से उत्तरी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। निचले स्तर पर मध्य महाराष्ट्र से केरल होते हुए कर्नाटक तक एक ट्रफ/हवा का विच्छेदन बना हुआ है। दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक और चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र कोमोरिन क्षेत्र पर है। 26 अप्रैल से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम की इन गतिविधियों से उत्तर प्रदेश में स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश और धूल भरी हवाएं आगामी दो दिन चलेंगी। इसके साथ ही राजस्थान और बंगाल की खाड़ी से आ रही क्रमशः गर्म और नम हवाओं से 40 डिग्री वाली गर्मी 43 डिग्री के बराबर एहसास करा रही है।उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 44 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 18 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रही जिनकी औसत गति 3.7 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आंधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है।

# भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने सचिन को उनके 51वें जन्मदिन की दी बधाई


जेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को उनके 51वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सचिन को शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, ''क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन की शुभकामनाएं, वह आज 51 साल के हो गए हैं! उन्होंने बल्ले से अपनी श्रेष्ठता और मैदान के अंदर और बाहर चरित्र के बेदाग प्रदर्शन से दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मास्टर ब्लास्टर को हार्दिक शुभकामनाएं!'' पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस (एमआई), जिसके साथ सचिन एक खिलाड़ी और एक आइकन दोनों के रूप में जुड़े रहे हैं, ने भी महान क्रिकेटर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। एमआई ने ट्वीट किया, ''उस व्यक्ति को जिसने बल्लेबाजी को शानदार और जादुई बना दिया, जन्मदिन की शुभकामनाएं, जन्मदिन मुबारक हो, सचिन तेंदुलकर। भारत के विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने भी सचिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें उन कारणों में से एक बताया जिनकी वजह से उन्होंने जीवन में ऊंचे लक्ष्य रखना सीखा। उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने सचिन की प्रशंसा की और किसी ऐसे व्यक्ति से जुड़ने और दोस्ती करने पर खुद को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं जो क्रिकेट का ''भगवान'' है। युवराज ने कहा, ''सचिन अपने और खेल के प्रति बहुत विनम्र हैं। हमेशा युवाओं के मदद के लिए मौजूद रहते हैं। चीजें मेरे लिए अच्छी नहीं चल रही थीं। मैं हमेशा उनकी ओर देखता था और उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया और मेरे लिए मौजूद थे। कोई है जो उस स्तर के 100 शतक बनाए हैं, आपके लिए उनसे जुड़ना बहुत कठिन है, क्योंकि वह आपके लिए भगवान की तरह हैं, उस व्यक्ति से जुड़ना और उनसे दोस्ती करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था। पूर्व भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी सचिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैदान के अंदर और बाहर उनकी कृपा खिलाड़ियों के लिए मानक तय करती रहती है। रैना ने ट्वीट किया, ''हैप्पी बर्थडे सचिन पाजी, आपके शानदार करियर ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और मैदान के अंदर और बाहर आपकी कृपा लगातार मानक स्थापित कर रही है। आपके स्वास्थ्य, प्रसन्नता और आपके कवर ड्राइव के समान शानदार वर्ष की कामना करता हूँ! सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2013 तक अपनी बल्लेबाजी से पूरी दुनिया का मनोरंजन किया और मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराष्ट्र में जन्मे इस खिलाड़ी ने 15 नवंबर 1989 को 16 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उसी वर्ष 18 दिसंबर को उन्होंने अपना पहला वनडे मैच खेला।

# दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारत की कमान संभालेंगे प्रज्ञा मोहन, मुरलीधरन सिनिमोल

एजेंसी




नई दिल्ली। प्रज्ञा मोहन और आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल 27 अप्रैल को नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ आयोजित होने वाली 2024 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता एक स्प्रिंट रेस है जिसमें 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और 5 किमी दौड़ शामिल है। भारत ने पिछले संस्करण में पोडियम स्थान हासिल किया था, जिसमें देश की सबसे प्रसिद्ध महिला ट्रायथलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं की समग्र श्रेणी में नौवां स्थान भी हासिल किया था। महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी, जिन्होंने पिछले साल गुजरात की प्रज्ञा के बाद क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था, महिला एलीट क्षेत्र में 13 भारतीय एथलीट दल का हिस्सा हैं। सर्विसेज के मुरलीधरन सिनिमोल, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे और 2022 में विजेता थे, पुरुषों के एलीट क्षेत्र में भारतीय चुनौती के अगुवा हैं, मुरलीधरन के अलावा भारतीय दल में तेलहेइबा सोरम और क्षेत्रिमायुम कबिदश सिंह की होनहार मणिपुर जोड़ी भी शामिल है।

पुरुष टीमः तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्नब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।

महिला टीमः दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी ज़लावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रज्ञा मोहन, पूनम विश्वास।

# संक्षिप्त समाचार

## एआईएफएफ तकनीकी समिति ने राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच के लिए की चाओबा देवी की सिफारिश

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने अध्यक्ष आईएम विजयन के नेतृत्व में बुधवार को वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के रुप में पूर्व खिलाड़ी लैंगम चाओबा देवी की सिफारिश की है। राष्ट्रीय टीमों के लिए कोचिंग नियुक्तियों पर चर्चा करने के लिए समिति की वर्चुअल बैठक हुई। उन्होंने प्रिया पीवी और रोनिबाला चानू को क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की। तीनों कोचों ने हाल ही में फरवरी 2024 में तुर्की महिला कप के दौरान टीम का मार्गदर्शन किया था। टीम के साथ उनके अनुभव ने तकनीकी समिति को प्रभावित किया है। बैठक में अंडर-16 और अंडर-19 पुरुष टीमों के लिए कोच चयन पर भी चर्चा हुई। आवेदनों की समीक्षा करने के बाद, समिति ने अंडर-19 के मुख्य कोच के रूप में रंजन चौधरी और गोलकीपिंग कोच के रूप में संदीप नंदी का सुझाव दिया। पूर्व खिलाड़ी इश्फाक अहमद को अंडर-16 टीम के मुख्य कोच के रूप में, यान चेंग लॉ को सहायक कोच और मोहम्मद ज़ाकिर हुसैन को गोलकीपिंग कोच के रूप में अनुशंसित किया गया है।

## अरुण जेटली स्टेडियम में पहुंचे डीसी अकादमी के बच्चे

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने अगले आईपीएल 2024 मैच से डीसी अकादमी के बच्चों का स्वागत किया। डीसी अकादमी के लगभग 300 बच्चों ने एक अविस्मरणीय अनुभव का आनंद लिया जब उन्हें ऋषभ पंत एंड कंपनी को उनके अगले मैच के लिए करीब से प्रशिक्षण करते हुए देखने का अवसर दिया गया। उन्होंने स्टैंड में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली से भी बातचीत की। उनके लिए आश्चर्य की बात यह थी कि युवा खिलाड़ियों को नेट्स पर सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का फ्री-फ्लोइंग स्ट्रोक प्ले और युवा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क के जबरदस्त छक्के देखने को मिले। क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने के उद्देश्य से शुरू की गई दिल्ली कैपिटल्स अकादमी के केंद्र पूरे भारत में हैं। यश ढुल और अनुज रावत डीसी अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो वर्तमान में आईपीएल में खेल रहे हैं।दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।

## चीन की यांग जुनक्सुआन ने महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

शेनझेन। यांग जुनक्सुआन ने मंगलवार को नए रिकॉर्ड के साथ यहां चीन की राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता। यांग ने 52.68 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, और 52.90 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जो 2020 में ओलंपिक चैंपियन झांग युफ़ेई ने बनाया था।
22 वर्षीय यांग ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, ''मैं राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर खुश हूं, लेकिन परिणाम मेरी अपेक्षा से थोड़ा धीमा है, मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया के शीर्ष स्तर के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकूंगी। वू क्विंगफेंग दूसरे और चेंग युजी तीसरे स्थान पर रहीं। वू यांग के साथ आगे चल रहा थीं, लेकिन यांग ने दौड़ जीतने के लिए दूसरे लैप में बढ़त बना ली। पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल फ़ाइनल में, पैन झानले ने 46.97 सेकंड में अपना पांचवां स्वर्ण पदक जीता, जबकि वांग हाओयू और जी झिन्जी को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। पुरुषों की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक फ़ाइनल में, टैन हैयांग ने शुरू से ही बढ़त बनाते हुए 2:08.87 के समय के साथ रेस जीत ली, उसके बाद डोंग झिहाओ और यू ज़ोंगडा रहे।
पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई में, नियू गुआंगशेंग ने 1:55.46 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जू फंग ने रजत और वांग ज़िज़े ने कांस्य पदक जीता।
महिलाओं की 1,500 मीटर फ्रीस्टाइल में, गाओ वेई ने 16:06.19 समय में रेस जीती, उसके बाद मा योंगहुई और माओ यिहान रहीं।

## सिफ्ट कौर समरा, नीरज ने 3पी में पहला ओलंपिक चयन ट्रायल जीता

नई दिल्ली। एशियाई खेलों की चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को महिलाओं की पहली 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी टी1) में विजयी रहीं, जबकि पुरुषों की स्पर्धा में नीरज कुमार शीर्ष पर रहे। सिफ्ट का मुकाबला इन-फॉर्म आशी चोकसी से था, जो पहले 15 नीलिंग पोजिशन शॉट्स के बाद आगे चल रही थीं। इसके बाद वह प्रोन स्थिति में पूरी तरह से आगे बढ़ गईं और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 2.4 की बढ़त भी ले ली। अंत में, उन्होंने 466.3 अंक हासिल किये, जो आशी के अंक से 3.7 अधिक था। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 अंकों के साथ तीसरा स्थान किया। निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों के 3पी स्पर्धा में फॉर्म में चल रहे निशानेबाज नीरज कुमार, जिन्होंने हाल ही में यूरोप में शानदार प्रदर्शन किया था, ने 462.2 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की। ओलंपिक कोटा धारक और क्वालीफिकेशन टॉपर स्वप्निल कुसाले दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऐश्वर्या तोमर तीसरे स्थान पर रहे। छठे दिन 10 मीटर एयर राइफल और पिस्टल पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन राउंड भी हुए। संदीप सिंह (634.4 अंक) और तिलोत्तमा सेन (632.4 अंक) ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर, वरुण तोमर (583) और रिदम सांगवान (578) पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहे। एयर राइफल और पिस्टल ओएसटी का टी1 फाइनल गुरुवार को निर्धारित है।

## ओडिशा के नाम रहा आईएसएल सेमीफाइनल का पहला चरण, मोहन बागान को पहली बार हराया

भुवनेश्वर। ओडिशा एफसी ने मंगलवार रात यहां अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2023-24 के पहले सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को 2-1 से हरा दिया। यह ओडिशा की आईएसएल में मोहन बागान पर पहली जीत थी। ओडिशा एफसी ने पहला चरण जीतकर फाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। वहीं, मोहन बागान हार के झटके के बाद दूसरे चरण का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे।

# लखनऊ ने चेन्नई को छह विकेट से हराया, मार्कस स्टॉयनिस ने खेली शानदार शतकीय पारी

**मार्कस स्टॉयनिस को मैन ऑफ द मैच चुना गया**

**लखनऊ की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर**

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया है। चेन्नई ने 210 रन बनाए थे, जिसके जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ की ओर से मार्क स्टॉयनिस ने शानदार नाबाद शतकीय पारी खेली। स्टॉयनिस ने 63 गेंदों में 124 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ ने दूसरी बार चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन में हराया है। स्टॉयनिस को धमाकेदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। इस दौरान चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार नाबाद शतकीय पारी खेली। ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंदों पर 108 रनों की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे ने उनका साथ देते हुए 27 गेंदों पर तूफानी 66 रनों की पारी खेली। ऋतु के आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक रहा। वहीं, दुबे ने नौवां अर्धशतक लगाया। आखिरी गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अंदाज में चौका मारकर खेल खत्म किया। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने चेन्नई को रिप्लेस किया, जो लुढ़क कर पांचवें स्थान पर आ गई है। चेन्नई को अगला मैच 28 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है, जबकि लखनऊ की टीम 27 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

## प्रत्युश की बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी चमकी, द क्रिएटर्स ने जीता मैच

लखनऊ। एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 148 रन से हरा दिया। इस मैच में प्रत्युश सोमवंशी ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही धुआंधार बल्लेबाजी भी की। इस मैच में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 330 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज सुंदर दुबे ने 47 रन का योगदान दिया। प्रत्युश सोमवंशी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और तीन छक्का की मदद से 54 बाल पर 82 रन बनाये। इसके साथ ही सोमवंशी ने मात्र 13 रन देकर दो विकेट भी झटके। मो. कैफ अंसारी ने 60 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान शिवांश त्रिपाठी ने 31 रन बनाये। वहीं सेंट्रल क्रिकेट क्लब की टीम 182 रन ही बना पायी और द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने मैच को 148 रन से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज शौर्य सिंह ने 35 रन बनाये।

# नेपाल के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज ए का नेतृत्व करेंगे रोस्टन चेज़इ

एजेंसी



सेंट जॉन्स। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की पुरुष चयन समिति ने मंगलवार को गुरुवार से 15 मई तक नेपाल दौरे के लिए अपनी 15 सदस्यीय 'ए' टीम की घोषणा कर दी है।

'ए' टीम का नेतृत्व अनुभवी बल्लेबाज रोस्टन चेज़ करेंगे जबकि एलिक अथानाज़ उनके डिप्टी की भूमिका निभाएंगे।

वेस्टइंडीज ए टीम नेपाल की सीनियर पुरुष टीम के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की तैयारी में एक और चरण के रूप में कार्य करेगी। यह श्रृंखला एक ऐतिहासिक अवसर भी है क्योंकि यह वेस्टइंडीज का नेपाल का पहला दौरा है।

चेज़ पहली बार इस स्तर पर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। कप्तान के रूप में चेज़ के चयन पर सीडब्ल्यूआई के प्रमुख चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''चेज़ ने पिछले कुछ वर्षों में एक प्रभावशाली कार्य नीति और सिद्ध नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है। अक्टूबर 2021 में चेज़ ने बांग्लादेश के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए अपना टी20ई डेब्यू करने के बाद से काफी प्रगति किया है। हेन्स ने इस टीम के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''मुझे विश्वास है कि यह नेपाल दौरा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए हमारी तैयारी के चरण में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे उन खिलाड़ियों को वापस लाने का एक अमूल्य अवसर प्रस्तुत करता है जो आईपीएल में नहीं हैं। मैदान में प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट खेलने के साथ-साथ हमें कुछ उभरती संभावनाओं को उजागर करने का मौका भी मिलता है।''

# आयरनमैन कर्नल जंगवीर लांबा ने मोरक्कों में 38वीं डेस सैबल्स मैराथन सफलतापूर्वक पूरा की

एजेंसी

जयपुर। भारतीय सेना अधिकारी 52 वर्षीय आयरनमैन कर्नल जंगवीर लांबा ने 14 से 20 अप्रैल 2024 तक मोरक्को सहारा की रेत में आयोजित 38वीं पौराणिक मैराथन 'डेस सेबल्स' में भाग लिया और सफलतापूर्वक पूरा किया। दुनिया के सबसे दुर्गम प्रतिस्पर्धाओं में से एक, इस कठिन बहु-मंचीय कार्यक्रम में 60 देशों के लगभग 900 एथलीटों ने भाग लिया, जहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाता है। यह मैराथन एथलीटों को अपने साथ जीने का सारा सामान ले जाने और अंतहीन रेत के टीलों, चट्टानी जेबेल्स और रेतीले नमक के मैदानों के बीच 253.5 किलोमीटर की दूरी तय करने और शारीरिक और मानसिक दृढ़ता की अंतिम परीक्षा का सामना कराता है। कर्नल लांबा ने निर्विवाद रूप से पृथ्वी पर सबसे कठिन पैदल दौड़ मानी जाने वाली मैराथन को 67 घंटे और 07 मिनट में पूरा किया।

आयरनमैन इवेंटस के संरचित पाठ्यक्रम से सहारा के विशाल विस्तार तक कर्नल लांबा को किसी अन्य के विपरीत एक चुनौती का सामना करना पड़ा। फिर भी, एक बॉडीबिल्डर और एक ट्रायथलीट के रूप में अपने अनुभव से लैस होकर, वह शारीरिक कौशल और मानसिक लचीलेपन के अनूठे मिश्रण के साथ मैराथन डेस सेबल्स में पहुंचे। कर्नल लांबा के अनुसार, मैराथन डेस सेबल्स सिर्फ एक दौड़ नहीं थी; यह सहनशक्ति की परीक्षा थी - वर्षों के प्रशिक्षण और समर्पण की परिणति''। जीने के लिए आवश्यक भार लेकर और एक ट्रायथलीट के रूप में अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए, कठिन इलाके को पार करते हुए, कर्नल लांबा ने दृढ़ता की भावना को मूर्त रूप दिया जो आयरनमैन को परिभाषित करता है। प्रत्येक कदम के साथ, उन्होंने बाधाओं को चुनौती दी और यह साबित किया कि सच्ची ताकत सिर्फ शारीरिक कौशल में नहीं, बल्कि मानवीय भावना के लचीलेपन में निहित है।

# आईएसएल सेमीफाइनल 1: मुंबई सिटी का अभियान थामने को लेकर सकारात्मक है गोवा


एजेंसी

गोवा। एफसी गोवा की टीम आज शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। गोवा की टीम अपने प्लेऑफ मुकाबले में चेन्नइयन एफसी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची, इसके विपरीत, मुंबई को 15 अप्रैल को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में निर्णायक लीग मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट के हाथों 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहकर लीग चरण समाप्त किया, जिससे सुनिश्चित हुआ कि वे सीधे सेमीफाइनल में खेलेंगे। सीजन दोबारा शुरू होने के बाद एफसी गोवा थोड़ा लड़खड़ाई थी। गोवा को सीजन के दूसरे भाग के पहले पांच मैचों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, प्लेऑफ से पहले पांच मुकाबलों में से चार जीतकर वे तीसरे स्थान पर रहकर लीग अभियान समाप्त कर पाए।

दूसरी ओर, मुंबई सिटी एफसी ने फरवरी में जमशेदपुर एफसी पर 3-2 से जीत के बाद खेले अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की। लेकिन, मैरिनर्स हाथों के कोलकाता में कड़े लीग मुकाबले में हार के कारण उनके हाथ से लीग विनर बनने का मौका फिसल गया। एफसी गोवा ने 22 लीग मैचों में 45 अंक हासिल किए, जो लीग विनर्स मोहन बागान सुपर जायट से केवल तीन और मुंबई सिटी एफसी से दो अंक कम है। उन्होंने 39 गोल किए, जिसमें नौहा और कार्लोस मार्टिनेज का योगदान क्रमशः 11 और 10 गोल है। गौर्स रक्षात्मक रूप से बेहद मजबूत रहे हैं और उन्होंने केवल 21 गोल खाए। मुंबई सिटी एफसी रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह से मजबूत रही है। उन्होंने सबसे कम शॉट्स (231) का सामना किया और उनमें से सबसे कम (64) टारगेट पर रहे, और इस सत्र में तीसरी सबसे अधिक क्लीन शीट (8) बरकरार रखी।

# घरेलू शेयर बाजार में तेजी, लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। हालांकि, आज के कारोबार के दौरान लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, मेटल और इंडस्ट्रियल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, आईटी और टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.42 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 399.64 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,929 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,253 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,561 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 115 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,206 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,366 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 840 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# बेहतर कल के लिए सुदृढ बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश किये जाने की जरूरत है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां छठे अंतरराष्ट्रीय आपदा-रोधी अवसंरचना सम्मेलन को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में हिस्सा लेने आये प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनकी भागीदारी आपदा मोचन से संबंधित बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण मुद्दे पर वैश्विक चर्चा और निर्णयों को मजबूत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में गठन के बाद से आपदा मोचन गठबंधन ने प्रभावशाली ढंग से कार्य किया है और अब यह 39 देशों तथा 7 संगठनों का वैश्विक गठबंधन बन गया है। उन्होंने कहा, यह भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है। बढती प्राकृतिक आपदाओं को गंभीर विषय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अक्सर इनके असर को आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है



लेकिन वास्तव में इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव लोगों, परिवारों और समुदायों पर पडता है जिसे मापा नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, हमें बेहतर कल के लिए आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपदा के बाद के पुनर्निर्माण का हिस्सा होने के साथ-साथ नए बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी सुदृढ़ता के पहलू पर ध्यान दिया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि आपदाओं की कोई सीमा नहीं होती और इनका विश्व में व्यापक प्रभाव होता है। उन्होंने कहा, समस्त विश्व सामूहिक रूप से तभी सुदृढ़ हो सकता है, जब प्रत्येक देश अपने आप में सुदृढ़ हो। उन्होंने साझा जोखिमों के कारण सबको सशक्त बनाये जाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सीडीआरआई तथा यह सम्मेलन पूरी दुनिया को इस सामूहिक मिशन के लिए एक साथ आने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, साझा रूप से सशक्त होने के लिए, हमें सबसे कमजोर लोगों का समर्थन करना चाहिए। आपदाओं के बहुत अधिक जोखिम वाले छोटे द्वीपीय विकासशील देशों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने ऐसे 13 स्थानों पर परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए सीडीआरआई कार्यक्रम का उल्लेख किया। उन्होंने डोमिनिका में प्रतिरोधी आवास, पापुआ न्यू गिनी में प्रतिरोधी परिवहन नेटवर्क और डोमिनिकन गणराज्य और फिजी में उन्नत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का उदाहरण दिया। उन्होंने इस बात पर संतोष व?यक?त किया कि सीडीआरआई का फोकस ग्लोबल साउथ पर भी है। श्री मोदी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान चर्चा के केंद्र में वित्तपोषण सहित एक नए आपदा जोखिम कार्य समूह के गठन को याद किया और कहा कि इस तरह के कदम सीडीआरआई के विकास के साथ-साथ दुनिया को एक लचीले भविष्य की ओर ले जाएंगे।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

एजेंसी

नई दिल्ली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।इस पर पीठ ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के मामले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ कोई विचार कर सकते हैं।

श्री सिब्बल ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान कहा कि इस मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।पीठ के समक्ष उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर को आदेश पारित करने में देरी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी) ने 31 जनवरी 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के मद्देनजर उसी दिन उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था।उन्होंने तब राहत की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, उनकी याचिका दो फरवरी को खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने तब (दो फरवरी को) याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा था। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी 24 को एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद में गिरफ्तार किया था। राज्य की एक विशेष अदालत ने एक फरवरी को उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि सामय-समय बढ़ाई गई। शीर्ष अदालत की पीठ ने दो फरवरी को याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ श्री सिब्बल से पूछा था, ''आपको उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाना चाहिए? अदालतें सभी के लिए खुली हैं।''विशेष पीठ वकील से यह भी कहा था, ''उच्च न्यायालय भी संवैधानिक अदालतें हैं। यदि हम एक व्यक्ति को अनुमति देते हैं तो हमें ऐसा सभी देनी होगी।'' श्री सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने भी दलील दी थी।

# मोदी ने मंगलसूत्र तथा दाम्पत्य की गरिमा को गिराया : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगल सूत्र संबंधी बयान को लेकर आज उनकी कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्होंने न सिर्फ मंगल सूत्र का महत्व कम किया बल्कि दाम्पत्य की गरिमा को भी गिराया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं के मंगलसूत्र बेचने को लेकर जो बयान दिया है उससे उन्होंने, न दांपत्य के सूत्र की गरिमा रखी और, न मंगलसूत्र का महत्व रखा।

उन्होंने कहा ''मोदी जी, आपको भले ही सिंदूर और मंगलसूत्र का महत्व नहीं पता लेकिन इस देश के लोग इसका महत्व बखूबी जानते हैं। मंगलसूत्र दांपत्य जीवन का पावन और पवित्र प्रतीक है जो करोड़ों ब्याहताएं पहनती हैं और सारा जीवन उसे निभाती हैं।''

प्रवक्ता ने कहा ''मोदी जी, आपने गरीबों का कुछ भला नहीं किया। आपने गरीबों को कोविड में चिलचिलाती धूप में पैदल चलने को मजबूर किया। कोविड में गरीबों को दवाई और ऑक्सीजन के लिए दर-दर भटकाया। गरीबों को हवाई जहाज में बैठने का झूठा सपना दिखाया। मोनोपॉली बनाई और छोटे लघु उद्यम बंद करा दिए। आपने नोटबंदी कर गरीबों को लाइन में खड़ा किया, जहां उनकी मौत हुई। उन्होंने कहा ''आपने गरीबों के अधिकार छीने। श्री मोदी और भाजपा जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं या उसका समर्थन करते हैं। इस सवाल का 'हां' या 'ना' में जवाब देना पड़ेगा। क्यों आप लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहते। श्री मोदी और भाजपा जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं या उसका समर्थन करते हैं। इस सवाल का 'हां' या 'ना' में जवाब देना पड़ेगा।


# ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : ओबीसी आयोग

नयी दिल्ली। कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग - ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं।

# रविदास की कथाओं के माध्यम से सनातन को मजबूत कर रहे सुरेश

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं विधायक सांसदों से जुड़ा है श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक संगठन के द्वारा देशभर में हो रहे लोकसभा चुनाव - 2024 के मध्यनजर सार्वजनिक रूप से भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों को समर्थन दिए जाने की घोषणा न किया जाना देश भर के रविदास समाज के बीच भटकाव की स्थिति को पैदा करता है। देशभर में लोकसभा की 112 सीटों प्रथम चरण का मतदान हो चुका है जिसमें उत्तराखंड, पश्चिमी यूपी, राजस्थान व महाराष्ट्र भी शामिल रहा है। इनमें कई आरक्षित लोकसभा सीट भी शामिल है। हालांकि रविदास महापीठ के ज्यादातर पदाधिकारी भाजपाई ही हैं, फिर भी रविदास समाज की भाजपा से दूरी भाजपा के आला कमान के लिए भी चिंता बढ़ा रही है। केंद्रीय नेता सत्यनारायण जटिया, दुष्यंत गौतम, अर्जुन राम मेघवाल, विजय सापला, बेबी रानी मौर्य आदि भी भाजपा के वरिष्ठ नेता है! दूसरे चरण का मतदान आगामी सप्ताह में होना है जिसमें भी उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की प्रमुख लोकसभा सीट शामिल है। श्री गुरु रविदास महापीठ के माध्यम से रविदास समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए पिछले लगभग 5-6 वर्षों से विधानसभा एवं लोकसभा



चुनाव के समय में महापीठ के द्वारा दल विशेष या प्रत्याशी विशेष को समर्थन देने की परंपरा चलती आ रही है। हालांकि इस बार की स्थिति कुछ अलग है या यूं कहें कि राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख पदाधिकारी स्वयं की टिकट न मिलने के चलते इस बार समर्थन की घोषणा में देरी बना रहे हैं। महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड के पूर्व मंत्री - विधायक रविदासआचार्य सुरेश राठौड़ देशभर में श्री गुरु रविदास कथाओं को करने के कार्य में सनातन धर्म को जोड़ने में लगे हैं। उत्तराखंड उत्तर प्रदेश ही नहीं हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ तथा दिल्ली आदि राज्यों में रविदासआचार्य राठौर ने रविदास जी की कथाओं के माध्यम से ईसाई तथा मुस्लिम मिशनरी के चुगल में फंस रहे दलित समाज रविदास समाज मे एक नई सनातनी सोच को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि समाज के दूसरे कई राजनीतिक षडयंत्रों का शिकार भी महापीठ के पदाधिकारी, प्रचारको को बनाया जाता रहा है। सुरेश राठौड़ का जन्म क्षेत्र लोकसभा नगीना (सुरक्षित) है। जहां से कभी बसपा सुप्रीमो मायावती भी सांसद रही है और मौजूदा समय लोकसभा 2024 में चंद्रशेखर रावण भी अपनी पार्टी का दमखम पर चुनाव लड़ रहा है। पश्चिमी यूपी की नगीना प्रमुख लोकसभा सीट है जिस पर मतदान भी गत 19 अप्रैल को हो चुका है प्रत्याशियों के भाग्य भी मशीनों में बंद है!

उत्तर प्रदेश के प्रमुख दलित नेता एवं महापीठ के राष्ट्रीय मंत्री रहे विजय सिंह प्रेमी के अनुसार राठौर नगीना से अपना भाग्य जमाना चाहते थे और पिछले लगभग कई वर्षों से भाजपा एवं भाजपा से जुड़े अन्य संगठनों के माध्यम से प्रचार प्रसार में लगे थे। उनका टिकट भी लगभग तय था पर अंतिम समय में उनको भी शिकार होना पड़ा यही पीड़ा पूरे रविदास समाज के बीच में है कि उनके धर्मगुरु को भी टिकट नहीं दिया गया। प्रेमी के अनुसार इसमें कोई दो राय नहीं है कि अगर यहां से राठौर प्रत्याशी होते तो कई लाखों के अंतर से चंद्रशेखर रावण को हराते। दलित रविदास समाज की बहुमूल्य लोकसभा सीट नगीना से जुड़ी रही एवं भाजपा समर्थक अभिनेत्री उर्मिला का कहना है कि रविदास समाज के बीच से आती है और शहरी - ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ युवाओं तथा महिलाओं के घरों मे पहुंच रखती है। उर्मिला ने आगे कहा कि पूर्व के विधानसभा एवं अन्य चुनाव में भी रविदास महापीठ ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया था और रविदास समाज के कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से कार्य भी किया था। इस बार के लोकसभा चुनाव 2024 में अभी तक रविदास पीठ के द्वारा संदेश जारी नहीं करना रविदास समाज में भटकाव की स्थिति को पैदा करता है।

# विकसित भारत के लिए स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरुरत : नड्डा

एजेंसी

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने आज यहां कहा कि विकसित भारत के लिए स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरुरत है और उनकी पार्टी एक बार फिर से देशवासियों के सहयोग से सरकार बनायेगी। श्री नड्डा ने बुधवार को भागलपुर में राजग प्रत्याशी अजय कुमार मंडल के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आमजन काफी उत्साहित हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चार सौ से अधिक के लक्ष्य को पूरा करने जा रही है। हमारा लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का और इसको आगे बढ़ाना है। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले दस सालों में मोदीजी के नेतृत्व में चाहे देश की राजनीति हो,चाहे प्रदेश की राजनीति हो, सब में बहुत बड़ा परिवर्तन आ गया है। आज देश के राजनीति की परिभाषा बदल गई है। एक समय था जब लोग कहते थे कि देश की राजनीति दूषित हो गई है। नेता स्वार्थी एवं भ्रष्टाचारी हो गये हैं। अब यहां कुछ नहीं बदलेगा और ऐसा ही चलेगा। लेकिन दस वर्षों में यह अंतर आ गया है कि आज एक साधारण लोग भी विकसित भारत के लिए साथ चलने के लिए तैयार है।आज लोग संकल्प लें रहे हैं कि भारत को आगे बढ़ाना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पहले यह चर्चा होती थी कि किस क्षेत्र में कौन सी जाति के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वह अगड़ी जाति से है या पिछड़ी से। लेकिन अब ऐसी धारणा खत्म हो चुकी है मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज विकासवाद की राजनीति हो रही है। आज राजनीतिक दृष्टि से भारत बदल रहा है और दुनियाभर में नाम गौरवान्वित कर रहा है। श्री नड्डा ने कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से बिहार बड़ी सजग है। यहां के लोग कठिनाई में रहकर भारत के विकास में कंधे से कंधे मिलाकर चलते हैं और देश और प्रदेश के लिए अपने दायित्वो से पीछे नहीं हटते हैं। भारत दुनिया में अकेला देश है, जो मजबूत अर्थव्यवस्था के पथ पर लगातार आगे बढ़ते हुए पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। जबकि पांच साल पहले भारत ग्यारहवें स्थान पर था। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत औषधि, मोबाइल एवं पेट्रोकेमिकल उधोग में आत्मनिर्भर हुआ है। चारों ओर स्वदेशी का नारा बुलंद हुआ है। चाहे रेल, सड़क, परिवहन का क्षेत्र हो, चाहे स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, सामरिक आदि का क्षेत्र हो।हर क्षेत्रों में विकास का काम हुआ है। वहीं महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। श्री नड्डा ने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि इनके आधे नेता जेल में हैं और आधे नेता जमानत पर हैं। यह घोटालेबाजो और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। सभी तरह के घोटाले कांग्रेस - राजद और इनके सहयोगी दलों के नाम है।जो परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, भाजपा विधायक पवन कुमार यादव, इंजीनियर शैलेन्द्र एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार ने भी संबोधित किया।

# बिहार की सेवा ही हमारा धर्म और पूरा बिहार है हमारा परिवार : नीतीश

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की सेवा को ही अपना धर्म और पूरे बिहार को अपना परिवार बताया और वर्ष 2005 से पहले लालू-राबड़ी राज में प्रदेश की बदहाली को याद दिलाते हुए राज्य की जनता से चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी को वोट देने की अपील की है।



मुख्यमंत्री श्री कुमार ने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति से पहले सोशल नेटवर्किंग साइट पर बिहारवासियों को पत्र लिखकर याद दिलाई कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार का खजाना खाली था । सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था।''

श्री कुमार ने आगे कहा, ''यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। लेकिन, वर्ष 2005 में घना अंधेरा छंटा, उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

## पेज एक का शेष

### बुजुर्गों से विरासत...

अमेरिका में इस प्रकार के कर का प्रावधान है और भारत में भी इस पर बात होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपनी दोनों सभाओं में आरक्षण के मुद्दे को लेकर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि इनका हिडन एजेंडा खुल कर देश के सामने आ चुका है। सेक्युलिज्म के नाम पर वोटबैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की मूलभूत भावना की हत्या कर दी है। खुल कर सामने आ गया है कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से कितनी नफरत करती है। आजादी के बाद कांग्रेस का सबसे बड़ा विरोध बाबा साहब अंबेडकर ने किया था। वो दूरदर्शी थे, कांग्रेस कैसे देश को पतन के रास्ते पर ले जा रही है, उन्होंने देख लिया था। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी थी तो उन्होंने सबसे पहले आंध्रप्रदेश में धर्म आधारित आरक्षण की शुरुआत की। कांग्रेस तब अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुई, पर कांग्रेस अभी भी वो खेल खेलना चाहती है, चोरी छिपे और पर्दे के पीछे रह कर देशवासियों की आंखों में धूल झोंककर वो खेल खेलना चाहती है। कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण के कोटे से आरक्षण का हिस्सा छीनने के लिए पिछले दरवाजे से कर्नाटक में सभी मुसलमानों को ओबीसी बना दिया और ओबीसी आरक्षण छीनने का षड़यंत्र पक्का कर दिया। ये पूरे देश के ओबीसी समाज के लिए खतरे की घंटी है। अपने घोषणा पत्र में भी कांग्रेस धर्म आधारित आरक्षण की बात कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री ने नाम लेकर कहा है कि वो मुसलमानों को आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। कांग्रेस अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति छीन के उसे भी अपने वोटबैंक को मजबूत करने की तैयारी में है। अगर गाड़ी-घर एक से ज्यादा होंगे तो वे कानूनन उसे जब्त कर लेगी। कांग्रेस कह रही है कि एक ही घर रख सकते हो, दो हैं तो वे अपने खास लोगों को बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनना चाहती है। उनके नेता एक्सरे कराने की बात करते हैं। आपके लॉकर में क्या है, उसे खोज कर निकालेंगे। अगर माताओं-बहनों ने कुछ पूंजी अपनी जरुरत के लिए बचाई होगी तो एक्सरे में वे वो भी खोजेंगे। गहने, महिलाओं का मंगलसूत्र, कांग्रेस सब कुछ खोजेगी और उसे छीन कर बांट देगी। कांग्रेस के नेता अपनी रैलियों में इसका खुला ऐलान भी कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने सागर में इसी मुद्दे को लेकर कहा कि उन्होंने कहा कि ये पूछते हैं कि मोदी को 400 पार क्यों चाहिए। मेरा जवाब है कि आप (कांग्रेस) जो राज्यों में हथकंडे अपना कर आरक्षण चोरी का खेल खेल रहे हो, ये खेल बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे स्वयं उस समाज से आए हैं और ओबीसी को रक्षण देकर रहेंगे।

### इंडी वन ईयर, वन...

में आया है कि इंडी गठबंधन वालों में चर्चा चल रही है। उन्होंने फार्मूला बनाया है, वे 'एक साल, एक पीएम' का फार्मूला बना रहे हैं। एक साल एक, दूसरे साल दूसरा, तीसरे साल तीसरा, चौथे साल चौथा और पांचवे साल पांचवा प्रधानमंत्री। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप ही सोचिए, ऐसे में क्या होगा देश का। देश बचेगा क्या ऐसे। पीएम की कुर्सी का भी 'ऑक्शन' चल रहा है। कोई एक ऊपर बैठेगा, दूसरे मौके की तलाश में रहेंगे कि इसका साल कब पूरा होगा। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि ये मुंगेरीलाल के सपने जैसा होगा, पर मैं देश को चेताना चाहता हूं कि ये इस कहावत को मात्र कह कर सो जाने वाली बात नहीं है, ये देश को तबाह करने का खेल है। ये आपके सपने को चूर-चूर करने वाला खेल है, इसलिए समय रहते जाग जाइए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो बातें लोग सोशल मीडिया पर रील्स में मजाक में कहते हैं, उस पर इंडी गठबंधन गंभीरता से विचार कर रहा है, एक साल, एक पीएम वाले फार्मूला पर दुनिया भर में लोग देश का कितना मजाक उड़ाएंगे।

### लोकसभा चुनाव के...

मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। भाजपा के युवा सांसद तेजस्वी सूर्या की साख बेंगलुरु दक्षिण लोकसभा सीट पर दांव पर लगी है। तेजस्वी ने पिछला चुनाव इसी सीट से जीता था। कांग्रेस ने यहां सौम्या रेड्डी को टिकट दिया है। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट शुरुआत से ही चर्चा में रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यहां बीमा भारती को उतारा है। राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव इस सीट पर कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन गठबंधन सहयोगी राजद ने कांग्रेस को यह सीट नहीं दी। अब पप्पू यादव इसी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। गौरतलब है कि लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाताओं ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1605 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का फैसला तय किया था। पहले चरण में 102 सीटों पर औसतन 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

### रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण...

विशेषज्ञों तथा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच पर लाया गया। इसका उद्देश्य सेना में तकनीकी उन्नयन के लिए चल रही पहलों को तेज गति देने के उद्देश्य से शिक्षा जगत और रक्षा उद्योग के बीच सहयोग को बढावा देना है। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें देश में रक्षा क्षेत्र की प्रगति और क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

### अखिलेश यादव कन्नौज से...

दौरान उनका पूरा परिवार रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, उनकी पत्नी डिंपल यादव के आलवा अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। तेज प्रताप सिंह यादव वर्ष 2014 में मैनपुरी से सांसद रहे हैं। उनका टिकट बदलने को लेकर पार्टी में विरोध या फिर नाराजगी पर भी तेजप्रताप यादव की पत्नी राजलक्ष्मी यादव ने विराम लगा दिया है। राजलक्ष्मी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखते हुए कहा है कि जो भी निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व और कन्नौज की जनता है, उनका फैसला समाजवादी पार्टी के हित में बिलकुल सही है। इस बार कन्नौज की जनता भाजपा को भगाने का काम करेगी। पार्टी हित सर्वोपरि और पार्टी से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

### जाति जनगणना...

यह बताने के लिए भी भाजपा की आलोचना की कि वह गंभीर नहीं हैं और उन्हें राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने सवाल किया, ङ्क्या मनरेगा , भूमि अधिग्रहण विधेयक, भट्टा पारसौल अथवा सामाजिक न्याय जैसे मुद्दे गंभीरता से परे हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर अपने 25 'अरबपति मित्रों' का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी राशि का इस्तेमाल देश के गरीब किसानों के कर्ज माफ करने और उन्हें अपना जीवन समाप्त करने से बचाने के लिए किया जा सकता था। अपनी पार्टी के घोषणापत्र को 'क्रांतिकारी' करार देते हुए उन्होंने घोषणा की कि प्रधानमंत्री उनकी पार्टी के न्याय पत्र को देखकर घबरा गए हैं और वह नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करने के साथ ही ओछी टिप्पणी कर रहे हैं।

# वन संरक्षण के मामले में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : राज्यपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि उत्तराखंड हिमालय की गोद में बसा हुआ है, जो इसे प्राकृतिक सौंदर्य की एक अतुलनीय धरोहर प्रदान करता है। उत्तराखंड अपनी समृद्ध और विविध वन संपदा के लिए जाना जाता है। राज्य की प्रमुख संपत्ति इसके वन हैं, जो समृद्ध जैव विविधता का घर है। उत्तराखंड जड़ी-बूटियों और सुगंधित पौधों की कई दुर्लभ प्रजातियों का घर है। उत्तराखंड के आम जनमानस वनों को देवतुल्य स्थान देते हुए इन्हें पूजते हैं। वास्तव में वन संरक्षण के मामले में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह के अवसर पर बुधवार को राज्यपाल ने कहा कि यह समारोह राष्ट्रीय वन धरोहर के संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नए योग्य नेतृत्व का उत्थान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय वन्य जीवन और वन्यजीव अध्ययन में उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्था के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी ने अपने क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्था ने वन्य जीवन के प्रबंधन, और संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानकों को स्थापित किया है और नए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।

भारतीय वन सेवा एक सम्मानित सेवा है जिसके साथ राष्ट्र सेवा की गौरवशाली परंपरा जुड़ी है। पश्चिमी घाट के घने जंगलों से लेकर विशाल हिमालय तक, सुंदर वन के मैंग्रोव क्षेत्रों से लेकर राजस्थान की मरुभूमि तक, अनेक विविधतापूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि वानिकी पेशेवरों के रूप में इन अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण चरण आरंभ होने जा रहा है, जहां उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्यों के विषम क्षेत्रों में वनाग्नि और बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने की चुनौतियां सामने होंगी। इनका सामना केवल तकनीकी विशेषज्ञता के बल पर

**जड़ी-बूटियों और सुगंधित पौधों की कई दुर्लभ प्रजातियों का घर है उत्तराखंड**

नहीं, बल्कि तकनीकी लचीलेपन, बेहतर अनुकूलन क्षमता और संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से ही किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, वन महानिदेशक और विशेष सचिव जितेंद्र कुमार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक जगमोहन शर्मा आदि थे।

जंगल के पोषण और संवर्धन की बड़ी जिम्मेदारी है वन अधिकारियों पर-

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में दीक्षांत समारोह में भारतीय वन सेवा 101 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए। 2022-24 सत्र के 99 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी और मित्र देश भूटान के दो प्रशिक्षु अधिकारी पासआउट हुए। उन्होंने कहा कि इस बैच में 10 महिला अधिकारी हैं। महिलाएं समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीक हैं। राष्ट्रीय वन अकादमी की पर्यावरण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय वन सेवा के अधिकारियों पर जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि पृथ्वी की जैव-विविधता और प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। देश के वन सेवा में कार्यरत अधिकारी महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा देश को भारतीय वन सेवा ने बहुत अधिकारी दिये हैं, जिन्होंने पर्यावरण के लिए अतुलनीय कार्य किए हैं। उनकी चर्चा बहुत सम्मान से की जाती है। उन सभी को आप अपना रोल मॉडल बनाएं और उनके दिखाए आदर्शों पर आगे बढ़ें। आप सभी एक कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करके यहां तक पहुंचे हैं। असली परीक्षा अब शुरू होगी। आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी। जब भी आप किसी दुविधा में हों, तब संविधान के मूल्यों और भारत के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला लें।

# नेपाल में प्रचंड और ओली के बयानों से वाम एकता के प्रयास को धक्का लग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

काठमांडू। कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर काठमांडू के एक कार्यक्रम में एक ही मंच पर बैठे प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड और एमाले के अध्यक्ष केपी ओली के वाम एकता को लेकर दिए बयानों से वाम एकता के प्रयास को धक्का लगा है। नेपाल की दो प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टी के बीच गठबंधन सरकार के बाद से एक बार फिर वाम एकता की चर्चा शुरू हो गई थी। दोनों दलों के नेता उत्साहित होकर वाम एकता का राग अलापने लगे थे। इस बीच कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में एमाले अध्यक्ष ओली ने कहा कि वाम एकता की बात बेबुनियाद है। कई टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों का एक जगह आने को असंभव बताते हुए ओली ने कहा कि पिछली बार हुई एकता दो वर्ष भी नहीं चल पाई, इस कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए एमाले पार्टी अब वाम एकता का



कोई प्रयास नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल में मल्टी पार्टी डेमोक्रेटिक सिस्टम होने के कारण यहां वाम एकता की बात करने से ध्रुवीकरण होने का खतरा है। इसलिए वाम एकता की बात करना या समाजवादी मोर्चा की बात करना ही गलत है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन नहीं, सत्ता के लिए आवश्यक बहुमत पहुंचाने के लिए किया गया समीकरण है। ओली ने कहा कि पार्टी का नाम रख लेने मात्र से कोई कम्युनिस्ट नहीं हो जाता है। दो तिहाई बहुमत की सरकार को गिराने के लिए धुर विरोधी दक्षिणपंथी शक्तियों के साथ हाथ मिलाने वाले को कम्युनिस्ट नहीं कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### परोपकार का जीवंत स्वरूप, मानव एकता दिवस : सुदीक्षा

हरिद्वार। निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है, इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके। परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है। उक्त उद्गार माता सुदीक्षा महाराज ने मानव एकता दिवस के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जनसमूह से माता सुदीक्षा ने कहा कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। रक्तदान, मानव जीवन को बचाने के लिए की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है, जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50,000 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। हरिद्वार में शाहपुर शीतला खेड़ा ब्रांच में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक भाव से 204 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर मिशन के भक्तों और युवा सेवादारों के लिए निःसंदेह प्रेरणा का स्रोत रहा। गौरतलब है कि मानव एकता दिवस बाबा गुरबचन सिंह की मानवता के प्रति की गयी उनकी सेवाओं को समर्पित है, जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है।

### कमरे बुक करने के नाम पर यात्री से ठगे छह हजार

हरिद्वार। चारधाम यात्रा सीजन शुरू होते ही श्रद्धालु, पर्यटकों से धोखाधड़ी की खबरें भी आने लगी हैं। हरिद्वार के रामघाट स्थित जयपुरिया भवन में कमरे बुक करने के नाम पर किसी ने गुड़गांव के यात्री से छह हजार रुपये ठग लिए। यात्री जब हरिद्वार पहुंचा तब उसे ठगी का पता चला। पीड़ित मानसी कपूर निवासी गुड़गांव ने बताया कि उन्होंने गूगल पर नंबर देखकर हरिद्वार में 1500 रुपये के हिसाब से जयपुरिया में चार कमरे बुक कराए थे। इसके छह हजार रुपये उनसे आनलाइन जमा कराए गए थे, लेकिन जब वह हरिद्वार पहुंचे तो पता चला कि उनकी यहां कोई बुकिंग नहीं है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को संबंधित नंबर उपलब्ध कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि सीजन और यात्रा शुरू होते ही हरिद्वार में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ जाती हैं। होटल, हेलीकॉप्टर और यात्रा वाहनों की बुकिंग के नाम पर इस प्रकार की धोखाधड़ी की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं।

### मानसखंड एक्सप्रेस से पहली बार टनकपुर पहुंचे पर्यटकों का हुआ जोरदार स्वागत

टनकपुर (चंपावत) । मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन पुणे से उत्तराखंड के टनकपुर पहुंची। इस विशेष ट्रेन से 280 पर्यटक पहुंचे हैं, जो आने वाले दिनों में कुमाऊं क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। मानसखंड एक्सप्रेस सोमवार 22 अप्रैल को पुणे से चली थी। टनकपुर स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों का छोलिया नृत्य के साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटन विभाग के कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के सहयोग से उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के उन स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मानसखंड एक्सप्रेस (एक विशेष पर्यटक ट्रेन) शुरू की है, जिन स्थानों को लोग कम ही जानते हैं। पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग की ओर से निजी वाहनों का प्रबंध किया गया है। पर्यटक इस यात्रा के दौरान पूर्णागिरि मंदिर, चम्पावत के चाय बागान, मायावती आश्रम लोहाघाट, नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा, चौकोरी, हाट कालिका मंदिर, सूर्य मंदिर कटारमल, कैंची धाम, चितई गोलू देवता, जागेश्वर धाम, शारदा घाट, पाताल भुवनेश्वर मंदिर, नानकमत्ता गुरुद्वारा आदि विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। प्रथम चरण की यात्रा पर पहुंचे यात्रियों ने बताया कि उनका यह सफर बहुत सुखद रहा है। कुछ विश्राम के बाद आगे की यात्रा तय की जाएगी।

### नैनीताल के मूल निवासी अमेरिकी नागरिक ने बोलीविया की त्रिशूल जितनी ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

नैनीताल। मूल रूप से नैनीताल के निवासी और नगर के सुरेश मेहता और शांति मेहता के पुत्र अपूर्व मेहता ने दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में हुयाना पोटोसी नाम की चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उल्लेखनीय है कि अपूर्व वर्तमान में अमेरिका की नागरिकता ले चुके हैं, इसके बाद भी उन्होंने वहां भारतीय तिरंगा हराया। बताया गया है कि एंडीज पर्वत श्रृखला के लिये पहचाने जाने वाले बोलीविया की राजधानी ला पाज के पास स्थित हुयाना पोटोसी 6088 मीटर ऊंची है, इसकी ऊंचाई उत्तराखंड के कुमाऊं हिमालय में स्थित त्रिशूल श्रृंखला की तीसरी 6,007 मीटर ऊंची चोटी के समतुल्य है। लेकिन बर्फ से ढकी हुयाना पोटोसी अल्पाइन इलाके के साथ चढ़ाई की कठित चुनौतियां पेश करती है। इसकी शिखर तक पहुंचने के लिये अंतिम हिस्से में चाकू की धार वाली पहाड़ी को पार करना होता है लिहाजा इसके शिखर तक सुरक्षित पहुंचने के लिए काफी सावधानी, संतुलन और सटीकता की आवश्यकता होती है।यात्रा के लिए पर्वतारोहण के तकनीकी कौशल, उचित अनुकूलन और अनुभवी स्थानीय गाइडों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

### पहाड़ी से फिसल कर नदी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

चम्पावत। चल्थी क्षेत्र के गांव दुधौरी में एक व्यक्ति पहाड़ी से गिर कर लधिया नदी में गिर गया और नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक बुड़म का रहने वाला था और वह अपने रिश्तेदार के घर शादी में गया था। इस घटना से परिवार और गांव में कोहराम मच गया। बुड़म से अपने रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने के लिए अर्जुन सिंह (40) पुत्र पान सिंह दुधौरी गांव गया था। ग्राम प्रधान दीवान सिंह ने बताया कि 24 अप्रैल को वापस अपने गांव बुड़म जाते वक्त अर्जुन का पहाड़ी से पांव फिसल गया और वह नीचे लधिया नदी में गिर गया। मौके पर ही अर्जुन की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अर्जुन सिंह के चार बच्चे हैं। चल्थी पुलिस चौकी के प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चम्पावत भेज दिया है।

# पर्यटन सीजन के लिए डीएम ने की बैठक, व्यवस्थाओं में सुधार के दिये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट के सभागार में पर्यटन सीजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में हित धारकों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से पार्किंग, जाम की समस्या, निजी वाहनों के टैक्सी के रूप में प्रयोग पर प्रतिबंध, मार्गों पर अतिक्रमण और सड़कों में अवैध तरीके से भंडार की गयी रेता-बजरी से हटाने आदि को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि नगर में सीजन के दौरान रहने वाली जाम की समस्या के निदान के लिए आईटीआई पाइंस, रूसी बाइपास, नारायण नगर और विभिन्न स्थानों पर निजी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। बताया कि सीजन के दौरान होटलों में रजिस्ट्रेशन कराये बिना



वाहनों से आने वाले सैलानी रूसी बाइपास और नारायण से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल आएंगे। साथ ही मॉल रोड और जू-मार्ग में जाम की समस्या न हो इसके लिए जिला अधिकारी ने पुलिस प्रशासन से जू शटल सेवा के लिए 4 से अधिक वाहन खड़े नहीं करने, मॉल रोड पर दुकानों के आस-पास आढ़े-तिरछे वाहनों के चालान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मॉल रोड और आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने के कार्य में प्रगति लाने को कहा। उन्होंने बताया कि कैंची धाम, भवाली, भीमताल आदि मार्गों पर जाम की समस्या होने पर बाहरी वाहनों को सेनिटोरियम-नैनीबैंड बाइपास में पार्किंग व्यवस्था कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि नगर की 63 सड़कों, गलियों और अन्य मार्गों का चौड़ीकरण, उनमें पथ प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पार्किंग स्थलों में यात्रियों के बैठने, टैक्सी दरों के प्रर्दशन, पार्किंग स्थलों के आस-पास साइनेजों की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को मेट्रोपोल कूड़ा निस्तारण के लिए 10 दिन के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, एसडीएम प्रमोद कुमार, आरटीओ नंद किशोर सहित टैक्सी यूनियन, होटल एसोसिएशन और व्यापार मंडल आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


### पर्यटन सीजन के लिए डीएम ने की बैठक, व्यवस्थाओं में सुधार के दिये निर्देश

नैनीताल। जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट के सभागार में पर्यटन सीजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में हित धारकों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से पार्किंग, जाम की समस्या, निजी वाहनों के टैक्सी के रूप में प्रयोग पर प्रतिबंध, मार्गों पर अतिक्रमण और सड़कों में अवैध तरीके से भंडार की गयी रेता-बजरी से हटाने आदि को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि नगर में सीजन के दौरान रहने वाली जाम की समस्या के निदान के लिए आईटीआई पाइंस, रूसी बाइपास, नारायण नगर और विभिन्न स्थानों पर निजी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। बताया कि सीजन के दौरान होटलों में रजिस्ट्रेशन कराये बिना वाहनों से आने वाले सैलानी रूसी बाइपास और नारायण से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल आएंगे। साथ ही मॉल रोड और जू-मार्ग में जाम की समस्या न हो इसके लिए जिला अधिकारी ने पुलिस प्रशासन से जू शटल सेवा के लिए 4 से अधिक वाहन खड़े नहीं करने, मॉल रोड पर दुकानों के आस-पास आढ़े-तिरछे वाहनों के चालान कराने के निर्देश दिए।

# नाबालिग ने ऑनलाइन गेम के लिए पिता के खाते से उड़ाये पौने दो लाख रुपये

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक गेमिंग स्टोर में एक नाबालिग ने रोजाना दो से तीन हजार का गेम खेलकर पिता के पौने दो लाख रुपये गंवा दिए। इस मामले में पुलिस ने बालक, उसके पिता और उसे ऑनलाइन गेम खिलाने वाले मल्लीताल के व्यवसायी की काउंसिलिंग कर इस समस्या का समाधान करने की कोशिश की। तल्लीताल निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें से करीब पौने दो लाख रुपये कटे देख वह स्तब्ध रह गये। इस संबंध में जब उसने घरवालों से जानकारी ली तो किसी ने कुछ नहीं बताया। बेटे पर सख्ती दिखाने पर सामने आया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग



गई है। बीते जनवरी माह से वह वह रोजाना दो से तीन हजार खाते से निकालकर ऑनलाइन गेम खेलने मल्लीताल जाया करता था। यह बात पता चलने के बाद पिता तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह के साथ मल्लीताल कोतवाली पहुंचे। आरोप लगाया कि मल्लीताल में ऑन लाइन गेम खिलाने वाले व्यवसायी ने बच्चे की लत को बढ़ावा दिया और घरवालों की अनुमति के बिना रोजाना उसके गेम के रिचार्ज करवाये। इस बीच पुलिस ने संबंधित व्यवसायी को भी कोतवाली बुला लिया और बिना परिजनों की अनुमति के रोजाना हजारों का ऑनलाइन गेम खिलवाने पर पुलिस ने उसे कड़ी फटकार लगाई। व्यवसायी ने 46 हजार रुपये का रिचार्ज कराने और 8500 रुपये जीएसटी वसूलने की बात स्वीकारी। जबकि बच्चे के पिता ने व्यवसायी पर बच्चे को सवा दो लाख रुपये का ऑनलाइन गेम खिलवाने का आरोप लगाया। साह का कहना था कि जिस तरह बच्चों को सिगरेट, तंबाकू आदि नहीं दिये जाते, उसी तरह ऑनलाइन गेम के रिचार्ज भी बिना माता-पिता की अनुमति के नहीं दिये जाने चाहिए। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि किशोर के परिजनों ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं चाही।

# दो बच्चों के पिता पर चढ़ा इश्क, साली संग हुआ फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। दो बच्चों के पिता पर इश्क का ऐसा बुखार चढ़ा कि वह अपनी ही साली को लेकर फरार हो गया। जीजा संग फरार हुई साली की दो दिन पूर्व मंगनी हुई थी। पीड़ित पत्नी ने पुलिस से अपने पति को ढूंढने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव महतोली निवासी विपिन कुमार पुत्र सुलेखचंद अपनी साली को लेकर फरार हो गया है। विपिन की पत्नी ने सुल्तानपुर चौकी में पुलिस से गुहार लगाते हुए बताया कि उसका पति उसकी बहन को लेकर घर से फरार हो गया है। पीड़िता ने बताया कि मायके पुरनपुर (गढ़मीरपुर) में उसकी बहन की दो दिन पूर्व मंगनी हुई थी। मंगनी में वह और उसका पति दोनों गये थे। अगले दिन दोनों घर वापस आ गये।

महिला ने बताया कि उसका पति रात को खनन में ट्रैक्टर चलाता है, जो दिन सो जाता था, लेकिन ससुराल से आने के बाद वह रात में कम पर गया और सुबह नहा धोकर मोटरसाइकिल से निकल गया, जो शाम तक घर नहीं आया। चार बजे महिला के मायके से फोन आया कि उसकी बहन भी सुबह से घर पर नहीं है। शक होने पर पीड़ित महिला ने अपने पति को फोन लगाया तो पति का फोन बंद आया। महिला अपने ससुर के साथ सुल्तानपुर चौकी आई और सारी कहानी पुलिस को बताई। महिला ने बताया कि पहले भी उसका पति और बहन घर से फरार होकर जा चुके हैं, लेकिन वापस आ गये थे।

### निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर लटका मिला युवक का शव

नई दिल्ली। दिल्ली के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर एक युवक का शव संदिग्ध हालत में लटका मिला। शव लटका देखकर राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शव फ्लाईओवर की रेलिंग से लटका था। शव को नीचे उतारकर उसे संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। जांच में युवक की पहचान हरप्रीत (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को ही परिजनों की मौजूदगी में हरप्रीत के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार के हवाले कर दिया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक हरप्रीत परिवार के साथ उत्सव विहार, कराला में रहता था। पिछले कुछ दिनों से वह बेरोजगार था। उसे काम की तलाश थी। इसकी वजह से वह काफी परेशान रहता था। मंगलवार शाम को वह किसी काम से जाने की बात कर घर से निकला था। इस बीच बुधवार सुबह करीब 6.00 बजे राहगीरों ने उसका शव निर्माणाधीन अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) फ्लाईओवर पर हवा में झूलता हुआ देखा।

# समन मामले में केजरीवाल को ईडी के जवाब का प्रत्युतर देने की मिली मोहलत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की शिकायत पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर याचिका पर ईडी की ओर से दाखिल जवाब का प्रत्युत्तर देने के लिए समय दे दिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को करने का आदेश दिया।

आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से ईडी के जवाब का प्रत्युतर देने के लिए समय देने की मांग की गई जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने केजरीवाल को दो हफ्ते से अंदर प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया।



ईडी ने 30 मार्च को केजरीवाल की ओर से दाखिल याचिका पर अपना जवाब दाखिल किया था। केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले ईडी की शिकायत पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने केजरीवाल को समन जारी किया था। केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में इसके खिलाफ अर्जी दायर करते हुए अंतरिम राहत के तौर पर एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग भी की थी। सेशंस कोर्ट ने अपनी ओर से केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी में छूट से इनकार करते हुए इसके लिए एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में ही अर्जी दाखिल करने को कहा था। हालांकि, एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रही कार्यवाही के खिलाफ केजरीवाल की याचिका को सेशंस कोर्ट ने लंबित रखा था, जो आज सुनवाई के लिए लिस्ट हुई थी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया था। इसी आदेश को केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी थी। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ दो शिकायतें की थी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063